* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

14 दिसंबर, 2023
मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, द्वितीया
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
गुरुवार, वर्ष 09, अंक 54


# आजाद सिपाही

कलम कलम बढ़ाये जा

फ्रीडम ऑफ स्पीच की सीमा तय, भड़काऊ बातों को तुरंत खत्म करें: बॉम्बे हाइकोर्ट








# दर्शक दीर्घा से दो लोग सदन में कूदे

- पीला धुआं छोड़ा, बेंच पर उछल-कूद की
- सदन के बाहर भी दो लोगों ने किया प्रदर्शन
- चारों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, जांच जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** संसद पर हमले की बुधवार को 22वीं बरसी थी। पुराने संसद भवन पर 13 दिसंबर 2001 को आतंकियों ने हमला किया था। इसमें दिल्ली पुलिस के पांच जवान समेत नौ लोगों की मौत हुई थी। इस दिन ही एक बार फिर वहां सुरक्षा में बड़ी चूक का मामला सामने आया है। लोकसभा की कार्यवाही के दौरान बुधवार को दर्शक दीर्घा से दो लोग नीचे सदन में कूद गये। सांसदों ने दोनों को घेर लिया। लोकसभा की सुरक्षा में लगे मार्शल भी तुरंत दौड़ कर आये और दोनों को पकड़ लिया। इससे कुछ देर पहले दो लोग संसद के बाहर प्रदर्शन करते दिखे। इनमें से एक महिला भी थी। इनके हाथ में कलर गैस था। दोनों ने बाहर इसका छिड़काव किया। दोनों को सुरक्षाकर्मियों ने हिरासत में ले लिया। चारों एक-दूसरे को जानते थे।

## संसद हमले की 22वीं बरसी के दिन फिर सुरक्षा में भारी चूक



## आसन की ओर बढ़ने की कर रहे थे कोशिश

घटना बुधवार दोपहर एक बज कर एक मिनट पर हुई। लोकसभा में पीठासीन अधिकारी राजेंद्र अग्रवाल शून्य काल की कार्यवाही को संचालित कर रहे थे। मालदा उत्तर से भाजपा सांसद खगेन मुर्मू अपनी बात रख रहे थे। तभी दो लोग दर्शक दीर्घा से नीचे कूद गये। नीले रंग की जैकेट पहना एक युवक सांसदों की सीट पर कूदने लगा। वह लगभग तीन कतार लांघ कर आसन की तरफ जाने लगा। अफरा-तफरी के माहौल के बीच कुछ सांसदों ने हिम्मत दिखा कर उसे घेर लिया। मार्शल भी दौड़ कर आ गये। तभी उस युवक ने जूते के अंदर से कुछ पदार्थ निकाला। इसके बाद वहां पीले रंग का धुआं उठने लगा। बाद में सांसदों और मार्शलों ने मिल कर दोनों को पकड़ लिया। पूरे सदन में अफरा-तफरी का माहौल था। इसके बाद पीठासीन अधिकारी ने कार्यवाही स्थगित कर दी।

### सांसद के मेहमान के तौर पर आया था

दर्शक दीर्घा में कूदे दो लोगों में से एक के बारे में मैसूर के भाजपा सांसद प्रताप सिम्हा के मेहमान के तौर पर संसद पहुंचने की बात सामने आ रही है। उसका नाम सागर बताया जा रहा है। बसपा सांसद मलूक नागर ने बताया कि उनकी सीट के बगल में ही अचानक एक युवक दर्शक दीर्घा से कूद गया। इसके तुरंत बाद दूसरा युवक भी वहीं कूदा। जब सांसदों ने एक युवक को घेर लिया, तो उसने जूते से कोई चीज निकाली, जिससे धुंआ उठने लगा। दोनों युवक 'तानाशाही नहीं चलेगी' नारा लगा रहे थे।

### हाथ में कुछ था, जिससे आवाज आ रही थी

पीठासीन अधिकारी राजेंद्र अग्रवाल ने बाद में मीडिया को बताया कि एक व्यक्ति गैलरी से कूदा, तो लगा कि शायद वह नीचे गिर गया है। तभी दूसरे व्यक्ति को दर्शक दीर्घा से कूदते देखा। इनमें से एक के हाथ में कुछ था, जिससे पीले रंग का धुआं निकल रहा था, जबकि दूसरे के हाथ में कुछ था, जिससे पिट-पिट की आवाज आ रही थी। वे कुछ नुकसान नहीं कर पाये, उन्हें तुरंत काबू में कर लिया गया। हालांकि, उनका दर्शक दीर्घा से कूदना गंभीर विषय है। यह संसद की सुरक्षा में बड़ी चूक है। जांच होगी और कार्रवाई होगी।

### संसद भवन के बाहर भी दो लोगों ने किया प्रदर्शन

बताया जा रहा है कि सदन के बाहर भी दो लोगों ने प्रदर्शन किया। इनमें एक महिला और पुरुष थे। उन्होंने पीले रंग का धुआं छोड़ा। इनका नाम अमोल और नीलम है। इनके पास से कोई फोन या बैग बरामद नहीं हुआ। बाहर से गिरफ्तार हुए दोनों लोगों का दावा है कि खुद से संसद पहुंचे और उनका किसी संगठन से ताल्लुक नहीं है। नीलम ने नारेबाजी की। कहा कि 'तानाशाही नहीं चलेगी। संविधान बचाओ। मणिपुर को इंसाफ दिलाओ। महिलाओं पर अत्याचार नहीं चलेगा। भारत माता की जय। जय भीम, जय भारत।'

## स्पीकर ने सुरक्षा को लेकर आश्वस्त किया

सदन में हंगामे के कारण स्थगित हुई लोकसभा की कार्यवाही दोपहर करीब दो बज कर तीन मिनट पर दोबारा शुरू हुई। स्पीकर ओम बिरला ने सांसदों को सुरक्षा के प्रति गंभीर होने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा एजेंसियां और पुलिस गहन पड़ताल कर रही हैं। यह मामला गंभीर है, लेकिन फिलहाल सांसदों की सुरक्षा को लेकर चिंता की कोई बात नहीं है। उन्होंने कहा कि हम सबकी चिंता थी कि वह धुआं क्या था, प्राथमिक जांच में वह साधारण धुआं है। उन्होंने सर्वदलीय बैठक भी बुलायी है। संसद में सुरक्षा चूक को लेकर केंद्र और विपक्षी पार्टियों से बातचीत करेंगे। स्पीकर ने कहा कि सांसदों के सुझावों पर अमल भी किया जायेगा। जरूरत पड़ने पर सांसदों के अनुमोदन पर दर्शक दीर्घा के लिए पास बनाने के नियम और शर्तों की समीक्षा भी की जायेगी। जांच में जो भी तथ्य सामने आयेंगे, इसे सबके साथ साझा किया जायेगा।

### पन्नू के वीडियो की चर्चा तेज

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू के वीडियो की चर्चा एक बार फिर शुरू हो गयी है। उसने संसद पर हमले की धमकी दी थी। इसके बाद से ही दिल्ली पुलिस अलर्ट पर थी। अमेरिका में रहनेवाले पन्नू ने वीडियो जारी करके कहा था कि हम संसद पर हमले की बरसी वाले दिन यानी 13 दिसंबर या इससे पहले संसद की नींव हिला देंगे। पन्नू ने संसद पर हमले के दोषी अफजल गुरु के साथ एक पोस्टर जारी किया था।

## न्यूज रील्स

### संसद हमले के 22 साल, उपराष्ट्रपति-स्पीकर ने दी श्रद्धांजलि

नयी दिल्ली। संसद पर हुए आतंकी हमले को बुधवार को 22 साल हो गये हैं। संसद के शीतकालीन सत्र के की कार्यवाही शुरू होने से पहले उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, लोकसभा स्पीकर ओम बिरला, भाजपा सांसद जेपी नड्डा, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और सांसद सोनिया गांधी समेत कई नेताओं ने हमले में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद उन्होंने शहीदों के परिवार से मुलाकात की।

### बर्द्धमान रेलवे स्टेशन पर पानी की टंकी गिरी, दो की मौत

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के बर्द्धमान रेलवे स्टेशन पर बुधवार को पानी की टंकी प्लेटफॉर्म पर गिर गयी। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गयी। 15 से ज्यादा लोग घायल हो गये। इनमें तीन की हालत गंभीर है।

### महादेव बेटिंग ऐप का मालिक यूएइ में गिरफ्तार

रायपुर। महादेव ऑनलाइन बेटिंग ऐप के सह संस्थापक रवि उप्पल को संयुक्त अरब अमीरात (यूएइ) में गिरफ्तार कर लिया गया है। रवि भारत में वांटेड है। भारतीय एजेंसियां यूएइ के अधिकारियों के संपर्क में हैं। रवि को जल्द ही भारत लाया जा सकता है।

# कांग्रेस सांसद धीरज साहू के ठिकानों की खुदाई की तैयारी

जमीन में खजाना छिपा होने का शक

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/ भुवनेश्वर।** कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के रांची स्थित आवास पर आयकर की जांच आठवें दिन भी जारी है। टीम को उनके रांची और लोहरदगा स्थित आवास की जमीन में खजाना छिपा होने का शक है। ऐसे में टीम वहां खुदाई कर सकती है। अब तक हुई जांच में आयकर टीम को 354 करोड़ नकदी के अलावा आभूषण, निवेश के कागजात आदि मिले हैं।

**जियो सर्विलांस सिस्टम मशीन से तलाश जारी :** आइटी टीम जियो सर्विलांस सिस्टम मशीन लेकर जमीन के अंदर छिपे आभूषण और दूसरे सामानों की तलाश कर रही है। आयकर विभाग के सूत्रों की मानें तो इतना पैसा मिलने के बाद उन्हें उम्मीद है कि जमीन के अंदर भी छिपा खजाना मिलेगा। धीरज साहू के लोहरदगा स्थित आवास में तीन गाड़ियों में 12 आयकर अधिकारी बुधवार को दोबारा पहुंचे हैं और तलाशी अभियान शुरू कर दिया है।

**अब इडी जांच की चल रही तैयारी:** छापेमारी के बीच धीरज साहू के ठिकानों से मिले दस्तावेजों और जेवरों का असेसमेंट भी किया जा रहा है। वहीं इस मामले की जांच अब प्रवर्तन निदेशालय (इडी) कर सकती है। इसकी तैयारी चल रही है।



### रांची में हुई तलाशी

रांची के रेडियम रोड स्थित आवास सुशीला निकेतन में मंगलवार को अधिकारियों ने एक मशीन मंगवायी। इसके बाद कैंपस में लगी लाइट्स को बंद करा कर मशीन से आवास के अंदर, बाहर, बगीचा, पार्किंग एरिया और सीवरेज पाइप की जांच की। बताया जा रहा है कि आयकर के अधिकारियों को कैंपस में जमीन के भीतर ज्वेलरी और दूसरी कीमती चीजें होने का शक है।

## विष्णुदेव साय और मोहन यादव ने ली सीएम पद की शपथ

**रायपुर/ भोपाल (आजाद सिपाही)।** छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में नये मुख्यमंत्री ने बुधवार को शपथ ली। उनके साथ दोनों जगहों पर डिप्टी सीएम ने भी शपथ ली। विष्णुदेव साय छत्तीसगढ़ के चौथे मुख्यमंत्री बने। रायपुर में उन्होंने हिंदी में सीएम पद की शपथ ली। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने उन्हें शपथ दिलायी। उनके बाद अरुण साव और विजय शर्मा ने उप मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। वहीं, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भी बुधवार को पद और गोपनीयता की शपथ ली। उन्होंने मध्यप्रदेश के 19वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। भोपाल के मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में शपथ ग्रहण समारोह सिर्फ 10 मिनट का रहा। जगदीश देवड़ा और राजेंद्र शुक्ल ने डिप्टी सीएम के रूप में शपथ ग्रहण की। राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने सभी को शपथ दिलायी। इन समारोह में पीएम नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के अल्वा पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद थे।


# मोहित पांडे बने राम मंदिर के पुजारी

प्रशिक्षण के बाद अयोध्या में करेंगे भगवान राम की सेवा

आजाद सिपाही संवाददाता



**अयोध्या।** अयोध्या में भव्य राम मंदिर के गर्भ गृह की प्राण-प्रतिष्ठा और मंदिर का अभिषेक 22 जनवरी को होगा। वहीं 24 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मंदिर का उद्घाटन किया जायेगा। मंदिर का कार्य और तैयारी जोरों पर है। लगभग 90 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। इस बीच राम मंदिर में होनेवाली पूजा के लिए पुजारी का चयन भी हो चुका है। खबरों के अनुसार, राम मंदिर में रामलला की पूजा के लिए पुजारी या पुरोहित मोहित पांडे का नाम सामने आ रहा है। मोहित पांडे उत्तरप्रदेश के गाजियाबाद से हैं। रामलला की पूजा के लिए नियुक्त किये जाने वाले पुजारियों के लिए कुछ मापदंड निर्धारित किये गये हैं। पंडित का वेद, शास्त्र और संस्कृत आदि में विशेषज्ञता भी होनी जरूरी है। इन सभी मापदंडों में मोहित पांडे उत्तीर्ण हुए हैं। राम मंदिर के लिए पुजारियों के चयन के लिए आवेदन मांगे गये थे। चयन प्रक्रिया के तय मापदंडों को पूरा करने वाले 50 पुजारियों में मोहित पांडे का भी नाम शामिल है। मोहित पांडे वर्तमान में तिरुपति में तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम द्वारा संचालित श्री वेंकटेश्वर वैदिक विश्वविद्यालय में एमए (आचार्य) पाठ्यक्रम कर रहे हैं।



## जामताड़ा में 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम आयोजित

# अब हमारी बेटियां पढ़ाई नहीं छोड़ेंगी: हेमंत सोरेन

634 करोड़ 30 लाख 34 हजार रुपये की दी सौगात

26126 लाभुकों के बीच 18211.5 लाख रुपये की परिसंपत्ति बांटी

आजाद सिपाही संवाददाता

**जामताड़ा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि गांव-गांव, पंचायत-पंचायत में शिविर लग रहा है। इन शिविरों में पदाधिकारी मौजूद रह कर जरूरतमंदों को योजनाओं का लाभ दे रहे हैं। इससे पूर्व 2021 और 2022 में आयोजित शिविर के दौरान भी लाखों आवेदन हमें प्राप्त हुए। इन आवेदनों की जरूरतों के मद्देनजर कार्य योजना तैयार की गयी। राज्य को मजबूत करना है तो गांव को मजबूत करना होगा। आदिवासी, दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक जीवन भर संघर्ष करते हैं और यही वजह है कि एकीकृत बिहार में यहां के आदिवासी-मूलवासी सहित सभी वर्ग समुदाय की स्थिति को देखते हुए आदरणीय दिशोम गुरु शिबू सोरेन के नेतृत्व में अलग झारखंड राज्य की लंबी लड़ाई लड़ी गयी। हम सभी को अलग झारखंड राज्य मिला। मुख्यमंत्री बुधवार को जामताड़ा के नाला प्रखंड के नूतनडीह में आयोजित 'आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम में बोल रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा, अब हमारी बेटियां पढ़ाई नहीं छोड़ेंगी। अब हमारी आने वाली पीढ़ी इतनी सशक्त होगी जो किसी के आगे हाथ नहीं फैलायेगी। हमारे पूर्वज पढ़े-लिखे नहीं थे। इसी वजह से हम लोग ठगे गये। लेकिन हमारी आने वाली पीढ़ी पढ़ेगी और आगे बढ़ेगी। वर्तमान सरकार यहां के गरीब, दलित, पिछड़े, किसानों के बच्चों को विदेश में निःशुल्क शिक्षा प्रदान कर रही है। आप लोग अपने अंदर हुनर को विकसित करें। आपकी सरकार आपको विदेश में भी उच्च शिक्षा प्रदान करने का कार्य करेगी।



### पुल और 720 किमी सड़क का होगा निर्माण

मुख्यमंत्री ने बताया कि जामताड़ा जिला में 500 किमी ग्रामीण सड़क की स्वीकृति दी गयी है। साथ ही पथ निर्माण विभाग के तहत उच्च स्तरीय 220 किमी सड़क की स्वीकृति दी है। सरकार ने फिर से बीरबिंदिया पुल के निर्माण की भी स्वीकृति दी है। इस अवसर पर नाला विधायक-सह-विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो, मंत्री सत्यानंद भोक्ता व बादल पत्रलेख, विधायक इरफान अंसारी, पूर्व सांसद फुरकान अंसारी समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

### स्थानीय नियुक्ति में आ रहे हैं आगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि नियुक्ति की योजना तैयार है। कुछ लोग नियुक्ति में व्यवधान डालने में लगे हैं। सरकार ने परीक्षा के लिए भरे जाने वाले आवेदन शुल्क भी खत्म कर दिया है। इसकी चिंता युवाओं को नहीं करनी है। पहली बार जेपीएससी की दो-दो परीक्षा हम लोगों ने सफलतापूर्वक ली और इसमें सफल लोग पदस्थापित भी हो गये हैं। आज 90 प्रतिशत से अधिक स्थानीय लोग इसमें सफल हो रहे हैं और पूर्व में इसके विपरीत अन्य राज्यों के लोग परीक्षा में शामिल हो सफलता प्राप्त करते थे।

### रोटी, कपड़ा और मकान देना प्राथमिकता

मुख्यमंत्री ने कहा कि रोटी, कपड़ा और मकान हर किसी की जरूरत है। राज्य सरकार ने राशन कार्डधारियों को अब अनाज के साथ एक किलो दाल भी देने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने हमारे आठ लाख पात्र परिवारों को आवास उपलब्ध कराने में असमर्थता दिखायी। अब राज्य सरकार ने निर्णय लेते हुए अबुआ आवास योजना शुरू की है, जिससे सभी को घर मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की धोती-साड़ी योजना, पेंशन योजना, बच्चों को साइकिल खरीदने के लिए राशि, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना आदि से लोगों को अवगत कराया और योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। उन्होंने शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में उठाये जाने वाले कदम से अवगत कराया। भविष्य में 5000 उत्कृष्ट विद्यालय खोलने की योजना बतायी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 57,700 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 73,000 रु./प्रति किलो |



# खुद को बदलने का हौसला ही है भाजपा की सबसे बड़ी ताकत

## ■ तीन राज्यों में नये चेहरों को सीएम बना कर पार्टी ने फिर दिखायी यह ताकत

## ■ घिसे-पिटे और पुराने तौर-तरीकों पर चलने के कारण ही पिछड़ती है कांग्रेस

## ■ दोनों प्रमुख पार्टियों में यही फर्क चुनावी परिणाम को अक्सर प्रभावित करता है

**आजाद सिपाही विशेष**

**हिंदी पट्टी के तीन राज्यों में भाजपा ने जिन चेहरों को मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी है, उनमें से किसी के बारे में न किसी ने पहले कभी सोचा था और न ही राजनीतिक पंडितों ने इसकी कल्पना ही की थी। राजस्थान में भजनलाल शर्मा, मध्यप्रदेश में डॉ मोहन यादव और छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय को कमान सौंप कर भाजपा ने सभी को चौंकाया तो है ही, साथ ही अपनी वह ताकत भी दिखायी है, जिसे खुद को बदलने का हौसला कहते हैं। भाजपा इतनी तेजी से और इतने असरदार तरीके से खुद को बदलती है कि उसके बारे में पहले से सोच पाना भी लगभग असंभव होता है। भाजपा की यही ताकत उसे देश की दूसरी प्रमुख पार्टी कांग्रेस से अलग और आगे रखती है। एक तरफ भाजपा जहां प्रयोग करने से पीछे नहीं हटती है, वहीं कांग्रेस आज भी पुराने तौर-तरीकों और घिसी-पिटी राजनीति करती नजर आती है। 2014 में सत्ता में आने के बाद से भाजपा ने जिस तरह नये प्रदेश स्तरीय नेताओं को तैयार किया है, उससे साफ हो जाता है कि पार्टी नये चेहरों को मौका देने से कभी नहीं चूकती है। चाहे योगी आदित्यनाथ हों या हिमंत बिस्व सरमा, पुष्कर सिंह धामी हों या फिर भूपेंद्र भाई पटेल, विष्णुदेव साय हों या भजनलाल शर्मा, सभी के सभी भाजपा के नये प्रदेश स्तरीय नेता हैं। इसके मुकाबले कांग्रेस के पास सुखविंदर सुक्खू और रेवंत रेड्डी के अलावा कोई तीसरा चेहरा नहीं है या दूसरे शब्दों में कहें, तो पार्टी किसी नये चेहरे को मौका ही नहीं देना चाहती है। खुद को बदलने की यही ताकत भाजपा और कांग्रेस के बीच सबसे बड़ा अंतर है और शायद कांग्रेस के लगातार पिछड़ने का कारण भी। अब जबकि 2024 का आम चुनाव कुछ ही महीने दूर है, यह अंतर कितना असरकारक है और इसका चुनाव परिणाम पर क्या प्रभाव हो सकता है, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

आज से करीब साढ़े नौ साल पहले, जब नरेंद्र मोदी पहली बार दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के प्रधानमंत्री पद की शपथ ले रहे थे, तो उसे भारतीय इतिहास के बदलाव की शुरुआत कहा गया था। लेकिन किसी को उस समय यह पता नहीं था कि यह कौन सा बदलाव है और इसका भारतीय समाज पर क्या असर पड़नेवाला है। आज साढ़ नौ साल बाद पीछे मुड़ कर देश की राजनीतिक घटनाओं पर नजर दौड़ाने से साफ हो जाता है कि वह किस बदलाव की बात थी। दरअसल बदलाव की वह बात राजनीतिक और सामाजिक बदलाव की थी, जिसने भाजपा को लगभग अजेय बना दिया है। राजनीति के तौर-तरीकों को बदलने और उसे आक्रामक बनाने में भाजपा आज भी अपनी प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस से मीलों आगे है।

इसका ताजा उदाहरण राज्यों में मुख्यमंत्री का चयन है। अभी हिंदी पट्टी के तीन राज्यों, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के चुनाव परिणामों में तो भाजपा ने चौंकाया ही। साथ ही उसने इन तीनों राज्यों में मुख्यमंत्री चेहरों का ऐलान करके भी चौंका दिया है। शिवराज सिंह चौहान, डॉ रमन सिंह और वसुंधरा राजे सिंधिया जैसे दिग्गजों की मौजूदगी के बावजूद पार्टी द्वारा नये चेहरों पर भरोसा किया गया। इसमें भी राजस्थान में तो पहली बार जीतने वाले विधायक की ताजपोशी कर दी गयी। यह तो हो गयी भाजपा की बात। अब अगर कांग्रेस का रुख करें, तो वहां पर अभी भी पुरानी कहानी दोहरायी जाती नजर आती है। चुनाव परिणामों के करीब दस दिन के बाद संभवतः कांग्रेस सोच रही होगी कि अगर उसने पहले ही कमलनाथ, गहलोत और बघेल की जगह नये चेहरों को आगे किया होता, तो क्या परिणाम अलग होता।

### भाजपा ने ऐसे की ओवरहॉलिंग

अगर भाजपा की बात करें, तो कुछ साल पहले भाजपा भी इसी तरह के हालात से गुजर रही थी। शिवराज सिंह चौहान पहली बार 2005 में सीएम बने थे। डॉ रमन सिंह तीन बार मुख्यमंत्री रह चुके थे और वसुंधरा राजे सिंधिया भी दो बार इस ओहदे पर रह चुकी थीं। खुद नरेंद्र मोदी भी 2001 से 2014 तक गुजरात के मुख्यमंत्री रहे थे। लेकिन 2014 के बाद मध्यप्रदेश को छोड़ कर भाजपा ने प्रदेश राजनीति में नये चेहरों को मौका देना शुरू कर दिया। इसके लिए कद्दावर नामों की भी परवाह नहीं की गयी। हिमाचल प्रदेश में प्रेम कुमार धूमल को हटा कर जयराम ठाकुर को लाया गया। उत्तराखंड में त्रिवेंद्र सिंह रावत, तीरथ सिंह रावत और अंततः पुष्कर सिंह धामी सीएम बने। यहां पर बीसी खंडूरी, भगत सिंह कोश्यारी और रमेश पोखरियाल निशंक जैसे दिग्गज दरकिनार कर दिये गये। इसी तरह गोवा में लक्ष्मीकांत पारसेकर, झारखंड में रघुबर दास और यूपी में योगी आदित्यनाथ भी सरप्राइज सीएम रहे।







### पुराने चेहरों के भरोसे कब तक

कहते हैं कि बात निकलेगी, तो दूर तलक जायेगी। तीन राज्यों में करारी हार से अगर कांग्रेस कुछ सीख लेना चाहती है, तो इस बात का मर्म समझना होगा। उसे भाजपा की उस ताकत को समझना होगा, जिसके तहत भाजपा नये प्रयोग करने में पीछे नहीं हटती है और न खुद को बदलने से डरती है। कांग्रेस के पास आज भी यह ताकत नहीं है। असल में अब भी तमाम राज्यों में कांग्रेस पुराने चेहरों के ही भरोसे चल रही है। इनमें हरियाणा में भूपिंदर सिंह हुड्डा और उत्तराखंड में हरीश रावत जैसे नाम शामिल हैं। कर्नाटक में भले ही पार्टी ने जीत हासिल कर ली हो, लेकिन यहां भी उसके पास सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार ही विकल्प थे। हरियाणा में तो अगले साल चुनाव भी होनेवाले हैं। अगर कांग्रेस को आनेवाले समय में राजनीति में कुछ अलग करना है, तो उसे नेतृत्व परिवर्तन पर ध्यान देना होगा।

### हिमाचल-तेलंगाना से कब सीखेगी

यह भी दिलचस्प है कि कांग्रेस के सामने हिमाचल और तेलंगाना का उदाहरण होने के बावजूद वह इनसे सबक नहीं ले सकी। हिमाचल में नये चेहरे सुखविंदर सुक्खू को मौका दिया था और वह चुनाव जीतने के बाद मुख्यमंत्री भी बने। इससे पहले यहां पर वीरभद्र सिंह 1983 में सीएम बनने के बाद 1985, 1993, 2004 और 2012 भी बने रहे। हालांकि पंजाब में भी पार्टी ने कैप्टन अमरिंदर सिंह को हटा कर चरणजीत सिंह चन्नी को मौका दिया था। लेकिन यहां पर इस फैसले को इस तरह से लागू किया गया कि यह बहुत प्रभावशाली नहीं साबित हो सका। चन्नी विधानसभा चुनाव तो हारे ही, अपना सियासी करियर भी दांव पर लगा बैठे।

### कांग्रेस में जवाबदेही तक नहीं

अब सवाल उठता है कि क्या कांग्रेस कुछ नये प्रयोग करेगी। क्या वह नयी लीडरशिप की खेप तैयार करेगी। इसका जवाब ना में ही है। कांग्रेस की राजनीति के जानकारों के मुताबिक भाजपा के पास प्रयोग करने की इच्छाशक्ति है। उसने नये चेहरों को जिम्मेदारी दी। हालांकि गोवा में पारसेकर, झारखंड में रघुवर दास, उत्तराखंड में त्रिवेंद्र और तीरथ नाकाम रहे, लेकिन कई नाम ऐसे भी रहे, जो बतौर नेता उभरे। हालांकि देखने वाली बात यह है कि इसके बाद भी भाजपा लगातार भरोसा दिखा रही है। वह पार्टी में एक बड़ा संदेश भेज रही है कि कोई भी नेता बड़ी जिम्मेदारी का सपना देख सकता है। दूसरी तरफ कांग्रेस में तो हार की जवाबदेही तक नहीं तय हो रही। कमलनाथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष थे। एक बार सीएम रह चुके थे। इसके बावजूद कोई जवाबदेही नहीं है। भाजपा में जहां डॉ रमन सिंह विधायक दल की बैठक में विष्णुदेव साय के नाम का, छत्तीसगढ़ में मोहन यादव का नाम शिवराज सिंह चौहान और राजस्थान में भजनलाल शर्मा का नाम वसुंधरा राजे लेती हैं, वहीं कांग्रेस में तो अशोक गहलोत के खिलाफ सचिन पायलट खुलेआम बगावत का झंडा बुलंद कर देते हैं। भाजपा और कांग्रेस का यही फर्क सबसे प्रमुख है।

अब जबकि 2024 का चुनाव कुछ ही महीने दूर है, कांग्रेस को समझना होगा कि वह प्रयोगों से दूर होकर सफल नहीं हो सकती है। एक तरफ भाजपा लगातार नये चेहरों को मौका देकर नेतृत्व की सेकेंड लाइन तैयार करती जा रही है, तो दूसरी तरफ कांग्रेस के पास फिलहाल ऐसी कोई रणनीति नजर नहीं आती है। भाजपा का सारा ताना बाना सत्तर साल या उससे ऊपर के नेताओं के चेहरों के इर्द-गिर्द बुना जाता है। युवा हाशिये पर नजर आते हैं। आम चुनाव से पहले तक यदि यही सब चलता रहा, तो फिर कांग्रेस का ईश्वर ही मालिक है।

---

**राजनीतिक हलचल**

# विष्णुदेव साय का झारखंड से है पुराना नाता

## जुड़ी हैं बचपन की कई सुनहरी यादें

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सिमडेगा।** झारखंड के पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ में कुनकुरी विधान सभा से निर्वाचित विधायक विष्णुदेव साय ने मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। विष्णुदेव साय का झारखंड से भी गहरा नाता रहा है। उनका मामा घर सिमडेगा के कुरडेग प्रखंड के सीमावर्ती गांव कुटमाकच्छार पतरापानी में है। वह यहां बचपन से अपने मामा घर में आते रहे हैं।

### विष्णुदेव का सीएम बनना साय समाज के लिए ऐतिहासिक पल

पारिवारिक रिश्तों के साथ-साथ उनका झारखंड से राजनीतिक संबंध भी रहा है। इधर उनके मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने की सूचना के बाद कुरडेग के कुटमाकच्छार पतरापाली स्थित उनके मामा विश्राम साय के परिवार समेत सभी साय समाज में खुशी का माहौल बना हुआ है।

विष्णुदेव साय के मामा विश्राम साय का कहना है कि विष्णुदेव साय उनका अपना भगिना है। कुनकुरी विधान सभा क्षेत्र से जीत की खुशी तो पहले से थी ही, परंतु छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री की शपथ की सूचना मिलते ही खुशी का कोई सीमा नहीं रही। उन्होंने यह भी कहा कि भगिना का मुख्यमंत्री बनना साय समाज के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है।



छत्तीसगढ़ में पहली बार किसी आदिवासी को मुख्यमंत्री बनाया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा आज साय समाज के साथ पूरे कुरडेग के लोगों में अपार खुशी है। उन्होंने कंवर समाज को आदिवासी का दर्जा दिलाने का श्रेय भी विष्णु देव साय को दिया।

उन्होंने बताया कि वह भगिना विष्णु देव साय के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए रायपुर जा रहे हैं। वह 13 दिसंबर को शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेंगे। इधर उनके घर में बहू विचित्रा साय बच्चों के साथ है। विचित्रा साय के पति कुछ दिन से बाहर हैं।

विश्राम साय के अनुसार, भगीना विष्णु देव साय दो वर्ष पूर्व पतरापाली भतीजा धीरेंद्र कुमार साय की शादी में सपरिवार पहुंचे थे। पूर्व मुखिया हरिशंकर साय ने भी विष्णु देव साय के मुख्यमंत्री बनने से खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि कंवर समाज के लिए विष्णु देव साय एक मिसाल हैं जो हरेक समाज के लिए विकास का कार्य करते हैं।

### दिखेगा सकारात्मक असर : विमला प्रधान

पूर्व मंत्री विमला प्रधान ने कहा कि छत्तीसगढ़ के नये मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के पक्ष में प्रचार-प्रसार के लिए जाया करती थी। वे भी इस्पात मंत्री रहते समय उनके चुनाव प्रचार-प्रसार के लिए सिमडेगा आये थे। उनके मुख्यमंत्री बनने से यहां के साथ-साथ झारखंड में सकारात्मक प्रभाव देखने को मिलेगा।

### साय के करीबी रहे हैं सुशील

छत्तीसगढ़ के नये मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जिले के भाजपा के नेता एवं सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव के भी काफी करीबी रहे हैं। इधर वार्ता के क्रम में सुशील श्रीवास्तव ने कहा कि झारखंड से छत्तीसगढ़ गढ़ का रोटी-बेटी का संबंध है। उनके मुख्यमंत्री बनने से झारखंड चुनाव में भी अच्छा प्रभाव देखने को मिलेगा।

---

# गिरिडीह पुलिस ने नौ साइबर अपराधियों को दबोचा

## 55 मोबाइल फोन सेट, 36 सिम कार्ड सहित कई सामान बरामद

**100 दिन में 97 गिरफ्तारी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गिरिडीह।** गिरिडीह में एक बार फिर साइबर अपराधियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए जिले के अलग-अलग थाना से पुलिस ने नौ शातिर साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद बीते 100 दिनों में गिरिडीह जिले में 100 साइबर अपराधियों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने 55 मोबाइल फोन, 36 सिमकार्ड, 01 एटीएम कार्ड, 2 पासबुक, 3 आईपैड, 1 लैपटॉप, तीन पावर बैंक और चार बाइक बरामद किये हैं।

**इनकी हुई गिरफ्तार, भेजे गये जेल :** गिरफ्तार साइबर अपराधियों में भेलवाघाटी थाना क्षेत्र के तिलकडीह का मनीष कुमार मंडल, बेंगाबाद थाना क्षेत्र का विकास मंडल, बेंगाबाद के सोनबाद का सागर तूरी, गांडेय थाना क्षेत्र के आहारडीह का मो मुस्ताक अंसारी, बेंगाबाद थाना क्षेत्र के गोपालपुर का सगीर अंसारी, गांडेय के अहारडीह का मो एजाज अंसारी, बेंगाबाद के लखनपुर का इनामुल हक, सयुम अंसारी और बुढ़ई थाना क्षेत्र के कुम्हरगढ़िया का रहने वाला अजरूदीन अंसारी शामिल है। इन सभी को जेल भेज दिया गया है।



### जिले से साइबर अपराध होगा खत्म

जिले के एसपी दीपक शर्मा ने बताया कि ये सभी साइबर अपराधी गर्भवती महिलाओं को मातृत्व राशि का लाभ दिलाने और गूगल पर फर्जी कुरियर सर्विस का एड बनाकर लोगों को ठगने का काम करते थे। इसके अलावे ये सभी साइबर अपराधी चोरी का मोबाइल फोन भी उपलब्ध कराते थे। इस बाबत गिरिडीह की एसपी दीपक कुमार शर्मा ने बताया कि इन साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी के बाद गिरिडीह में साइबर अपराध के खिलाफ पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। उन्होंने बताया कि गिरिडीह से साइबर अपराध को पूरी तरह से खत्म किया जायेगा।

### छापेमारी टीम में ये थे शामिल

छापामारी दल में साइबर डीएसपी संदीप सुमन समदर्शी, साइबर थाना प्रभारी अजय कुमार, पुअनि रोशन कुमार, पुअनि सरोज कुमार मंडल, सअनि संजय मुखियार, आरक्षी साकेत वर्मा, सौरभ कुमार, जितेंद्र नाथ महतो आदि शामिल थे।

### 100 दिनों में साइबर क्राइम से जुड़ा आंकड़ा

- गिरफ्तारी : 97
- मोबाइल जप्ती : 257
- सिम बरामद : 250
- एटीएम-पासबुक : 101
- चेकबुक : 06
- पेनकार्ड : 05
- आधार कार्ड : 06
- वाहन : 12
- आईपैड : 03
- लैपटॉप : 01
- नगदी : 11,59,170
- बंद सिम की संख्या : 143
- बंद कराये गये इएमआइ नंबर की संख्या : 365

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 22.8 °c | 10.2 °c |
| सूर्यास्त (आज) | : | 17.05 बजे |
| सूर्योदय (कल) | : | 06.21 बजे |



# पावर प्लांट का कीमती कोयला बेचा जा रहा खुले बाजार में

## पांच हजार रुपये प्रति टन है प्लांट का कोयला, कोल डिपो को आठ हजार में

**रेलवे रैक से काला पत्थर और कोयला का चूर प्लांट को आपूर्ति**

अजय शर्मा

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड में कोयला तस्करी का एक और तरीका कारोबारियों ने ईजाद कर लिया है। इस तरीके से जहां करोड़ों का नुकसान पावर प्लांट को हो रहा है, वहीं कारोबारी मालामाल हो रहे हैं। संरक्षण की बात करें तो सीसीएल के अधिकारियों की भूमिका इसमें सामने आयी है। बरकाकाना, पतरातू या दूसरी रेलवे साइडिंग से एनटीपीसी, एमपीएल मैथन, पंजाब पावर प्लांट, हरियाणा पावर प्लांट सहित देश के अन्य पावर प्लांट को कोयले की आपूर्ति की जाती है। पावर प्लांट को केंद्र सरकार पांच हजार रुपये प्रति टन बेचती है। यही कोयला हॉट कोक कंपनियों को आठ हजार रुपये प्रति टन बेचा जाता है। तीन हजार रुपये का बड़ा गैप होने के कारण तस्कर रेलवे के कुछ अधिकारियों और सीसीएल के कुछ अधिकारियों से मिल कर पावर प्लांट को भेजे जाने वाला कोयला खुले बाजार में बेच दे रहे हैं। रेलवे रैक में तीन नंबर का कोयला काला पत्थर और कहीं-कहीं चारकोल मिला कर भेजा जा रहा है। हर दिन 20 हजार टन कोयला रैक से भेजा जा रहा है। तस्करी से होनेवाले फायदे को सीसीएल के अधिकारी, तस्कर, रेलवे के कुछ अधिकारी आपस में बांट ले रहे हैं। कहीं-कहीं कुछ हिस्सा पुलिस को भी मिल रहा है। पावर प्लांट को भेजे जानेवाला कोयला को आसपास के इलाके की हॉट कोक कंपनियों और फर्जी कागजात के जरिये बनारस की मंडी भेजा जा रहा है। रेलवे के एक बड़े अधिकारी ने बताया कि तस्करी से रेलवे को कुछ लेना-देना नहीं है। रेलवे माल ले जाने के लिए भाड़ा वसूलती है। उसमें क्या जा रहा है, इससे रेलवे को कोई मतलब नहीं है।



## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | नौकरी में उच्चाधिकारियों से सहयोग से नये पद-अधिकार प्राप्त होगा, मगर आपको आसपास के लोगों से कष्ट बना रहेगा। |
| वृष | बनते कार्य में रूकावटे खड़ी होगी, जहाँ तक संभव हो इस समय ज्यादा पेंचीदा मामलों में हाथ न डालें । |
| मिथुन | व्यापार-व्यवसाय में उन्नति होगा, कामकाज अच्छा चलेगा, आमदनी बढ़ेगा। |
| कर्क | परिश्रम के बावजूद स्थिति मनमाफिक नहीं रहेगी, मानसिक चिंता रहेगी, भाई-बहनों अथवा मित्रों वर्ग से कष्ट होगा। |
| सिंह | अपने सोचे अनुसार काम कम होंगे, किसी न किसी समस्या से उलझना पड़ सकता है। |
| कन्या | आपको आकस्मिक धन लाभ होने की संभावना, रोजगार-व्यापार के कार्य तेजी से चलेगा और आपकी प्रगति होगी। |
| तुला | आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, आपका काम बनेगा। किसी काम से आपको पैसा मिलेगा। |
| वृश्चिक | संतान पक्ष के लिये खर्च होगा। यह खर्च उनकी प्रगति के लिये किया जाएगा, लेखन-पठन-पाठन में रूचि। |
| धनु | रोजी-रोजगार में सफलता, यशस्वी कार्य करने का अवसर मिलेगा, अभी तक जो कोई इच्छा अधूरी रही हो। |
| मकर | अपने क्षेत्र के प्रमुख व्यापारियों अधिकारियों एवं उच्चस्तरीय लोगों से आप सम्बन्ध बनाने की चेष्टा करें उनसे चल रहे समस्या का समाधान मिलेगा। |
| कुंभ | आवश्यक कामोंमें आपकी व्यवहार कुशलता सिद्धि और प्रसिद्धि देने वाली है। |
| मीन | आपने जिस पर भरोसा किया ऐसा व्यक्ति आपके विरोध में कार्य करेगा, लेकिन आपको किसी तरह का नुकसान नहीं होगा। |

# हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ आरोप पत्र लायेगी प्रदेश भाजपा

- राज्य सरकार की चार साल की नाकामियों को करेगी उजागर
- प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बनायी पांच लोगों की समिति
- पूर्व आइपीएस अधिकारी डॉ अरुण उरांव बनाये गये समिति के संयोजक

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रदेश भाजपा हर साल हेमंत सरकार की नाकामियों को उजागर करती आयी है। स्पष्ट आंकड़ों के साथ पार्टी ने राज्य सरकार की विफलताओं को उजागर किया है। हेमंत सरकार के चार वर्ष आगामी 28 दिसंबर को पूरे होंगे। इस दृष्टि से इस वर्ष भी पार्टी जनता की अदालत में हेमंत सरकार की चार वर्षों की नाकामियों, लूट, झूठ, भ्रष्टाचार को सटीक आंकड़ों के साथ लेकर आयेगी।

पार्टी प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने आरोप पत्र तैयार करने की दृष्टि से एक पांच सदस्यीय समिति का गठन किया है, जिसके संयोजक पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व आइपीएस अधिकारी डॉ अरुण उरांव बनाये गये हैं। समिति के सदस्य के रूप में शिवपूजन पाठक, योगेंद्र प्रताप सिंह, रविनाथ किशोर, सुनीता सिंह शामिल हैं।



**भाजपा विधायक दल की बैठक आज :** रांची। आगामी 15 दिसंबर से आहूत झारखंड विधानसभा सत्र के पूर्व भाजपा प्रदेश कार्यालय में 14 दिसंबर गुरुवार को शाम 7 बजे से विधायक दल की बैठक आयोजित है। प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में नेता विधायक दल एवं प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, मुख्य सचेतक बिरंची नारायण, सचेतक जेपी पटेल सहित पार्टी के विधायक शामिल होंगे। बैठक में राज्य के ज्वलंत मुद्दे, भ्रष्टाचार, ध्वस्त विधि व्यवस्था सहित हेमंत सरकार की नाकामियों पर सरकार को घेरने की रणनीति पर विस्तृत चर्चा होगी।

# आजसू पार्टी के अध्यक्ष बने सुदेश महतो

**चंद्रप्रकाश चौधरी वरीय उपाध्यक्ष, लंबोदर-सुनीता को महासचिव की कमान**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एक बार फिर से सुदेश कुमार महतो को आजसू पार्टी का केंद्रीय अध्यक्ष बनाया गया है। पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस में इसकी जानकारी दी। बताया कि राज्य के नवनिर्माण के लिए लिये गये नवसंकल्पों के तहत केंद्रीय पदाधिकारियों की घोषणा की गयी है। इसी वर्ष 29-30 सितंबर और 1 अक्टूबर को रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित आजसू पार्टी के केंद्रीय महाधिवेशन में फैसला लिया गया था कि केंद्रीय कमेटी और केंद्रीय पदाधिकारियों का चयन होगा। इसी आधार पर सुदेश महतो पुनः केंद्रीय अध्यक्ष चुने गये हैं। इसके अलावा सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी वरीय उपाध्यक्ष होंगे। उमाकांत रजक, अकील अख्तर सहित हसन अंसारी और सुप्रीति मुर्मू को उपाध्यक्ष चुना गया है। पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस मुख्य महासचिव होंगे। चंद्रप्रकाश चौधरी की पत्नी और रामगढ़ की विधायक सुनीता चौधरी, उनके भाई रोशनलाल चौधरी के साथ डॉ लंबोदर महतो, राजेंद्र मेहता, यशोदा देवी सहित करीब तीन दर्जन लोग महासचिव चुने गये हैं। संगठन सचिव के तौर पर एस अली और जयपाल सिंह को मौका दिया गया है।



**राज्य सरकार के कुशासन से दिलायेंगे मुक्ति : देवशरण**

देवशरण भगत के मुताबिक पार्टी के केंद्रीय पदाधिकारी केंद्रीय सदस्यों और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मिल कर इस राज्य को वर्तमान सरकार के कुशासन से जनता को स्वशासन की ओर ले जायेंगे। केंद्रीय पदाधिकारियों के चयन में राज्य की हर जाति, धर्म, क्षेत्र का प्रतिनिधित्व हो, यह सुनिश्चित किया गया है। जल्द ही केंद्रीय कमेटी की बैठक होगी, जिसमें सभी नये पदाधिकारी शपथ लेंगे और पार्टी के भावी कार्यक्रमों की घोषणा की जायेगी।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# छत्तीसगढ़ के सीएम से मिले सुशील श्रीवास्तव



आजाद सिपाही संवाददाता

**सिमडेगा।** केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के जिला सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने छत्तीसगढ़ के नये मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से रायपुर स्थित उनके आवास पर मिल कर बधाई दी। कहा कि छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री बनना झारखंड और सिमडेगा जिले के लिए लाभकारी होगा। झारखंड और छत्तीसगढ़ के बीच अच्छे संबंध स्थापित होंगे। सुशील श्रीवास्तव से मिलते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पुराने दिनों की याद की और कहा कि सिमडेगा और कुरडेग क्षेत्र में कई बार प्रचार के दौरान वहां के भाजपा कार्यकर्ताओं का प्यार और सम्मान मिला। जल्द ही वह सिमडेगा और कुरडेग आयेंगे। दोनों राज्यों के विकास के लिए नयी गाथा लिखेंगे।

# पूर्व विधायक सुखदेव भगत को हाइकोर्ट से अग्रिम जमानत

**रांची (आजाद सिपाही)। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक सुखदेव भगत ने रांची सिविल कोर्ट में सरेंडर किया। सुखदेव भगत ने एमपी-एमएलए की प्रभारी कोर्ट में सरेंडर किया। इसके बाद उन्हें हाइकोर्ट से अग्रिम जमानत मिली। हाइकोर्ट से अग्रिम जमानत मिलने के दौरान निचली अदालत में सरेंडर कर बेलबांड फर्निश करने का निर्देश दिया गया था। बता दें कि उन पर लोक सेवक पर हमला करने और सरकारी काम में बाधा डालने का आरोप है। 28 मई 2018 को सुखदेव भगत समेत 15 लोगों के खिलाफ नगर परिषद लोहरदगा के कार्यपालक पदाधिकारी गंगाराम ठाकुर ने प्राथमिक दर्ज करायी थी। मामले में साल 2022 में केस आइओ (अनुसंधानकर्ता) ने अदालत में चार्जशीट दाखिल किया था। वहीं चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए अदालत ने सभी आरोपियों के खिलाफ समन जारी किया था।**

# 15 सूत्री समिति की बैठक को लेकर सीएम को पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य स्तरीय 15 सूत्री समिति की बैठक की मांग को लेकर आमया ने मुख्यमंत्री, संसदीय कार्य मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री, मुख्य सचिव और प्रधान सचिव कल्याण विभाग को पत्र लिखा है। अध्यक्ष एस अली ने बताया कि भारत सरकार ने अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री के नये 15 सूत्री कार्यक्रम संचालित कर रखा है, जिसके अंतर्गत प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम और अन्य योजनाएं शामिल हैं। उक्त योजनाओं के कार्यान्वयन और 15 सूत्री समिति की बैठक के लिए नोडल विभाग अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग है। इसके अलावा सरकार के 13 विभाग इसमें शामिल हैं, जिनके द्वारा जिला-राज्य स्तरीय 15 सूत्री समिति की बैठक आयोजित कर प्रस्ताव पारित कर भारत सरकार को भेजा जाता है। झारखंड में महागठबंधन सरकार गठन के चौथे वर्ष में कल्याण विभाग द्वारा राज्य स्तरीय-जिला स्तरीय 15 सूत्री समिति का गठन किया गया। आमया संगठन ने मांग की कि जल्द से जल्द राज्यस्तरीय 15 सूत्री समिति की बैठक आयोजित की जाये।



# राजा पीटर को हाइकोर्ट से मिली जमानत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पूर्व मंत्री रमेश सिंह मुंडा हत्याकांड में जेल में बंद गोपाल सिंह पातर उर्फ राजा पीटर को हाइकोर्ट से जमानत मिली है। हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राजा पीटर के कस्टडी पीरियड और ट्रायल में गवाहों की अधिकता को देखते हुए कुछ शर्तों के साथ जमानत प्रदान की।

इससे पहले झारखंड हाइकोर्ट से दो बार राजा पीटर की जमानत याचिका खारिज हो चुकी थी। वहीं सुप्रीम कोर्ट से भी उनकी जमानत याचिका मेरिट के आधार पर खारिज हो चुकी थी। सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि राजा पीटर साढ़े छह साल से जेल में हैं एवं इस मामले में गवाहों की संख्या भी काफी अधिक है, ऐसे में उन्हें जमानत प्रदान की जाये। दरअसल, इस मामले में राजा पीटर को मुख्य साजिशकर्ता मानते हुए एनआइए ने उन्हें 9 अक्टूबर 2017 को गिरफ्तार किया था, तब से वह जेल में हैं। इस मामले में एनआइए ने पांच प्रोटेक्टेड गवाह की गवाही भी करायी है। एनआइए ने 28 जून 2017 को मामले को टेकओवर किया। ज्ञात हो कि 9 जुलाई 2008 को बुंडू के एसएस हाइस्कूल में एक समारोह के दौरान रमेश सिंह मुंडा सहित चार लोगों की गोली मार कर हत्या कर दी गयी थी। रांची पुलिस के अलावा सीआइडी भी इस हत्याकांड की जांच कर चुकी है, लेकिन हत्याकांड को अंजाम देनेवालों तक नहीं पहुंच सके थे। इसके बाद घटना के बाद एनआइए ने मामले को टेकओवर किया था। इसी मामले में राजा पीटर के अंगरक्षक शेषनाथ सिंह खरवार को 7 अक्टूबर 2017 को गिरफ्तार किया गया था। इसी मामले में संलिप्त रहे नक्सली कुंदन पहन ने राज्य पुलिस के सामने 27 मई 2017 को आत्मसमर्पण किया था, उक्त मामले में एक दर्जन आरोपी जेल में हैं।



# अल्पसंख्यकों के साथ भेदभाव बर्दाश्त नहीं : शमशेर आलम

**आयोग जनवरी से जिलावार समीक्षा बैठक करेगा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अल्पसंख्यकों तक पहुंचे और किसी भी स्तर पर अल्पसख्यकों के साथ भेदभाव या उनके अधिकारों का हनन ना हो, यह सुनिश्चित करना आयोग की प्रथम प्राथमिकता है। उक्त बातें बुधवार को झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम ने पत्रकारों से बातचीत में कही।

कहा कि अल्पसंख्यकों के समुचित विकास के लिए केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा कई तरह की कल्याणकारी योजनाएं चलायी जा रही हैं। इसका उद्देश्य अल्पसंख्यकों को शैक्षणिक, आर्थिक तौर पर मजबूती प्रदान करना है। लेकिन जानकारी के अभाव में इन योजनाओं का लाभ अल्पसंख्यक वर्ग के लोग नहीं उठा पाते हैं। आयोग इन योजनाओं की जानकारी ऐसे तबकों तक पहुंचाने में हर तरह की प्रक्रिया अपनायेगा। साथ ही आयोग अल्पसंख्यकों के सभी सामाजिक संगठनों से भी अपील करता है कि वे आयोग से योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर समाज में सरकार की लाभकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता चलायें। राज्य सरकार अल्पसंख्यक बेरोजगार युवकों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत 106 करोड़ की राशि अल्पसंख्यक वित्त निगम के माध्यम से 40 प्रतिशत अनुदान के साथ ऋण मुहैया करा रहा है, जिसमें 50 हजार से लेकर 25 लाख तक ऋण देने का प्रावधान है। अल्पसंख्यक छात्रों के लिए विभिन्न प्रकार की छात्रवृत्ति योजना चलायी जा रही है। इसका लाभ अल्पसंख्यक छात्रों को उठाना चाहिए। अगर किसी तरह की जानकारी या बाधा उत्पन्न हो, तो वे आयोग से सीधा संपर्क स्थापित कर सकते हैं। राज्य में बुनकरों की दयनीय स्थिति को देखते हुए सरकार ने अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम के माध्यम से विरासत योजना चलाने का फैसला लिया है। इसके तहत बुनकरों को शेड, मशीनरी, प्रशिक्षण, अनुदान सहित ऋण उपलब्ध कराया जायेगा।

कहा कि राज्य सरकार अल्पसंख्यक महिलाओं के लिए महिला समृद्धि योजना चलाने जा रही है, जिसमें महिलाओं को विभिन्न प्रकार का प्रशिक्षण देना है। प्रशिक्षण अवधि में मानदेय का भी प्रावधान है। प्रशिक्षित महिलाओं के लिए अनुदान सहित ऋण मुहैया कराना है, जिससे महिला आत्मनिर्भर बन सके। शमशेर आलम ने कहा कि अल्पसंख्यकों के लिए चलायी जा रही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंद व्यक्तियों तक पहुंच रही, अथवा नहीं इसको लेकर आयोग जनवरी से जिलावार समीक्षा बैठक करेगा। साथ ही जनसुनवाई और स्थल निरीक्षण भी किया जायेगा।



# अर्जुन मुंडा से युवाओं की टीम ने की मुलाकात



रांची (आजाद सिपाही)। विभिन्न राज्यों से अध्ययन यात्रा पर दिल्ली पहुंचे डीआइएसओएम से जुड़े युवाओं ने कृषि भवन में केंद्रीय जनजातीय कार्य और कृषि, किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा से भेंट की। मंत्री ने युवाओं को देश और समाज की सेवा को लेकर मार्गदर्शन करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

# एसएन गुप्ता बने सेल के मुख्य सतर्कता अधिकारी

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। भारतीय दूरसंचार सेवा (आइटीएस) के 1992 बैच के अधिकारी एसएन गुप्ता को स्टील ऑथिरिटी ऑफ इंडिया (सेल) का मुख्य सतर्कता अधिकारी (चीफ विजिलेंस ऑफिसर-सीवीओ) बनाया गया। उन्होंने बुधवार को पदभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने एक्सचेंज इंस्टालेशन, फील्ड ऑपरेशंस, मोबाइल ऑपरेशंस और कार्मिक एवं प्रशिक्षण में विशेषज्ञता के साथ लांबा समय बिताया है। गुप्ता ने पांच वर्षों तक केंद्रीय सतर्कता आयोग में निदेशक के रूप में कार्य किया और सरकार के भीतर सतर्कता तंत्र को बढ़ाने में योगदान दिया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने भारतीय खेल प्राधिकरण में मुख्य सतर्कता अधिकारी के रूप में दो साल बिताये हैं। जहां उन्होंने खेल प्रशासन में पारदर्शिता और अखंडता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।**



# ट्रेन के शौचालय में गूंजी किलकारी

**महिला ने नेताजी एक्सप्रेस में बेटे को दिया जन्म**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** झारखंड के कोडरमा जिले के झुमरीतिलैया में चलती ट्रेन में एक बार फिर किलकारी गूंजी है। इस बार ट्रेन के सामान्य कोच में सफर कर रही गर्भवती महिला का शौचालय में प्रसव हुआ। जच्चा-बच्चा दोनों सुरक्षित हैं। कोडरमा स्टेशन पर जानकारी मिलने मिली, तो आरपीएफ ने जच्चा-बच्चा को मिशन सेवा के तहत एंबुलेंस बुलाकर सदर अस्पताल कोडरमा भेजा। पूरे मामले की जानकारी देते हुए आरपीएफ इंस्पेक्टर जवाहर लाल ने बताया कि 13 दिसंबर को गाड़ी संख्या 12312 डाउन (नेताजी एक्सप्रेस) समय 1:16 बजे कोडरमा जंक्शन पहुंची। ट्रेन के आगमन पर ट्रेन के गार्ड ने कोडरमा स्टेशन पर तैनात आरक्षी आनंद कुमार को बताया कि बगल वाले सामान्य कोच में एक महिला का शौचालय में प्रसव हो गया है। महिला ने एक बच्चे को जन्म दिया है। उक्त महिला को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा भेजा गया। महिला के साथ उसका पति टेंपस भी ट्रेन में सवार था। महिला का नाम साजिया परवीन (21) बताया गया है। वह उत्तर प्रदेश के कानपुर देहात की है।

## झारखण्ड विधान सभा सचिवालय

**आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह प्रकाशित किया जाता है कि पंचम झारखण्ड विधान सभा का त्रयोदश (शीतकालीन) सत्र दिनांक–15/12/2023 से आहूत की गयी है। सत्र अवधि के दौरान झारखण्ड विधान सभा परिसर में बिना वैध पत्रक के बाह्य व्यक्तियों का प्रवेश निषिद्ध है।

(सैयद जावेद हैदर)
प्रभारी सचिव
झारखण्ड विधान सभा, रांची।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



# अलर्ट: कांके का तापमान @ 6.9, और बढ़ेगी सिहरन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बुजुर्गों और बच्चों को सतर्क रहने की जरूरत, सिर दर्द और स्ट्रोक जैसी समस्याएं हो सकती हैं**



**रांची।** बढ़ती ठंड और हवाओं का असर राज्य में देखा जा रहा है। इस सप्ताह के शुरुआत से तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। पिछले 24 घंटे में राजधानी रांची के कांके का तापमान 6.9 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया, वहीं हिनू के पास तापमान 10 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। राज्य भर की बात करें, तो पिछले 24 घंटे में चतरा, लोहरदगा, खूंटी और गुमला का तापमान 8.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। वहीं, गढ़वा, हजारीबाग, लातेहार, पलामू, रामगढ़ और पश्चिमी सिंहभूम का तापमान 9.5 डिग्री रहा। देवघर, गोड्डा, पाकुड़, साहेबगंज और सिमडेगा का तापमान 10 डिग्री रहा। साथ ही बोकारो, गिरिडीह का तापमान तापमान 11 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो पिछले 24 घंटे में सबसे अधिक ठंडा कांके क्षेत्र रहा। वहीं, आनेवाले दिनों में राज्य में तापमान में और गिरावट दर्ज करने की बात कही गयी। विभाग की मानें तो 17 दिसंबर के बाद तापमान में अधिक गिरावट दर्ज की जा सकती है। वहीं, आने वाले तीन दिनों के दौरान तापमान में दो डिग्री तक की गिरावट महसूस की जायेगी। ऐसे में लोगों को अधिक ठंड का एहसास होगा। वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि आने वाले कुछ दिनों तक तापमान गिरेगा। वहीं, सुबह और शाम के वक्त कोहरा का असर राज्य में देखा जायेगा। अधिक कोहरा के कारण लोगों को ठंड का एहसास अधिक होगा। दोपहर के समय धूप के कारण लोगों को राहत मिलेगी। राजधानी रांची की बात करें तो 14 दिसंबर से औसतन न्यूनतम तापमान 9 डिग्री रहने की संभावना है। लगातार बढ़ती ठंड के कारण मौसम विज्ञान केंद्र ने लोगों को सर्तक रहने की सलाह दी है, इसमें विशेषकर बुजुर्गों और बच्चों को। जहां ठंड के कारण सर्दी खांसी और बुखार हो सकता है। वहीं, सिर दर्द और स्ट्रोक जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं।

## अशोक उरांव महासचिव मनोनीत



**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** केंद्रीय सरना समिति की ओर से 3 जनवरी को मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जंयती पर तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित की गयी है।

इसी को लेकर जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम कचहरी रोड रांची में तैयारी बैठक रखी गयी। साथ ही साथ केंद्रीय सरना समिति का विस्तार करते हुए महासचिव पद पर अशोक उरांव को मनोनीत किया गया। कार्यक्रम में बबलू मुंडा, जगलाल पाहन, रंजीत टोप्पो, विशवास उरांव, जगरनाथ तिर्की, मोहन तिर्की, सूरज टोप्पो, अशोक कच्छप, रंजन मुंडा, शिवधन मुंडा, लक्ष्मण मुंडा, राजेश पहान, सुनिल टोप्पो, पुनीत कुजूर, डब्लू उरांव, सुरेंद्र लिंडा, महावीर उरांव, मुन्ना लकड़ा आदि उपस्थित थे।

### बेघरों को ठंड से बचाने की पहल

## अटल वेंडर मार्केट में भी 30 बेड की व्यवस्था

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नगर निगम ने अस्थायी आश्रय गृह की व्यवस्था की**

**रांची।** नगर निगम ने ठंड से बचाने को बेघरों के लिए शहीद चौक के पास स्थित अटल वेंडर मार्केट में भी अस्थायी आश्रय गृह की व्यवस्था की है। निगम के मुताबिक अक्सर रात में भ्रमण के दौरान देखा जाता है कि कड़ाके की ठंड में भी कई लोग सड़कों के किनारे या सार्वजनिक स्थलों पर अपनी रात गुजारते हैं। इसे देखते निगम क्षेत्र के अलग अलग इलाकों में नौ आश्रय गृहों के अलावे अटल वेंडर मार्केट में अस्थायी आश्रय गृह की व्यवस्था की गयी है। इससे फिरायालाल चौक, कचहरी चौक और उसके आसपास के इलाकों में रोड पर गुजर बसर करने वाले लोगों के लिए राहत होगी।

निगम ने बताया है कि बिरसा मुंडा बस टर्मिनल परिसर खादगढ़ा में पुरुषों और महिलाओं के लिए भी 50-50 बेड की व्यवस्था आश्रय गृह में उपलब्ध है। धुर्वा बस स्टैंड के पास 16, मधुकम चुना भट्ठा और जगरनाथ मंदिर के समीप स्थित आश्रय गृह में भी 16-16 बेड उपलब्ध है। एजी मोड़ डोरंडा के अलावे कर्बला चौक और बकरी बाजार के पास स्थित आश्रय गृह में 10-10 बेड की सुविधा है। रिम्स रांची परिसर के आश्रय गृह में 24 बेड का लाभ लिया जा सकता है। इसके साथ ही निगम द्वारा बकरी बाजार और कर्बला चौक वाले आश्रय गृह में 10-10 अतिरिक्त बेड की व्यवस्था की गयी है। निगम ने नागरिकों से अपील करते यह भी कहा है कि इस शीतलहर में सड़क किनारे कोई व्यक्ति अगर गुजर बसर करता दिखे, तो 9431104429 पर सूचना दें। निगम की टीम उसका रेस्क्यू ऑपरेशन कर नजदीकी आश्रय गृह में उसे शिफ्ट कर देगी।

### जोन्हा में गूंज महोत्सव का हुआ आगाज

# गूंज के सफर में नया अध्याय जुड़ा : सुदेश

**ग्रामीणों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** सिल्ली में 18 दिसंबर से शुरू होने वाले तीन दिवसीय गूंज महोत्सव से पूर्व क्षेत्रीय गूंज महोत्सव 2023 की शुरुआत बुधवार को जोन्हा के डहुआ मैदान पर हुई। महोत्सव में कला संस्कृति के कार्यक्रमों के साथ समाज कल्याण व गरीब उत्थान के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस मौके पर सिल्ली विधायक सह गूंज के संरक्षक सुदेश कुमार महतो ने कहा कि क्षेत्रीय महोत्सव का उद्देश्य लोगों के बीच जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ घर-घर पहुंचाने के साथ स्थानीय कलाकारों की प्रतिभा को मंच देना और अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान करना है। गूंज के सफर में यह नया अध्याय इसके मकसद को और व्यापक बनायेगा। झारखंड की कला संस्कृति को प्रदर्शित करते हुए इस महोत्सव में एक साथ एक हजार कलाकारों ने छऊ नृत्य की अद्भुत पेशकश दी। इसके अलावा कलाकारों ने कई तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। अपने अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सैकड़ों ग्राम प्रधान, संयोजिका, रसोइया, विद्यार्थी, पहान, सहिया, जल सहिया, किसान, महिला समिति, क्षेत्रीय कवि, लेखक और गायक को सम्मानित कर उन्हें आगे भी बेहतर काम करने के लिए उनका उत्साहवर्धन किया गया। ग्राम सांस्कृतिक दलों के बीच वाद्य यंत्र का भी वितरण किया गया।

इस कार्यक्रम में स्थानीय लोगों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया। दिव्यांगजनों के लिए रजिस्ट्रेशन के बाद प्रमाण पत्र दिए गए। उनके बीच निःशुल्क सहायक उपकरण जैसे व्हीलचेयर का वितरण किया गए। साथ ही निःशुल्क एलपीजी गैस कनेक्शन और पौधों का भी वितरण हुआ।

**आज राहे में होगा आयोजन**

राहे प्रखंड अंतर्गत डोमनडीह मैदान में गुरुवार को क्षेत्रीय गूंज महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। इस कार्यक्रम में भी क्षेत्रवासियों के बीच विभिन्न परिसंपत्तियों का वितरण और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। साथ ही निःशुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर का भी आयोजन किया जायेगा। राहे के बाद शुक्रवार को सोनहातु प्रखंड में क्षेत्रीय गूंज महोत्सव होगा।

## बिहार क्लब में श्रद्धांजलि सभा का किया आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**अर्जुन उरांव और कृष्ण मोहन सिंह के निधन पर जताया शोक, दी श्रद्धांजलि**

**रांची।** रांची महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति के प्रधान कार्यालय बिहार क्लब कचहरी रोड प्रेक्षागृह में बुधवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता डॉ अजीत सहाय ने की।

विगत दिनों अर्जुन उरांव और कृष्ण मोहन सिंह के निधन के उपरांत बिहार क्लब में 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गयी। डॉ सहाय ने कहा कि दोनों व्यक्ति कमेटी ही नहीं, पूरे समाज में विभिन्न प्रकार के संगठन से जुड़ कर अपनी निष्ठा का पालन करते हुए एक अलग छाप छोड़ गये हैं, जो कभी भुलाया नहीं जा सकता है। उनके द्वारा बताये गये विभिन्न प्रकार के सामाजिक-धार्मिक कार्यों को आगे बढ़ाना हम सबों के लिए उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। चंचल चटर्जी, जय सिंह यादव, प्रदीप राय बाबू, राजन वर्मा, रवींद्र वर्मा, दिलीप गोप, संजय सिंह गोपू, राजेश कुमार लाल, प्रो अरुण सिंह, संजय सहाय, अमरनाथ साहू, राणा रणधीर, मो इस्लाम आदि लोग उपस्थित हुए।

## हेलमेट जांच के नाम पर पुलिस ज्यादती कर रही : प्रतुल शाहदेव

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चेकिंग और कागज दिखाने के नाम पर लोगों को मारने-पीटने की भी शिकायतें आ रहीं**

**लातेहार।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने लातेहार पुलिस द्वारा चलाये जा रहे हेलमेट जांच अभियान का स्वागत किया है। प्रतुल ने कहा कि बेहतर होता अगर लातेहार पुलिस चेकिंग अभियान को चलाने से पहले व्यापक जागरूकता अभियान भी चलाती। प्रतुल ने कहा कि ऐसी बहुत सारी शिकायतें पूरे जिले से मिल रही हैं, जहां हेलमेट चेकिंग के नाम पर आम नागरिक पुलिस ज्यादाती का शिकार हो रहे हैं। हेलमेट चेकिंग और कागज दिखाने के नाम पर लोगों को मारने-पीटने की भी शिकायतें आयी हैं। कई स्थानों पर पुलिसकर्मियों द्वारा अभद्र व्यवहार भी किये जाने की शिकायत मिली है। मोटरसाइकिल में बैठी महिलाओं को भी बीच सड़क पर उतार दिया जा रहा है।

प्रतुल ने कहा कि पुलिस को इस अभियान को जारी रखना चाहिए, लेकिन मोटर व्हीकल अधिनियम के तहत हेलमेट और कागजात की जांच किस स्तर के पदाधिकारी करने में सक्षम हैं, यह भी स्पष्ट करना चाहिए।

प्रतुल ने कहा कि चंदवा के इंदिरा चौक में हेलमेट चेकिंग अभियान के दौरान एक युवक को एक पुलिसकर्मी के द्वारा पीटने का वीडियो बहुत तेजी से वायरल हो रहा है। प्रतुल ने लातेहार एसपी से आग्रह किया कि वह इस पूरे प्रकरण की जांच करायें और पुलिस को कानून के दायरे में रह कर हेलमेट जांच को जारी रखने का आदेश दें। आम शहरियों को बेवजह परेशान और बेइज्जत ना किया जाये।

## धीरज साहू पर हो कार्रवाई : वामदल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कहा-टैक्स चोरी का मामला प्रतीत होता है**

**रांची।** कांग्रेस सांसद धीरज साहू के ठिकानों से बरामदगी पर वामदलों ने कहा है यह टैक्स चोरी का मामला प्रतीत होता है। इसलिए इसकी जांच कर उन पर कड़ी कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए। हालांकि आयकर विभाग ने कितने रुपयों की बरामदगी हुई है, इस पर कोई अधिकृत बयान जारी नहीं किया है, लेकिन भाजपा जिस तरह से इस मुद्दे पर संसद में और झारखंड में उठा रही है, उसे कोई राजनीतिक लाभ नहीं मिलने वाला है। क्योंकि आर्थिक राजनीतिक भ्रष्टाचार की सबसे बड़ी खिलाड़ी तो भाजपा ही है। यह बयान माकपा के प्रकाश विप्लव, भाकपा माले के मनोज भक्त, मासस के हलधर महतो, फॉरवर्ड ब्लॉक के अरुण मंडल और आरएसपी की ओर से गणेश दीवान ने जारी किया है।

इसमें कहा गया है कि चुनाव फंड में कॉरपोरेट घरानों से अरबों रुपये लेने और उन्हें करोड़ों का फायदा पहुंचाने के मामले में भाजपा चैंपियन है, लेकिन ऐसे मंत्रियों और व्यापारियों के नाम भाजपा दबा देती है। उदारीकरण के दौर में राजनीतिक भ्रष्टाचार तेजी से बढ़ा है और वर्तमान आर्थिक नीतियां इसका पोषण करती हैं। इसलिए वामदलों की स्पष्ट समझ है कि भ्रष्टाचार किसी भी दल का हो, दोषी को सजा मिलनी चाहिए।

## कई ट्रेनों में जनवरी तक लंबी वेटिंग

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**यात्रीगण कृपया ध्यान दें, ट्रेन फुल, यात्रियों की बढ़ी टेंशन**

**रांची।** राज्य से चलनेवाली प्रमुख ट्रेनों में कंफर्म सीट मिलना मुश्किल हो गया है। दिसंबर से लेकर जनवरी तक ट्रेन बुकिंग में लंबी वेटिंग है। वहीं, अब तो मार्च के लिए भी कुछ ट्रेनों में सीट मिलना मुश्किल दिख रहा है। होली के लिए अभी से बुकिंग शुरू है। रेलवे के अनुसार मुंबई, सूरत और दिल्ली, बिहार और यूपी के शहरों के लिए ट्रेनों में अब कंफर्म सीट मिलना मुश्किल है। हटिया से गोरखपुर के बीच चलने वाली मौर्य एक्सप्रेस की बुकिंग सबसे तेज है। दूसरी ट्रेनों में भी मार्च की अलग-अलग तिथियों में अब गिनती की सीटें ही बची हैं। 25 मार्च को होली है। इसके लिए अभी से बुकिंग शुरू हो गयी है। रांची से नयी दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस में गिनती की सीटें उपलब्ध हैं। वीआइपी ट्रेनों की बुकिंग में अधिक उछाल देखा जा रहा है। नयी दिल्ली से हावड़ा और सियालदह जानेवाली राजधानी एक्सप्रेस में थर्ड और सेकेंड एसी में वेटिंग है। 24 मार्च से 28 मार्च तक इन ट्रेनों में गिनती की सीटें ही बची हैं। पटना जानेवाली गंगा दामोदर और धनबाद से पटना इंटरसिटी एक्सप्रेस में भी मार्च के लिए बुकिंग तेज हो गयी है। कालका-हावड़ा नेताजी एक्सप्रेस में 22 से 24 मार्च तक स्लीपर में आरएसीए थर्ड एसी में 22 और 23 मार्च को वेटिंग, तो सेकेंड एसी में 22 मार्च को आरएसी और 23 को वेटिंग है।

## शैक्षिक भ्रमण के लिए गंगटोक दार्जिलिंग के लिए शिक्षक रवाना




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग एंड एजुकेशन के डीएलएड इकाई के प्रशिक्षु शिक्षक 13 से 20 दिसंबर तक दीर्घकालीन शैक्षिक भ्रमण के लिए रवाना हुए। शैक्षिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थी सिक्किम राज्य अंतर्गत गंगटोक-दार्जिलिंग के विभिन्न स्थलों का अवलोकन करेंगे। मौके पर महाविद्यालय की प्राचार्या एवं सभी शिक्षक उपस्थित थे। डायरेक्टर डॉ रश्मि ने सभी को सफल यात्रा की शुभकामनाएं दीं।

## 25 छात्रों ने रेडियो स्टेशन का शैक्षणिक भ्रमण किया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के कम्युनिटी रेडियो स्टेशन, रेडियो खांची 90.4 एफएम के स्टूडियो में रांची विश्वविद्यालय के गोस्नर कॉलेज में पढ़ रहे मास कम्युनिकेशन एंड जर्नलिज्म सेमेस्टर वन के 25 छात्रों ने रेडियो स्टेशन का शैक्षणिक भ्रमण किया और साथ ही रेडियो में चल रहे कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जाना। उनके सवालों के जवाब रेडियो खांची के डायरेक्टर डॉ बीपी सिन्हा ने दिया। छात्रों ने रेडियो में अपनी रुचि जताते हुए आरजे बनने के लिए किन खास बातों पर ध्यान रखना चाहिए इस बारे में जानकारी ली। छात्रों के साथ उनके शिक्षक भी मौजूद रहे। इस दौरान रेडियो खांची में रेडियो खांची के डायरेक्टर डॉ बीपी सिन्हा, प्रोडक्शन हेड प्रदीप कुमार मिश्रा, शानू प्रतीक टोप्नो और वैभवी मौजूद रहे।

### डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का समापन

# कार्यशाला से विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच की प्रवृत्ति का विकास : डॉ तपन शांडिल्य

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची और बोटानिकल सर्वे ऑफ इंडिया, कोलकाता के संयुक्त सौजन्य से गुरुवार को तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का समापन डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के सभागार में किया गया। इस तीन दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का विषय था, प्लांट कलेक्शन, आइडेंटिफिकेशन, नॉमेनकल्चर, बोटानिकल इलिस्ट्रेशन। यह आयोजन विश्वविद्यालय के बॉटनी विभाग के द्वारा आयोजित किया गया। इस तीन दिवसीय कार्यशाला के दौरान लगभग 60 प्रतिभागियों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किये। इस कार्यशाला के दूसरे और तीसरे दिन डॉ जे जयंती, डॉ गोपाल कृष्णा, रूमा भद्रा, डॉ जेएस जलाल और डॉ दिनेश्वर कुमार साह के द्वारा विशेषज्ञ के तौर पर विभिन्न सत्रों की अध्यक्षता की गयी। समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ संजय श्रीवास्तव, पीसीसीएफ, झारखंड ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के कार्यशाला से निकले निष्कर्ष भविष्य में अकादमिक और वैज्ञानिक श्रेष्ठता के लिए उपयोगी साबित होंगे। साथ ही साथ आगे इससे संबंधित अनुसंधान की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कारक की भूमिका में दिखेंगे। समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि इस तीन दिवसीय आयोजन की सफलता इस बात को इंगित करता है कि यह विद्यार्थियों में एक वैज्ञानिक सोच और चिंतन की प्रवृत्ति को लायेगा और आगे चलकर वह इस दिशा में शोध और अकादमिक श्रेष्ठता को प्राप्त करेगा। उन्होंने इस कार्यशाला की सफलता के लिए बोटनिकल सर्वे ऑफ इंडिया का भी आभार प्रकट किया और कहा कि निश्चित है कि इन दिवसीय कार्यशाला के उपरांत इस विषय पर एक सार्थक निष्कर्ष की प्राप्ति हुई है जो निश्चित ही संयुक्त प्रयास का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि जल्द ही विश्वविद्यालय न सिर्फ विज्ञान बल्कि कला और मानविकी संकाय के विद्यार्थियों के लिए भी इस प्रकार के आयोजन के लिए कृतसंकल्पित है ताकि यहां के विद्यार्थियों में शोध की दिशा में एक नयी सोच विकसित की जा सके। इस कार्यशाला की समन्वयक डॉ गीतांजलि सिंह और डॉ शालिनी लाल के द्वारा यह तीन दिवसीय कार्यशाला संचालित किया गया। समापन समारोह की रिपोर्ट प्रस्तुति डॉ गीतांजलि सिंह और धन्यवाद ज्ञापन डॉ शालिनी लाल के द्वारा किया गया। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW



# आग लगने से तबाह हुआ डेली मार्केट सब्जी बाजार

## 50 लाख की सब्जियां जलीं, बुजुर्ग महिला के 3.50 लाख रुपये भी जले

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राजधानी का डेली मार्केट सब्जी बाजार मंगलवार की रात हुए भीषण अग्निकांड में जल कर तबाह हो गया। बाजार की छोटी बड़ी सहित 100 से ज्यादा दुकान जल कर राख हो गये। 50 लाख से ज्यादा की सब्जियां बर्बाद हो गयी। कल तक जिस बाजार में रौनक थी, अब वहां सिर्फ राख के रूप में बबार्दी ही नजर आ रही है।

रांची के मेन रोड डेली मार्केट में मंगलवार की रात लगी भीषण आग में पूरा बाजार ही तबाह हो गया। थोक और खुदरा सब्जी विक्रेता के द्वारा बड़े पैमाने पर जमा करके रखी गयी सब्जियां भी बर्बाद हो गईं। दरअसल रांची का डेली मार्केट सब्जी बाजार मूल रूप से वैसी सब्जियों के लिए जाना जाता है, जो महीने भर रखकर इस्तेमाल किया जा सकता है, जिसमें आलू प्याज लहसुन आदि जैसी सब्जियां शामिल हैं। मंगलवार को ही भीषण अगलगी में इस तरह की 50 लाख से ज्यादा की सब्जियां जल कर राख हो गयी। डेली मार्केट सब्जी बाजार में लगी आग ने सब्जी बेचने वाली बुजुर्ग महिला मंगरी देवी को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाया है। बुजुर्ग महिला के गल्ले में रखे 3.50 लाख रुपये जल गये।

### मंगलवार की रात अचानक लगी आग

गौरतलब है कि मंगलवार की रात दस बजे डेली मार्केट की सब्जी मंडी स्थित एक झोपड़ी में सबसे पहले आग लगी। बोरे और टाट से बनी झोपड़ी धू-धूकर जलने लगी। देखते ही देखते आग दूसरी झोपड़ी और तीसरी करते हुए पूरी सब्जी मंडी में फैल गयी। उस लाइन में करीब 100 से अधिक छोटी-छोटी दुकानें थीं। रात साढ़े दस बजे तक पूरी दुकानें जलकर राख हो गयीं। सब्जी मंडी से सटे फल मंडी की कई दुकानों में आग पकड़ लिया। इससे पूरे मार्केट और आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गयी। इसी क्रम में रात के पौने 11 बजे दमकल गाड़ी पहुंची। रात एक बजे लोगों की मदद से दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया।

### दुकान समिति करेगी मदद

डेली मार्केट सब्जी बाजार समिति के अध्यक्ष हाजी फिरोज ने बताया कि पूरा सब्जी बाजार तबाह हो गया है। डेली मार्केट दुकानदार समिति के द्वारा जल्द इस मामले को लेकर आला अधिकारियों से मुलाकात की जायेगी, ताकि उनसे मदद मिल सके।

# गायक कुमार सानू 21 जनवरी को रांची में बिखेरेंगे संगीत का जादू

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** गायक कुमार सानू 21 जनवरी को रांची आ रहे हैं। यह जानकारी झारखंड की अग्रणी संस्था फास्ट कलाकार के डायरेक्टर परम शाह, सह डायरेक्टर अविनाश कुमार और रमीज बारी ने दी। उन्होंने बताया कि रांची के खेलगांव में कुमार सानू का पहला लाइव कॉन्सर्ट है। इसमें करीब नौ हजार से बारह हजार लोगों के शामिल होने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि इसकी तैयारी जोरों पर है। कार्यक्रम में सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। कार्यक्रम में कुमार सानू के साथ फास्ट कलाकार के कलाकार भी अपनी कला का जादू बिखेरेंगे। वेन्यू गेट 2 बजे से खुल जायेगा। 2 से 4:30 बजे तक संगीत, नृत्य इत्यादि का कार्यक्रम चलेगा। कुमार सानू 4:30 बजे मंच पर पहुंचेंगे और सात बजे तक लगातार उनका प्रोग्राम चलेगा। आयोजकों ने बताया के टिकट की बिक्री जोरों पर है। पूरे प्रोग्राम के दौरान खाने-पीने के स्टॉल की व्यवस्था भी की जा रही है। पार्किंग की निःशुल्क व्यवस्था की गयी है। टिकट के लिए रांची के 27 अलग-अलग जगहों पर काउंटर बनाया गया है। इसके साथ-साथ होम डिलीवरी की व्यवस्था भी की गयी है। आयोजकों ने बताया कि फास्ट कलाकार के बैनर तले रंग रागिनी ग्रुप का शुभारंभ कुमार सानू के हाथों किया जायेगा। रंग रागिनी ग्रुप में कलाकारों को स्टेट, नेशनल और इंटरनेशनल मंच दिया जायेगा। टिकट को चार कैटेगरी में रखा गया है, इसमें 600 रुपये फर्स्ट गैलरी, 1800 रुपये सकेंड गैलरी, 2400 रुपये वीआइपी और 3600 रुपये वीवीआइपी है।

## पहल : अब कृषि कार्यों में ड्रोन से निगेहबानी

# महिला समूहों को मिलेंगे ड्रोन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य में फसलों की निगरानी के लिए ड्रोन तकनीक का उपयोग किया जायेगा। इससे फसलों की सुरक्षा के साथ किसानों के समय की बचत होगी। इसके लिए केंद्र सरकार द्वारा देशभर में महिला स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन उपलब्ध कराया जायेगा।

केंद्र की इस पहल के बाद झारखंड के कृषि विभाग और ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत जेएसएलपीएस के साथ कंवरजेंस से ड्रोन सेवाएं प्रारंभ की जायेंगी। अधिकारियों ने बताया कि राज्य में अभी 2.83 लाख महिला स्वयं सहायता समूह कार्यरत हैं। इनमें से कुछ का चयन ड्रोन उपलब्ध कराने के लिए होगा। इसके अलावा कृषि विभाग अंतर्गत स्वयं सेवा समूहों और महिला किसानों को भी ड्रोन दिया जायेगा।

बताते चलें कि हाल में ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड के खूंटी जिले से बिरसा मुंडा जयंती 15 नवंबर और जनजातीय गौरव दिवस के दिन महिला किसानों को ड्रोन उपलब्ध कराने की घोषणा की थी।

# सेंट्रल रीजन चार्टर्ड एकाउंटेंट्स क्रिकेट का खिताबी जंग आज से

**टूर्नामेंट में भाग लेने सात राज्यों से 16 टीमें रांची पहुंची**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** चार्टर्ड एकाउंटेंट्स की रांची शाखा द्वारा कोल इंडिया, सेंट्रल इंडिया रीजनल कौंसिल क्रिकेट टूर्नामेंट गुरुवार से रांची में आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सीसीएल के चीफ फाइनेंसियल अफसर सीए सुनील मेहता एवं डायरेक्टर पर्सोनल विनय रंजन उपस्थित होंगे। इस टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए सात राज्यों से 16 टीमें रांची आ चुकी है। इन टीमों को चार ग्रुप में बांटा गया है। ग्रुप अ में लखनऊ, इंदौर, आगरा, जमशेदपुर, ग्रुप बी में उदयपुर, रांची, कानपुर, पटना ग्रुप सी में किशनगढ़, जयपुर, मेरठ, रायपुर तथा ग्रुप डी में भोपाल, अलवर, गाज़ियाबाद तथा बरेली की टीमें हैं। शुक्रवार को ट्रॉफी अनावरण मुख्य अतिथि झारखंड के पर्यटन मंत्री हाफिजुल हसन अंसारी के द्वारा किया जायेगा।

समापन समारोह में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के डीजीएम देवेश मित्तल उपस्थित रहेंगे। जो शनिवार को टोरियन स्कूल के मैदान में होगा। कार्यक्रम के मुख्य प्रायोजक कोल इंडिया तथा सहायक प्रायोजकों में झारखंड टूरिज्म, रेडिशन ब्लू, लिंका स्पोर्टज, वाओ डिटेलिंग, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, औरोरविस्ता टेक्नोलॉजीज, अग्रवाल स्टूडिओज, मोंगिया स्टील्स, हेल्थ पॉइंट, नास्ता, मारिनो, झारक्राफ्ट, वोक्सिस्ट एवं प्रिंट इंडिया है। उपरोक्त जानकारी कार्यक्रम निदेशक एवं रीजनल कौंसिल मेंबर सीए मनीषा बियानी ने दी। उन्होंने कहा कि आये हुए खिलाड़ियों के लिए प्रत्येक दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

इस कार्यक्रम में रांची शाखा के अध्यक्ष सीए पंकज मक्कड़, उपाध्यक्ष सीए श्रद्धा बागला, सचिव सीए निशांत मोदी, कार्यक्रम के संयोजक सीए रणजीत गारोडिया, सीए रोहित रॉय, सीए निशा अग्रवाल एवं सीए हर्षित गोयल मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण खबरें

### झारखंड मंत्रिपरिषद की बैठक कल

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड मंत्रिपरिषद की बैठक 15 दिसंबर को बुलायी गयी है। बैठक झारखंड विधानसभा सत्र के तुरंत बाद शाम चार बजे आहूत होगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में होनेवाली बैठक में कई विधेयकों को स्वीकृति दी जायेगी। इन्हें विधानसभा पटल पर रखा जायेगा। बैठक में द्वितीय अनुपूरक बजट के अलावा झारखंड में 1932 आधारित खतियान को फिर से लागू करने की स्वीकृति दी जायेगी और उसे भी विधानसभा से पारित करने के लिए सदन में रखा जायेगा। राज्यपाल ने भी इसे अपने सुझाव के साथ विधानसभा को लौटा दिया है। सरकार इस पर विचार करते हुए फिर से खतियान आधारित नियोजन नीति को परिभाषित करने पर विचार कर रही है। विधानसभा से पारित होने के बाद फिर राज्यपाल की स्वीकृति ली जायेगी। इसके अलावा भी कई महत्वपूर्ण निर्णय बैठक में लिये जायेंगे।

### तीन जिलों में जेपीएचसीएल करायेगा निर्माण कार्य

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन लिमिडेट राज्य के तीन जिलों में 19.43 करोड़ की लागत से निर्माण कार्य करायेगा। इन जिलों में जामताड़ा, गोड्डा और गिरिडीह शामिल है। बुधवार को मिली जानकारी के अनुसार गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने इस संबंध में राशि स्वीकृत कर दी है। इससे 10.69 करोड़ की लागत से गिरिडीह जिले के आइआरबी 9 में चहारदीवारी और कंसर्टिना कॉइल फेंसिंग का निर्माण कराया जायेगा। साथ ही 2.69 करोड़ से गिरिडीह के आइआरबी 9 में सात वॉच टावर और दो गेटों का निर्माण कार्य होगा। इसके अलावा 1.46 करोड़ की लागत से जामताड़ा जिले के नाला सीडीपीओ का भवन निर्माण और 1.43 करोड़ से जामताड़ा पुलिस लाइन में मैगजीन भवन का निर्माण कराया जायेगा। 3.16 करोड़ की लागत से गोड्डा जिले के राजाभीटा थाना का निर्माण कार्य होगा।

### डीसी दास बने प्रमंडलीय प्रभारी आयुक्त

रांची (आजाद सिपाही)।राज्य सरकार ने बुधवार को दशरथ चंद्र दास को दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल का प्रमंडलीय प्रभारी आयुक्त बनाया है। दास को राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के विशेष सचिव के पद से स्थानांतरित किया गया है। इस संबंध में कार्मिक, प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। इसके अलावा दास को अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ प्रभारी प्रमंडलीय आयुक्त पलामू, मेदिनीनगर का भी अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

### वृंदा कारात 19 को आयेंगी झारखंड

रांची (आजाद सिपाही)। माकपा के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने कहा कि माकपा की पोलित ब्यूरो सदस्य बृंदा कारात 19 से 22 दिसंबर तक संताल परगना के दौरे पर आ रही हैं। विप्लव ने बुधवार को बताया कि इस दौरान कारात गोड्डा, साहिबगंज, पाकुड़ और दुमका जिला में पार्टी कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद करेंगी। साथ ही क्षेत्र के ज्वलंत जन और वर्गीय मुद्दों पर पार्टी के जरिये आयोजित किये जाने वाले अभियान की तैयारियों का भी जायजा लेंगी। इस दौरान राज्य कार्यालय से भी कई नेता उनके साथ दौरे पर जायेंगे।

### वज्रपात से मृत तीन लोगों के परिजनों को मिलेगा चार-चार लाख रुपये

रांची (आजाद सिपाही)। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने प्राकृतिक आपदा वज्रपात से मृत तीन व्यक्तियों के आश्रित को क्षतिपूर्ति मुआवजा राशि के रूप में चार लाख रुपये भुगतान की स्वीकृति दी है। वज्रपात से चान्हो प्रखंड के दो और इटकी प्रखंड के एक मृत व्यक्ति के आश्रित को क्षतिपूर्ति मुआवजा अनुदान की स्वीकृति दी गयी है। इनमें चान्हो निवासी रोशनी उरांव के परिजन विशुवा उरांव, चान्हो निवासी शीला देवी के परिजन देवचरण महतो और इटकी निवासी सुमी उराईन की पत्नी चरवा उरांव को राशि प्रदान की जायेगी। संबंधित अंचल अधिकारी की रिपोर्ट के अनुसार मुआवजा की राशि स्वीकृत की गयी है।

### सिविल कोर्ट में सरेंडर के बाद सुखदेव भगत को हाइकोर्ट से अग्रिम जमानत

रांची (आजाद सिपाही)। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक सुखदेव भगत ने रांची सिविल कोर्ट में सरेंडर किया। सुखदेव भगत ने एमपी-एमएलए की प्रभारी कोर्ट में सरेंडर किया। इसके बाद उन्हें हाइकोर्ट से अग्रिम जमानत मिली। हाइकोर्ट से अग्रिम जमानत मिलने के दौरान निचली अदालत में सरेंडर कर बेलबांड फर्निश करने का निर्देश दिया गया था। बता दें कि उन पर लोक सेवक पर हमला करने और सरकारी काम में बाधा डालने का आरोप है। 28 मई 2018 को सुखदेव भगत समेत 15 लोगों के खिलाफ नगर परिषद लोहरदगा के कार्यपालक पदाधिकारी गंगाराम ठाकुर ने प्राथमिक दर्ज करायी थी। मामले में साल 2022 में केस आइओ (अनुसंधानकर्ता) ने अदालत में चार्जशीट दाखिल किया था। वहीं चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए अदालत ने सभी आरोपियों के खिलाफ समन जारी किया था।

# चावल कारोबारी नरेंद्र सिंह होरा हत्याकांड में चार को उम्र कैद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** चावल कारोबारी नरेंद्र सिंह होरा हत्याकांड में अदालत ने चार दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनायी है। कोर्ट में जिन दोषियों आजीवन कारावास की सजा सुनायी है, उनमें सदाम उर्फ बबन खान, मोहम्मद फैजल खान, सहबीब अंसारी और छोटू हुसैन शामिल है। कोर्ट में आरोपियों को सजा के अलावा जुर्माना लगाया है। वही दोषी बिरसा कच्छप को आर्म्स एक्ट में 2 साल की सजा सुनायी है। एक दोषी रासिद अंसारी अब तक फरार है।

अपर न्याययुक्त दिनेश राय की अदालत ने यह सुनाया है। दरअसल, 5 अक्टूबर 2018 को रोस्पा टावर के पास यह घटना हुई थी। चावल कारोबारी नरेंद्र सिंह होरा की हत्या कर दी गयी थी। अपर बाजार स्थित दुकान को बंद कर जब वह घर लौट रहे थे, उस दौरान अपराधियों ने उन्हें गोली मारी थी। नरेंद्र सिंह की स्कूटी पर रखे पांच लाख लेकर अपराधी फरार हो गये थे।

# हाइकोर्ट ने आयु सीमा में छूट की दी अनुमति

**सिविल जज जूनियर डिवीजन की परीक्षा में 35 वर्ष से अधिक उम्र वाले प्रार्थियों की याचिका स्वीकृत**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सिविल जज जूनियर डिवीजन की परीक्षा में निर्धारित 35 वर्ष की उम्र पार कर जाने की वजह से परीक्षा में शामिल नहीं होने वाले अभिषेक कुमार, अवनीश शेखर, दीपक कुमार एवं अन्य को बुधवार को झारखंड हाइकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने प्रार्थियों की याचिका को स्वीकृत कर लिया। कोर्ट ने प्रार्थियों की उम्र सीमा की छूट 35 वर्ष से अधिक संबंधी याचिका को मंजूरी प्रदान की। इससे पहले कोर्ट ने प्रार्थियों को सिविल जज, जूनियर डिवीजन की परीक्षा फॉर्म भरने की अनुमति दी थी, लेकिन मामले में अंतिम आदेश पारित नहीं किया था। कोर्ट ने मामले में अंतिम आदेश पारित करते हुए प्रार्थियों को 35 वर्ष से अधिक उम्र के प्रार्थियों को परीक्षा में शामिल होने की अनुमति प्रदान की। प्रार्थियों की उम्र सीमा छूट संबंधी याचिका को कोर्ट ने स्वीकृत कर लिया। पूर्व में कोर्ट ने अंतरिम आदेश पारित करते हुए सिविल जज जूनियर डिवीजन की परीक्षा में प्रार्थियों को 21 सितंबर तक ऑफलाइन फार्म जमा करने का निर्देश दिया था।

दरअसल, प्रार्थी अभिषेक प्रसाद, दीपक कुमार और अन्य की ओर से याचिका दायर कर कहा गया था कि वे सिविल जज, जूनियर डिवीजन एग्जाम की तैयारी कई वर्षों से कर रहे हैं, लेकिन पिछले पांच साल से सरकार ने कोई परीक्षा नहीं ली। इस वजह से उनकी उम्र सीमा निर्धारित 35 वर्ष से ऊपर हो चुकी है।

राज्य सरकार ने पिछले पांच साल से यह परीक्षा नहीं ली, इसलिए हमें निर्धारित उच्च उम्र सीमा में छूट देते हुए एग्जाम देने की अनुमति दी जाये। उनका कहना था कि सरकार को हर साल एग्जाम लेना चाहिए था, लेकिन पिछले पांच वर्षों से एग्जाम नहीं लिया गया है, जिसमें उम्र सीमा के कारण परीक्षा देने से वंचित हो जायेंगे। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता सौरभ अरुण, श्रेष्ठ गौतम, अमित कुमार सिन्हा, राजेश कुमार ने पैरवी की।

# एसआर डीएवी पुंदाग में बाल वाटिका का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** एसआर डीएवी पब्लिक स्कूल पुंदाग के प्राथमिक कक्षाओं के नन्हें-मुन्ने विद्यार्थियों के लिए बुधवार का दिन खास रहा। उन मासूमों के चेहरे खुशी से चमक रहे थे। कारण विद्यालय में उनके लिए बाल वाटिका का उद्घाटन किया गया। बाल वाटिका में प्राथमिक कक्षा के विद्यार्थियों के मनोरंजन के लिए अनेक झूले लगाये गये हैं। प्राचार्य एसके मिश्र ने कहा कि यह बाल वाटिका बच्चों के लिए उपयुक्त और मनोरम स्थान बनेगा। एसएच राजश्री मिश्रा, शैलेंद्र कुमार पाठक, आशीष जयसवाल उपस्थित थे।

# संविदाकर्मियों की सेवानिवृत्ति उम्र 60 वर्ष

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नगर विकास विभाग अंतर्गत संविदा पर कार्यरत कर्मियों के लिए खुशखबरी है। झारखंड सरकार ने केंद्र और राज्य स्तर योजनाओं के लिए निकायों में कार्यरत संविदाकर्मियों की सेवानिवृत्ति उम्र सीमा बढ़ा कर 60 वर्ष कर दी है। इस निर्णय का लाभ नगर निकायों में संविदा पर कार्यरत नगर प्रबंधक, कनीय अभियंता, नगर मिशन प्रबंधक, सामुदायिक संगठनकर्ता समेत अन्य संविदा कर्मियों को मिलेगा। राज्य कर्मियों की तर्ज पर 60 वर्ष की उम्र सीमा करने के बाद नगर यह प्रशासन विभाग के निदेशक के हस्ताक्षर से राज्य के सभी नगर निकायों के नगर आयुक्त कार्यपालक पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है कि वह अपने कार्यालय के अधीन संविदा पर कार्यरत सभी कर्मियों के 60 वर्ष के उपरांत सेवा निवृत्ति करने के नियम का अनुपालन करें। वर्तमान में संविदा कर्मियों का हर साल उनके कार्य के अनुसार अवधि विस्तार दिया जाता था।

हालांकि सरकार के इस निर्णय पर अन्य विभागों मसलन ग्रामीण विकास, मनरेगा इत्यादि में कार्यरत संविदा कर्मियों का कहना है कि अभी तक उन्हें सातवें वेतनमान के अनुसार वेतनमान का लाभ नहीं मिला। सरकार को अविलंब उनकी मांगों को भी पूरा करना चाहिए और विभाग को निर्देश देना चाहिए।

# भाजपा नेता का कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** आशीष कुमार साहू, झारखंड प्रदेश भाजपा रांची जिला, ओरमांझी मंडल के सदस्य का रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। आशीष कुमार साहू ने बताया कि 3 दिसंबर को फतेहपुर बाईपास (आबू नगर, नयी बस्ती) के समीप हम लोग पर हमला किया गया। कहा कि वहां एक वीरेंद्र यादव सहित लगभग 5-6 लोग आ गये और हमें, पार्टी को, मोदी जी और योगी जी को बहुत सारे अपशब्द कहने लगे। हमने जब उनको समझाने का प्रयत्न किया तो वो लोग और ज्यादा उग्र हो गए और हम पर ईंट पत्थर से हमला करने लगे। हम अपनी गाड़ी में बैठ कर आगे बढ़ गये। उन्होंने कहा कि योगी जी की सरकार में इस तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ेगा? योगी सरकार से नम्र निवेदन है की इस घटना पर संज्ञान लें और उचित कार्यवाही का निर्देश दें। वहीं रांची एयरपोर्ट पर ओरमांझी मंडल के मौजूद कार्यकर्ताओं ने आशीष कुमार साहू के समर्थन में प्रशासन से पूरी घटना की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की।

# डॉ मोहन यादव के मुख्यमंत्री बनने पर अखिल भारतवर्षीय प्रदेश यादव महासभा ने बांटी मिठाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** अखिल भारतवर्षीय प्रदेश यादव महासभा झारखंड ने मध्य प्रदेश में डॉ मोहन यादव को मुख्यमंत्री बनाये जाने पर बुधवार को रांची के हरमू में मिठाइयां बांटी। महासभा के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष यादव ने खुशी जाहिर करते हुए राष्ट्रीय नेतृत्व और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि यादव अब किसी का गुलाम नहीं है जहां भी समाज के लोगों को मान सम्मान मिलेगा उन दलों को भरपूर सपोर्ट किया जायेगा। महासभा के प्रधान महासचिव इंद्रजीत यादव ने कहा कि तीन राज्य में भारतीय जनता पार्टी के सामान्य कार्यकर्ता को मुख्यमंत्री बनाया जाना वंशवाद एवं धनाढ्य राज परिवार की परंपरा को टूटने का एक अच्छी पहल है और यह लोकतंत्र की खूबसूरती भी है। यादव महासभा ने पूरे राजधानी में नरेंद्र मोदी एवं नड्डा के आभार के बैनर पोस्टर लगाये गये हैं। इस मौके पर बनारस यादव, एसएन यादव, शिवकुमार यादव, रितेश यादव, एसके बक्शी, गोरखनाथ यादव, अरुण कुमार झा, अनूप यादव राजकुमार झा, डॉ समर सिंह सहित कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# बच सकती है जिंदगी

कार्डियो वैस्कलर डिजीज (सीवीडी) यानी दिल की बीमारियों से जुड़ी मौतें एक बड़ी चुनौती बनती जा रही हैं। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक दुनिया भर में इनसे होने वाली मौतों का कम से कम पांचवां हिस्सा भारत में होता है। कई हालिया स्टडीज और आंकड़े हैं, जो हालात की ज्यादा सही तस्वीर पेश करते हैं। ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज स्टडी की ताजा रिपोर्ट बताती है कि भारत में सीवीडी से होने वाली मौतों की दर प्रति एक लाख लोगों पर 272 है। ध्यान रहे, इन मौतों का वैश्विक औसत मात्र 235 है। पिछले सप्ताह जारी हुए नेशनल क्राइम रेकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़े भी इस स्थिति की पुष्टि करते हैं। इसके मुताबिक 2021 में देश में ऐसी मौतों की संख्या 28,413 थी, जो 2022 में बढ़कर 32,457 हो गयी। यही नहीं, अचानक होने वाली मौतों की संख्या देखें तो उनमें भी भारी बढ़ोतरी हुई है। 2021 में यह 50,734 थी, जो 2022 में 56,450 हो गयी। अच्छी बात यह है कि थोड़ी कोशिशों से इनमें से ज्यादातर मौतें टाली जा सकती हैं। अगर सही समय पर मरीज को कार्डियो पल्मनरी रिससिटेशन (सीपीआर) जैसी मेडिकल सहायता उपलब्ध हो जाये, तो उसकी जान बच सकती है। सीपीआर जान बचाने वाली ऐसी तकनीक है, जो किसी व्यक्ति पर तब अप्लाई की जाती है जब उसकी सांस या दिल की धड़कन बंद हो जाये। यह प्रक्रिया आसान है और आसपास मौजूद कोई भी ट्रेंड व्यक्ति मरीज को यह इलाज दे सकता है। सीपीआर के लिए न तो किसी उपकरण की जरूरत होती है और न ही कहीं भर्ती वगैरह करने की। बावजूद इसके भारत में इसके लिए बहुत कम लोगों को ट्रेनिंग मिली हुई है। नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशंस इन मेडिकल स्टडीज (एनबीइएमएस) ने भी सीपीआर पर राष्ट्रव्यापी जागरूकता अभियान शुरू किया है। हालात की गंभीरता को देखते हुए मौजूदा प्रयास नाकाफी हैं। जैसा कि हाल की एक लांसेट कमिशन स्टडी बताती है- भारत में सीपीआर के साथ ही ऑटोमेटेड एक्सटर्नल डीफाइब्रिलेटर्स (एइडी) की भी जरूरत है। एइडी एक ऐसा पोर्टेबल डिवाइस है, जो सांसों के असामान्य होने पर दिल को इलेक्ट्रिक शॉक देकर उसे सामान्य करता है। ये डिवाइस सार्वजनिक स्थानों पर लगाकर और लोगों को इसके इस्तेमाल की बुनियादी ट्रेनिंग देकर हालात को काफी बेहतर किया जा सकता है। जानकारों के मुताबिक सीपीआर और एइडी की सुविधाएं उपलब्ध करा दी जाएं तो मरीजों की जान बचने की संभावना दोगुना और तीन गुना तक बढ़ सकती है।

**अगर सही समय पर मरीज को कार्डियो पल्मनरी रिससिटेशन (सीपीआर) जैसी मेडिकल सहायता उपलब्ध हो जाये, तो उसकी जान बच सकती है। सीपीआर जान बचाने वाली ऐसी तकनीक है, जो किसी व्यक्ति पर तब अप्लाई की जाती है, जब उसकी सांस या दिल की धड़कन बंद हो जाये।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**दशकों से चली आ रही बहस का अंत करते हुए न्यायालय ने निर्देश दिया है कि जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल किया जाये और अगले वर्ष सितंबर तक वहां विधानसभा चुनाव कराये जायें। न्यायालय ने कहा कि अनुच्छेद 370 जम्मू-कश्मीर के भारत में विलय को सुगम बनाने के लिए एक अस्थायी प्रावधान था। न्यायालय ने राज्य को दो संघ राज्य क्षेत्रों जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में विभाजित करने के निर्णय को भी वैध ठहराया है।**

# भारत का कश्मीर, आगे की राह

**पूनम आई कौशिश**



भाजपा के सितारे लगता है बुलंद हैं। हिंदी भाषी क्षेत्र राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनावों में भारी जीत के बाद सोमवार को उच्चतम न्यायालय ने केंद्र सरकार द्वारा 5 अगस्त, 2019 को जम्मू और कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के निर्णय को सर्वसम्मति से वैध घोषित किया, हालांकि कुछ लोगों को इससे दुख हुआ है, कुछ को वेदना और कुछ को चिंता हुई है और उनमें पूर्व राज्य के कुछ क्षेत्रीय दल शामिल हैं।

दशकों से चली आ रही बहस का अंत करते हुए न्यायालय ने निर्देश दिया है कि जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल किया जाये और अगले वर्ष सितंबर तक वहां विधानसभा चुनाव कराये जायें। न्यायालय ने कहा कि अनुच्छेद 370 जम्मू-कश्मीर के भारत में विलय को सुगम बनाने के लिए एक अस्थायी प्रावधान था। न्यायालय ने राज्य को दो संघ राज्य क्षेत्रों जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में विभाजित करने के निर्णय को भी वैध ठहराया है।

न्यायालय ने कहा कि विलय के दस्तावेज पर हस्ताक्षर करने और 25 नवंबर, 1949 को भारतीय संविधान की उद्घोषणा साथ जम्मू-कश्मीर की संप्रभुता नहीं रह गयी थी। अनुच्छेद 370 असीमित संघवाद था न कि संप्रभुता। न्यायालय के इस निर्णय को ऐतिहासिक बताते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस निर्णय ने भारत की एकता और अखंडता को एक नयी शक्ति दी है। यह आशा, प्रगति और एकता की एक किरण है।

**उच्चतम न्यायालय के निर्णय के बाद केंद्र सरकार को विश्वास है कि कश्मीरियों को मुख्य धारा में लाने के लिए उसके द्वारा किये गये उपायों के परिणाम मिलेंगे।**

आशानुरूप अब्दुल्ला की नैशनल कांफ्रेंस और मुफ्ती की पीडीपी ने इस पर दुख जताते हुए कहा कि हमारी राजनीतिक और कानूनी लड़ाई जारी रहेगी और आशा व्यक्त की कि भविष्य में एक दिन हम हमसे छीने गये यश को प्राप्त करेंगे। जहां तक भाजपा विरोधी विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन का संबंध है, उनके लिए अनुच्छेद 370 को निरस्त करना एक कांटा बन गया है।

'इंडिया' गठबंधन का भविष्य अगले सप्ताह दिल्ली में सीटों के बंटवारे की बातचीत पर निर्भर करेगा। गठबंधन के जम्मू कश्मीर के सांझीदार चाहते हैं कि इस बारे में सभी एक जैसा रुख अपनाएं, चाहे उच्चतम न्यायालय ने जो भी निर्णय दिया हो। इसके अलावा गत तीन वर्षों में जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद की घटनाओं में 78 प्रतिशत की गिरावट आयी है। 2022 में 187 से अधिक आतंकवादी मारे गये और 111 से अधिक आतंकवाद रोधी कार्रवाइयां की गयीं। राज्य में वर्ष 2022 में 26.7 लाख पर्यटक पहुंचे, जो पिछले तीन दशकों में सर्वाधिक थे।

उच्चतम न्यायालय के निर्णय के बाद केंद्र सरकार को विश्वास है कि कश्मीरियों को मुख्य धारा में लाने के लिए उसके द्वारा किये गये उपायों के परिणाम मिलेंगे। केंद्र सरकार ने राज्य सरकार में पदों और शैक्षणिक संस्थानों में सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण का प्रावधान किया है, जो इन लोगों के साथ हुए अन्याय को दूर करेगा। इसके अलावा लोगों को नगर पालिका और पंचायत के चुनाव लड़ने और मतदान देने का अधिकार दिया। मोदी सरकार कश्मीर की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने और घाटी में और अधिक हितधारकों का आधार बढ़ाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। शेष भारत के साथ आर्थिक संबंधों को मजबूत कर ये हितधारक लाभान्वित होंगे। सरकार ने घाटी में अनेक विकास परियोजनाएं शुरू की हैं। इसके लिए वहां निवेश सम्मेलन आयोजित किये गये। वस्तुतः जी-20 की अध्यक्षता के दौरान सरकार ने श्रीनगर में कार्यक्रम आयोजित कर घाटी की सुरम्यता अन्य देशों को दिखाने का अवसर दिया।

घाटी में बाहरी लोगों के रहने, वहां कार्य करने तथा संपत्ति खरीदने पर प्रतिबंध को समाप्त करने के लिए वहां पर धीरे-धीरे अधिक व्यावसायिक निवेश के अवसर बढ़ रहे हैं, जिनमें आइटी कंपनियां वहां अपने केंद्र स्थापित करने की सोच रही हैं। वहां विश्व स्तरीय पर्यटन सुविधाओं को बढ़ावा दिया जा रहा है, आधुनिक उद्योगों के लिए नयी अवसरंचना विकसित की जा रही है।

बॉलीवुड, तेलुगू और तमिल फिल्म उद्योग शूटिंग के लिए घाटी में जा रहे हैं और इससे एक नये युग की शुरुआत हुई है। राज्य में पर्यटन में प्रगति हुई है, फिर भी सरकार को स्थानीय आवश्यकताओं के प्रति संवेदनशील होना होगा। निःसंदेह बहुत कुछ भारत के विभिन्न भागों से व्यापार और निवेश के लिए वहां लोगों के आवागमन पर निर्भर करेगा।

जम्मू-कश्मीर की सामाजिक और आर्थिक स्थिति उत्तर प्रदेश, बिहार आदि राज्यों से अच्छी है और वहां पर विकास को आगे बढ़ाने के लिए सरकारी हस्तक्षेप की आवश्यकता है। देखना यह है कि क्या लोग विकास के समझौतों से संतुष्ट होंगे, क्योंकि कश्मीरियों के लिए विकास कोई बड़ी शिकायत नहीं थी। वहां पर सुरक्षा बलों की भारी तैनाती लोगों का विश्वास जीतने में एक बाधा रही है। धन, व्यक्ति और शक्ति के अलावा कश्मीर को एक भावनात्मक पैकेज की आवश्यकता है जो कश्मीरियों, विशेष कर युवाओं को पाकिस्तान के दुष्प्रचार से दूर रखेगा और उन्हें अपने दुख, निराशा, गुस्सा और यहां तक घृणा को प्रकट करने का अवसर देगा। उनके साथ सम्मान से पेश आना होगा, उनकी गरिमा को बहाल करना होगा और उनके अपमान के घावों पर मरहम लगाना होगा। भारत को कश्मीरियों के साथ जोड़ना होगा। पाकिस्तान द्वारा उकसावे की कार्रवाई और उसके एजेंटों द्वारा यह सुनिश्चित करने का प्रयास कि कश्मीर के लोग भारत से भावनात्मक रूप से न जुडें, जबकि सुरक्षा के साये के बीच श्रीनगर में युवा डल झील के किनारे घूमते दिखायी दे रहे हैं और महिलाएं लाल चौक पर देर रात तक खरीदारी करती दिखायी दे रही हैं। भाजपा और उसके सहयोगी अपने छात्र शिष्टमंडलों को कश्मीर भेज रहे हैं और वे वहां पर कश्मीरी युवाओं के साथ समय बिता रहे हैं। हालांकि कुछ शरारती तत्व भी हैं किंतु आशा की जाती है कि कश्मीरी मैत्री के इन उपायों को नकारेंगे नहीं और इसका प्रत्युत्तर हिंसा से नहीं देंगे। उच्चतम न्यायालय द्वारा अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के निर्णय को वैध ठहराने के बाद समय आ गया है कि मोदी और शाह स्थानीय लोगों से जुड़ें और जमीनी स्तर पर काम करें। इस बात पर विचार करें कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख की निकट भविष्य में क्या भूमिका होगी। आवश्यकता कल्पनाशीलता, अभिनव प्रयोगों और गतिशीलता की है। जम्मू-कश्मीर कोई खिलौना नहीं है, यह एक राष्ट्रीय मुद्दा है, जो राजनीतिक विचारधारा, दर्शन, सिद्धांतों सभी पर लागू होता है। मोदी को राष्ट्रीय हितों को आगे बढ़ाने और कश्मीरियों में यह भावना उत्पन्न करने के लिए कि वे वास्तव में भारत के हैं, इस दिशा में हर संभव प्रयास करने होंगे और कश्मीरियों को भी राजनीति से उठकर कार्य करना होगा।

मोदी सरकार का वायदा है कि वह सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के अनुसार कार्य करेगी और कश्मीर को स्वर्ग बनायेगी। उन्हें वहां असमानताओं, विषमताओं और अन्याय को दूर करना होगा और एक सुदृढ़ और सशक्त जम्मू-कश्मीर के लिए मंच तैयार करना होगा। देखना यह है कि क्या वे वास्तव में राज्य में चेरी खिला पायेंगे और कश्मीर के सपने को एक नयी वास्तविकता बना पायेंगे। राज्य में दीर्घकालीन शांति के लिए भरसक प्रयास करना होगा।

## जमशेदपुर की खबरें

# विधायक ने बोड़ाम में बच्चों के बीच साइकिल वितरित की

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पटमदा।** जुगसलाई विधानसभा स्थित बोड़ाम प्रखंड के रागमागोड़ा में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन किया गया। बुधवार को शिविर में मुख्य अतिथि विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए। विधायक ने भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर शिविर का शुभारंभ किया। मौके पर विधायक ने सभी विभागों के स्टॉल का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को ग्रामीणों की समस्याओं को त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया। शिविर में अबुआ आवास योजना के स्टॉल में सबसे अधिक भीड़ देखने को मिला। विधायक ने कहा शिविर के माध्यम से लोगों को निश्चित रूप से फायदा मिल रहा है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य में सर्वजन पेंशन योजना लागू कर 60 वर्ष पूरा होते ही लोगों को पेंशन योजना से जोड़ने का लाभ दे रही है। मौके पर विधायक ने योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर संबंधित स्टॉलों में आवेदन जमा करने की अपील की। मौके पर विधायक ने सोना सोबरन धोती- साड़ी, असहाय बुजुर्गों के बीच कंबल, पेंशन स्वीकृति पत्र, स्कूली बच्चों को साइकिल व महिला समूहों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया। इस अवसर पर प्रमुख ललिता सिंह, उप प्रमुख संतोषी महतो, विधायक प्रतिनिधि छुटुलाल हांसदा, बीस सूत्री अध्यक्ष श्यामा पद महतो, पार्षद प्रतिनिधि माणिक महतो, किशनलाल महतो, बीडीओ नाजिया अफरोज, सीओ सुदीप राज, मुखिया रूपा सिंह सरदार, झामुमो नेता काजल सिंह, हिमांशु महतो, विनय मंडल, खेतु गोप, रामू कुंभकार और रतिरमन सिंह आदि मौजूद रहे।

# विकसित भारत की संकल्प यात्रा का प्रचार रथ पहुंचा गम्हरिया, योजनाओं की दी जानकारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गम्हरिया।** विकसित भारत का संदेश लेकर संकल्प यात्रा के प्रचार रथ गम्हरिया के जगन्नाथपुर व कलिकापुर पंचायत पहुंची। बुधवार को पंचायत के ग्रामीणों ने प्रचार रथ का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। मौके पर प्रचार रथ के जरिये प्रधानमंत्री का डिजिटल संदेश सुना। इस अवसर पर संकल्प यात्रा रथ के जरिये केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री के डिजिटल संदेश के जरिये लोगों ने योजनाओं का लाभ कैसे लें इसे जाना और विकसित भारत संकल्प यात्रा को सफल बनाने का संकल्प लिया।मौके पर भाजपा नेता गणेश महाली का भी लोगों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। श्री महाली ने बताया संकल्प यात्रा के माध्यम से सामुदायिक जुड़ाव को बढ़ावा देने व असंख्य सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता फैलाना व वंचित क्षेत्रों की सेवा करना है। मौके पर भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष रश्मि साहू, गम्हरिया प्रखंड अध्यक्ष अमित सिंहदेव, युवा मोर्चा के अध्यक्ष राहुल सिंह,संतोष तिवारी, विनोद झा, प्रमोद पाठक, अनय सिंह, मनोरंजन नंदी, अजित सिंह, जगन्नाथपुर की मुखिया रिंकू देवी, पंसस अमरेश ईश्वर, आरती देवी, कालिकापुर की मुखिया सविता हांसदा, पंसस प्रदीप कुमार सिंह, वार्ड सदस्य आरती टुडू, सुराजमनी मार्डी, वीणा देवी, प्रीति सिंह, पूर्व उप मुखिया राकेश सिंह चांडेल, स्वास्थ्य विभाग से दीपक कुमार, सुशीला कुमारी, आशुतोष कुमार मौजूद रहे।

# पुलिस मुख्यालय में मासिक अपराध गोष्ठी



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** पूर्वी सिंहभूम जिला पुलिस मुख्यालय में एसएसपी किशोर कौशल के निर्देश पर मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। बुधवार को मासिक अपराध गोष्ठी की बैठक में एसएसपी किशोर कौशल,सिटी एसपी मुकेश कुमार लुणायत,सभी डीएस्पिव सभी थाना प्रभारी शामिल हुए। बैठक में लंबित वारंट, कुर्की, लंबित कांड, जेओएफएस,सीसीटीएनस यातायात, विधि व्यवस्था से संबंधित कार्यों की समीक्षा की गयी। इस अवसर पर एसएसपी ने उपस्थित सभी थाना प्रभारियों को जिले के पेशेवर अपराधियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया।

# गदड़ा में मना आदिवासियों का नया साल



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** गदड़ा में बुधवार को आदिवासियों का नया साल हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। गदड़ा गांव के पूर्ति टोला में महिला समिति द्वारा सरिता बारदा के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ो ग्रामीणों ने भाग लिया। इस अवसर पर आदिवासी अखाड़ा में पारंपरिक सांस्कृतिक कार्यक्रम व बच्चों के लिए खेलकूद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मजदूर नेता राजेश सामंत, कारगिल बीर सेनानी मानिक बारदा, लखन सामड़, संकर गगराई, सम्पूर्ण सावयां, लखिन्दर कुंकल, सुशील बारदा, अमित दास, जेना जामुदा आदि मौजूद थे।

## चाकुलिया की कालियाम पंचायत में लगा जनता दरबार

# लाभुकों को अबुआ आवास योजना का लाभ दिया जायेगा : समीर महंती

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चाकुलिया।** चाकुलिया प्रखंड के कालियाम पंचायत भवन में आपकी सरकार आपकी योजना आपके द्वार कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक समीर महंती उपस्थित थे। विधायक ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए विधायक श्री महंती ने कहा कि झारखंड के इतिहास में पहली बार हो रहा है कि गरीब और बेघर लोगों को राज्य सरकार द्वारा तीन कमरों के आवास देने की अबुआ आवास योजना शुरू की गयी है। आने वाले दिनों में आवास योजना का लाभ पाने से वंचित लाभुकों को आबुआ आवास योजना का लाभ दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित कर सरकार गांव तक पहुंचने का काम कर रही ताकि सरकार की योजनाओं का लाभ गांव के अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों को भी मिल सके. विधायक ने कहा कि हेमंत सोरेन के कार्यकाल में राज्य का विकास हो रहा है और लोगों को उनका हक और अधिकार मिल रहा है। उन्होंने लोगों से अपील किया की अधिक से अधिक संख्या में लोग शामिल होकर जनता दरबार का लाभ उठायें। समारोह के अंत में विभिन्न योजनाओं से स्वीकृत परिसंपत्तियों का वितरण लाभुकों के बीच किया गया। बुधवार को कालियाम पंचायत भवन में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में सैकड़ों ग्रामीणों ने विभिन्न योजनाओं के आवेदन जमा किया।

मौके पर प्रखंड प्रमुख धनंजय करुणामय,उप प्रमुख कविता साव, मुखिया दासो हेंब्रम, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष साहेबराम मांडी, उपाध्यक्ष सुरेंद्र नाथ हांसदा, प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी उपेंद्र कुमार, आपूर्ति पदाधिकारी गौरीशंकर साव, पंचायत समिति सदस्य पद्माबती हांसदा, घनश्याम महतो, आदित्य प्रधान, सचिव बलराम महतो, राजा बारीक, गोपन परिहारि, डोमन माझी, अमर हांसदा, हरो नायक, पशुराम पात्र, सरोज बेरा, प्रकाश पाल, कालीपद पाल, शक्ति नायक, गोपबंधू मिश्रा, बिमल मांडी, मिथुन कर समेत अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम के पूर्व ग्रामीणों ने विधायक का भव्य स्वागत किया और मुखिया ने साल पत्ता से निर्मित टोपी पहनाकर विधायक का स्वागत किया।

# भुइयांडीह और बर्मा माइंस की बस्ती के लोगों को मिलेगी बिजली

**विधायक सरयू राय ने सर्वे का काम टाटा स्टील यूआइएसएल की मौजूदगी में शुरू कराया**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के भुइयांडीह और बमामाइंस के भक्तिनगर में टाटा स्टील यूआइएसएल (पहले जुस्को) की बिजली शीघ्र मिलेगी। इन बस्तियों के फाइनल सर्वे में जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय खुद पहुंचे. विधायक सरयू राय के साथ टाटा स्टील यूआइएसएल के अधिकारी और जेबीवीएनएल के अभियंता मौजूद थे। विधायक सरयू राय की उपस्थिति में सर्वे हुआ। सर्वे के दौरान विधायक सरयू राय ने बस्तीवासियों से बातचीत की और टाटा स्टील यूआइएसएल की बिजली को लेकर पहल किया।

विधायक सरयू राय के साथ सैकड़ों बस्तीवासियों की उपस्थिति में टाटा स्टील यूआइएसएल के अभियंताओं और जेवीवीएनएल के अभियंताओं ने फीजिबिलिटी के लिए सर्वे किया। श्री राय ने अभियंताओं को निर्देश दिया कि बस्तीवासियों को बिजली कनेक्शन शीघ्र मिले इसके लिए जल्द से जल्द सभी प्रक्रियाएं पूरी कर ली जाये। टाटा स्टील यूआइएसएल की बिजली का सर्वे कार्य होने से बस्तीवासियों में खुशी की लहर है। इस कार्य हेतु बस्तीवासियों ने विधायक सरयू राय का अभिनंदन और आभार प्रकट किया। बस्तीवासियों ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि विधायक सरयू राय के कारण अब हमारे बच्चे भी बिना विद्युत बाधा के पढ़ाई कर सकेंगे। इस सर्वे के दौरान विधायक के निजी सचिव सुधीर सिंह, भाजमो युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष अमित शर्मा, मंडल अध्यक्ष दुर्गा राव, बबलू कुमार, गोल्डेन पांडेय, विजय सिंह, अखिलेश यादव कुणाल यादव, विक्की यादव, हीरा देवी, अनिल यादव, रामदास मेहता, रंजीत सिंह सहित बस्तीवासी उपस्थित थे।

# स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस ट्रेन का पुनः परिचालन 14 से होगा : सांसद

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा है कि झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस ट्रेन का 14 दिसंबर से पुनः शुरू होगा। सांसद न बताया कि उक्त ट्रेन का पुनः परिचालन करने को लेकर महाप्रबंधक के कार्यालय, पूर्व मध्य रेलवे, हाजीपुर के द्वारा अधिसूचना जारी कर दिया गया है। विदित है कि दिनांक 4 दिसंबर 2023 को उक्त ट्रेन को ठंड के मौसम में कोहरा और धुंध के कारण 1 मार्च 2024 तक रेलवे बोर्ड द्वारा परिचालन को रद्द कर दिया गया था। उक्त मामले को लेकर दिनांक 7 दिसंबर 2023 को चेयरमैन रेलवे बोर्ड और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीइओ) शजया वर्मा सिन्हा से मुलाकात कर और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर एवं पत्राचार के माध्यम से हटिया-आनंद बिहार झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन जारी रखने का अनुरोध किया था। उक्त ट्रेन का परिचालन होने से पलामू संसदीय क्षेत्र की जनता को यात्रा करने में हो रही कठिनाईयों से निजात मिलेगी।

## पुलिस ने लोगों को जागरूक किया



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** नगर उंटारी थाना क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न जगहों पर पेट्रोल पंप, थाना के सामने और बाजार में थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह के द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर पोस्टर चिपकाकर लोगों को जागरूक किया गया। उन्होंने कहा सड़क सुरक्षा कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है कि वाहन चलाते समय तेजी और लापरवाही से वाहन ना चलाएं। हेलमेट का उपयोग करें। ड्राइविंग लाइसेंस तथा गाड़ी संबंधित कागजात साथ लेकर चलें, और सवारी गाड़ी ओवरलोड लेकर नहीं चलें। ताकि ओवरलोड नहीं रहेगी तो वाहन अनियंत्रित नहीं होगी। जहां चालक सुरक्षित रहेंगे, वहीं सवारी भी सुरक्षित रहेंगे। वाहन चलाते समय हमेशा अपना गति और साइड लेने देने की स्थिति को समझने की जरूरत है। इसी को देखते हुए पुलिस ने दुर्घटना को रोकने के लिए पोस्टर चिपका कर लोगों को जागरुक कर रही है।

## बेहोश मिले बेलपहाड़ी निवासी नितेश पांडे को इलाज के बाद भेजा गया घर

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के सेल डैम के पास अचेतावस्था में मिले बेलपहाडी निवासी नितेश पांडे को सीएचसी में इलाज के बाद घर भेजा गया। पंडरिया पंचायत के बेलपहाड़ी निवासी नितेश पाण्डेय के बड़े भाई पिंटु पांडेय ने बताया कि मंगलवार की शाम को नितेश पांडेय भवनाथपुर की ओर जा रहा था कि मुसकैनी पहाड़ के समीप कार में सवार तीन चार अज्ञात लोग उसे कार में बैठाकर टाउनशिप की तरह लें गए थे, उसके बाद पता नहीं चला। सुबह एक ट्रैक्टर चालक ने घाघरा खदान के समीप अचेत अवस्था में मेरे भाई को देखा और उसके फोन से सुचना दी। घाघरा माइन्स से उसे इलाज के लिए अस्पताल लाया गया। परिजनों ने अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है, जबकि थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने इसे प्रेम प्रसंग बताया।

## स्वास्थ्य कर्मियों का प्रशिक्षण आयोजित

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** सदर अस्पताल परिसर स्थित यक्ष्मा केंद्र के सभागार में बुधवार को बुजुर्ग स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के स्वास्थ्य कर्मियों का एकदिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इसमें सदर अस्पताल और जिले के विभिन्न सीएचसी के काउंसलर, लैब टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट, नेत्र सहायक, दंत सहायक आदि ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ. कौशल लाल सहगल ने किया। जबकि बतौर प्रशिक्षक डॉ. कुमार प्रशांत प्रमोद और डा. कुमार पीयूष प्रमोद उपस्थित थे। मौके पर डॉ. कौशल लाल सहगल ने कहा कि जिले में बुजुर्ग स्वास्थ्य कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए चिकित्सक आर सभी कर्मियों को मिलजुल कार्य करने की जरुरत है। प्रशिक्षण में मिली जानकारी को अपने कार्य क्षेत्र में उपयोग करें। एनसीडी के कुमार संजीव शरण ने एनपीएचसीइ कार्यक्रम एवं उसकी आवश्यकता तथा डेमोग्राफी के बारे में विस्तृत चर्चा की। जबकि डा. कुमार पीयूष प्रमोद ने बुजुर्गो मे होनेवाली आम बीमारियों के बारे में जानकारी दी। वहीं डा.कुमार पीयूष प्रमोद ने इस कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित होने वाले कैंप में दी जाने वाली सुविधाएं एवं रिपोर्टिंग से संबंधित जानकारी दी। प्रशिक्षण में खालिद अनवर, सदर अस्पताल के नेत्र सहायक सत्येंद्र कुमार, एनसीडी सेल के राजकुमार वर्मा, कुंदन कुमार यादव, काउंसलर संजय कुमार यादव, सुशील कुमार, राहुल पांडेय आदि उपस्थित थे।

# झारखंड की दुर्दशा के लिए भाजपा के नेता जिम्मेदार : मंत्री मिथिलेश

**आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल हुए मंत्री मिथिलेश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** गढ़वा जिले के मेराल प्रखंड के करकोमा पंचायत में बुधवार को आयोजित 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम में स्थानीय विधायक सह पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर शामिल हुए। शिविर का शुभारंभ मंत्री द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। लोगों को संबोधित करते हुए मंत्री ने करकोमा पंचायत में आयोजित शिविर के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए कि पंचायत के लोगों की समस्याओं को आपके घर पर आकर उसका समाधान करना है। सरकारी योजनाओं से योग्य लाभुकों को लाभान्वित करना है। ताकि आप सभी को जिला कार्यालय का चक्कर लगाना न पड़े। उन्होंने कहा कि राज्य के कमजोर और वंचित लोगों तक विकास कार्य पहुंचे ताकि गांव प्रखंड जिला और प्रदेश का विकास हो। मंत्री ने कहा कि जिस उद्देश्य से झारखंड राज्य को अलग किया गया था वह आज भी पूरा नहीं हुआ है। राज्य का गठन होने के बाद यहां का बागडोर बाहरी और गलत लोगों के हाथों में चला गया था। जिन्होंने राज्य को खोखला करने का काम किया। उन्होंने पूर्व के भाजपा सरकार तथा विधायक, सांसद की आलोचना करते हुए कहा कि आप सभी ने जिन्हें चुनकर भेजा था वह सिर्फ अपनी तिजोरी भरने का काम किया। जिस वजह से आज क्षेत्र का हाल बदहाल है। मंत्री ने सरकार की उपलब्धियां को गिनाते हुए कहा कि पूरे राज्य के किसानों का 50 हजार का केसीसी ऋण माफ किया गया है। आगे एक लाख रुपए तक का ऋण माफ किया जायेगा। इसके अतिरिक्त एनपीए खाता का भी ऋण माफ किया जायेगा। उन्होंने कहा कि 2024 तक 99 % घरों में पेयजल सुविधा उपलब्ध होगी तथा किसानों को नहर के माध्यम से सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी तथा सभी जरूरतमंदों को अबुआ आवास बनेगा। शिविर उपयुक्त शेखर जमुआर, उपविकास आयुक्त राजेश कुमार राय, प्रखंड प्रमुख दीप माला कुमारी, बि डी ओ जागो महतो, मुखिया वीरेंद्र नाथ तिवारी आदि ने भी संबोधित किया।

# तीन सदस्यीय टीम धुरकी पहुंची ग्रामीण की मौत की जांच की



आजाद सिपाही संवाददाता

**धुरकी।** झारखंड राज्य अल्पसंखयक आयोग के तीन सदस्यीय टीम धुरकी पहुंची। कमिटी में अयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्ला खान, सदस्य डॉ. एम. तौसीफ, करी बरकत अली मुख्य रूप से शामिल थे। बताते चलें कि गढ़वा जिला के धुरकी एवम ग्राम खाला में जाकार वसीम सज्जाद की गत माह संदेहास्पद मौत हो गयी थी। जिसकी जांच करने टीम धुरकी पहुंची थी। टीम ने मृतक वसीम सज्जाद के परिजनों, ग्रामीणों और गवाहों का बयान दर्ज किया। आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्ला खान ने कहा कि जांच निष्पक्ष होगी। अभी हम लोग सभी गवाहों और सबूत को इकट्ठा कर रहे हैं। उसके बाद ही इसकी रिपोर्ट बनेगी। हम सब का मकसद साफ है कि इंसाफ होना चाहिए और किसी के तरफ से पक्षपात नहीं होनी चाहिए।

सबूत और गवाहों के आधार पर रिपोर्ट तैयार होगी। और जो रिकॉर्ड गवाहों का बयान किया जा रहा है वह कानूनी एक्सपर्ट के माध्यम से रिपोर्ट बनाने में मदद ली जायेगी। उसके बाद ही सरकार को आयोग के द्वारा रिपोर्ट सौप जायेगा।

## श्रीराम मंदिर के उद्घाटन में शामिल होने के लिए निमंत्रण पत्र वितरण करने का निर्णय



आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** रंका श्री रघुनाथ अखाड़ा हनुमान मंदिर में बुधवार को स्थानीय नव युवकों की एक बैठक आयोजित किया गया। जिसमें अयोध्या में नव निर्मित श्री राम जन्मभूमि मंदिर के द्वारा पूजित अक्षत और 22 जनवरी 2024 में श्री राम मंदिर का उद्घाटन में शामिल होने के लिए रंका क्षेत्र के सनातनी हिंदू धर्मावलंबियों को निमंत्रण पत्र का वितरण करने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर श्री राम नवमी पूजा समिति के उपाध्यक्ष विवेक चौधरी, कोषाध्यक्ष सोनू कुमार मद्धेशिया, मिडिया प्रभारी अमरेंद्र कुमार, सदस्य विकास पाल, राजन कुमार, विवेक सोनी, निखिल कुमार सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# पिछली सरकार में जनता की आवाज को कुचला गया : झामुमो

**डर से भीगी बिल्ली बने रहते थे विधायक, मंत्री सच को सच बोलने की नहीं थी क्षमता**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा ।** झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे ने कहा है कि पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी अपनी ही सरकार (रघुवर सरकार) में भीगी बिल्ली बने रहते थे। रघुवर दास ने तानाशाही पूर्वक राज चलाया। रघुवर राज में किसी भी विधायक, मंत्री को सच बोलने की हिम्मत नहीं होती थी। तानाशाह भाजपा की सरकार में विपक्ष के साथ-साथ सत्ता पक्ष के लोगों की भी आवाज को कुचला गया। अपने 10 वर्षों के कार्यकाल में सरकार में रहते हुए भी पूर्व विधायक कुछ भी नहीं कर सके। परंतु अब गढ़वा में चारों तरफ तेजी से होते विकास कार्य को देखकर उनकी बेचैनी बढ़ गयी है। झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे ने बुधवार को होटल पद्मावती में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर उक्त बातें कही। श्री दुबे ने कहा कि गढ़वा में हो रहे विकास कार्यों से घबरा कर पूर्व विधायक श्री तिवारी अनरगल बयानबाजी कर रहे हैं। आज के समय में खुद श्री तिवारी के गृह पंचायत तिलदाग में जितना कार्य हो रहा है, वे अपने 10 वर्षों के कार्यकाल में इसका एक दहाई कार्य भी नही कर पाये थे। जबकि वह उनका अपना पंचायत है।

आज उनकी बड़बोली निकल रही है। उनकी सरकार में कांग्रेस के पूर्व विधायक कद्दावर नेता को बेवजह जेल भेजा गया। उस समय न तो ये सच बोल पाये और न ही उनसे मिलने तक गये। इन्हें सरकार की नाराजगी का डर था। भाजपा के ही एक वैश्य नेता ने जब गरीब गुरबों की आवाज उठायी तो उन्हें भी जेल जाना पड़ा। उस समय भी पूर्व विधायक मौनी बाबा बन रहे। प्रतापपुर में फ्लोराइड की समस्या से जूझ रही जनता का आवाज जब झामुमो के नेताओं ने उठाया तब उस समय भी पार्टी के केंद्रीय समिति सदस्यों पर मुकदमा दर्ज कराया गया, सरेआम लप्पड़, थप्पड़ करते हुए उनकी आवाज को कुचला गया। अल्पसंख्यक समुदाय से आने वाले कांग्रेस के वरिष्ट नेता को तत्कालीन पुलिस अधीक्षक ने कार्यालय में बुलाकर अपमानित किया गया। भाजपा की सरकार ने सरकारी महकमा का जमकर दुरुपयोग करते हुए आम आवाम की आवाज उठाने वाले सभी लोगों की आवाज को कुचल कर रख दिया था।

भावनपुर विधायक भानु प्रताप शाही आज पाक साफ बने हुए हैं। यह जग जाहिर है कि नक्सलियों के संरक्षक भानु को दवा घोटाले में ईडी ने जेल भेजा। उन पर कई मामले दर्ज हैं। अब वह भाजपा में शामिल होते ही बिल्कुल पाक साफ बन गए। यह तो शर्मिंदगी की हद है कि एक घोटाले बाज की आवाज आज काफी तेज निकल रही है।

पूरे 5 वर्ष के कार्यकाल में रघुवर सरकार ने एक भी जेपीएससी के बहाली नहीं ले पाई तब उनके कार्यकर्ता को सांप सूंघ गया था, आज निजी एवं सरकारी क्षेत्र में नौकरी प्रदान कर रहे मुख्यमंत्री का पुतला दहन कर रहे हैं। प्रेस वार्ता में केंद्रीय सदस्य शंभु राम, शरीफ अंसारी, बीस सुत्री प्रखंड अध्यक्ष निरज तिवारी, पूरन तिवारी आदि उपस्थित थे।

## साढ़े चार करोड़ की लागत से बननेवाले पुल का ग्रामीणों ने किया शिलान्यास



आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका ।** रंका प्रखंड अंतर्गत चुतरू पंचायत के बरदरी गांव के काशीसोत नदी पर 4 करोड़ 26 लाख रुपये की लागत से बनने वाला पुल का शिलान्यास रंका प्रखंड कमेटी अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता, रंका अनुमंडल युवा अध्यक्ष सह खरडीहा पंचायत मुखिया प्रतिनिधि पप्पू यादव, प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष कार्तिक पांडेय, युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी, प्रखंड प्रमुख हेमंत लकडा ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़ भूमिपूजन कर किया। इस अवसर पर चुटिया पंचायत मुखिया प्रतिनिधि शंभू गुप्ता, विश्रामपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि विवेक सिंह उर्फ छोटू सिंह, डॉ रहबर अंसारी सहित काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सुषमा बनीं जेएमएम महिला मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष

आजाद सिपाही संवाददाता



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के झलजमीरा पंचायत अंतर्गत घाटा निवासी सुषमा उराँव को सेन्हा प्रखंड जेएमएम महिला मोर्चा का प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं जेएमएम महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सरिता भगत ने बताया कि आगामी चुनाव के मद्देनजर संगठन को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से संगठन के प्रति रुचि निष्ठा व ईमानदारी को देखते हुए सुषमा उरांव को प्रखंड अध्यक्ष का जिम्मेवारी सौंपा गया है, साथ ही कहा कि इनके नेतृत्व में पार्टी को मजबूती मिलेगा तथा आने वाले समय मे जेएमएम का जनाधार बढ़ेगा। वहीं सुषमा उरांव ने कहा कि संगठन विश्वास कर के जो जिम्मेवारी दी है। उसके अनुसार केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर संगठन के प्रति कार्य करेंगे तथा बखूबी निभाने का प्रयास करेंगें। वहीं सुषमा उरांव को जेएमएम महिला मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष बनाये जाने पर बिशुनपुर विधायक चमरा लिंडा के अलावे बिस सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम, राजकिशोर राम, सुमति उराँव, देवकी उराँव, युवंती कुमारी, लक्ष्मी उराँव, सरिता उराँव सहित जेएमएम के अन्य कार्यकर्ता और पदाधिकारियों ने बधाई और शुभकामना दिया है।

# लूटपाट का विरोध करने पर मारी गोली, एक गंभीर

आजाद सिपाही संवाददाता



**मझिआंव।** थाना क्षेत्र के बुढ़ीखाड़ गांव के हनुमान मंदिर के पास बुधवार के लगभग 3:30 बजे एक टीचर के साथ लूटपाट के क्रम में दो लूटेरों के द्वारा चलाई गयी गोली। जिसमें बचाने वाला टेंपो चालक सह मालिक घायल हो गया। थाना क्षेत्र के खरसोता गांव निवासी स्व हरि साव के पुत्र टेम्पो चालक सह मलिक धर्मेंद्र प्रसाद उर्फ राजा ने जानकारी देते हुए बताया कि मैं अपने टेंपो से चालक के साथ सवारी भरकर मोहम्मद गंज से मझिआंव आ रहे थे उसी क्रम में बुढ़ीखांड़ हनुमान मंदिर के सामने देखा कि एक मोटरसाइकिल सवार दो लोग दूसरे मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति से छिना झपटी कर रहे हैं। तो उसे दौरान समझा कि दोनों मोटरसाइकिल में दुर्घटना हुआ होगा इसलिए छीना झपटी कर रहे हैं। सही समझ कर सहयोग हेतु टेंपो रोक दिया, कुछ समझ पाता की एक लुटेरा ने पिस्तौल निकाल कर गोली चलाई तो दाहिने पैर के निचले भाग में गोली लग गयी। जिससे मैं गंभीर रूप से घायल हो गया तथा डर के मारे चालक एवं सवारी जल्दी भागने को कहा डर के मारे मैं भी टेंपो लेकर भाग गये। इसके बाद मझिआंव रेफरल अस्पताल में डॉक्टर मनीष कुमार सिंह और सहयोगी राकेश ठाकुर आदित्य दुबे और विकास कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। इसके बाद स्थिति गंभीर देखते हुए उसे 108 एंबुलेंस से सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया। घायल धर्मेंद्र ने बताया कि मोहम्मदगंज से मैं अपनी टेंपो में सवारी लेकर मझिआंव आ रहा था जिसमें चार सवारी थे, मैं बैठा था और मेरा चालक खरसोता गांव निवासी मिथुन कुमार लगभग 18 वर्ष टेंपो चला रहा था।

इधर इस संबंध में जिससे लुटेरों ने बैग लूट कर फरार हुआ वह व्यक्ति नगर पंचायत मझिआंव के वार्ड नंबर 7 निवासी रामयस शाह के पुत्र सह कांडी थाना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय कोवाड़ी के प्रभारी हेड मास्टर शंभू नाथ प्रसाद बताया गया। लूट के शिकार हुए भुक्तभोगी हेड मास्टर शंभू नाथ प्रसाद ने बताया कि वे अपने स्कूल से छुट्टी कर अपनें घर मझिआंव लौट रहे थे कि अचानक बुढ़ीखांड़ हनुमान मंदिर के समीप एक उजला कलर की अपाची मोटरसाइकिल पर सवार दो नकाबपोश मेरा बैग लूटने का प्रयास करने लगे, मैं विरोध किया तो मेरे छाती पर मुक्का से ताबड़तोड़ पिटायी करने लगे, मैं बचाओ-बचाओ चिल्लाने लगा, इसी बीच टेंपो मझिआंव की ओर जा रही थी वह आ गया, टेंपो चालक कुछ समझ ही पता कि उसमें से एक लुटेरों ने टेंपो चालक को गोली मार दी, जो उसके दाहिने पैर में लगी जो घायल अवस्था में रेफर अस्पताल में इलाज के लिए गया। वहीं रेफरल अस्पताल में एसआई विकास कुमार, एएसआई आलोक कुमार पुलिस बल के साथ पहुंचे और घटना के बारे में जानकारी प्राप्त किया। शंभू प्रसाद ने कहा कि हमसे लुटेरों ने बैग लूटकर खरसोता गांव की ओर फरार हो गया। शिक्षक शंभू प्रसाद से पूछने पर उन्होंने बताया कि बैग में स्कूल से संबंधित कागजात थे। इसकी सूचना थाना को दी गयी। सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई हेतु पुलिस इंस्पेक्टर गुलाब सिंह, थाना प्रभारी विवेक कुमार पंडित, बरडीहा थाना प्रभारी पवन कुमार, एसआई स्वामी रंजन ओझा घटनास्थल पर पहुंचे। जानकारी के बाद मझिआंव बीडीओ शतीश भगत भी घटनास्थल पर पहुंच कर घटना के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त किया। घटना कैसे घटी इसके बारे में शिक्षक ने जानकारी दिया। वहीं घटनास्थल से पिस्तौल का ङ.ऋ7.65 का एक खोखा भी बरामद किया गया। इधर पुलिस मामले की छानबीन में पुलिस जुट गयी है थाना प्रभारी ने बताया कि अभिलंब लुटेरे को गिरफ्तार कर लिया जायेगा। वहीं घटनास्थल पर नगर पंचायत क्षेत्र के युवा समाजसेवी मारुति नंदन सोनी, निवर्तमान वार्ड सदस्य विवेक सोनी, सहित काफी संख्या में बुढ़ीखांड़ के ग्रामीण और राहगीर उपस्थित थे।

# पढ़े भारत, बढ़े भारत विषय पर सेमिनार का किया आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**कांडी।** स्वयं सेवी संस्था द्दष्टि यूथ ऑर्गेनाइजेशन के द्वारा पढ़े भारत बढ़े भारत का एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया, कार्यक्रम की शुरूआत बहरागोड़ा के पूर्व विधायक कुणाल सारंगी, अलखनाथ पांडेय, राष्ट्रपति से सम्मानित शिक्षक डॉ रमेश चंचल, राहुल चतुवेर्दी, वरिष्ठ पत्रकार प्रियरंजन सिन्हा तथा समाजसेवी सूर्यदेव सिंह ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया। सेमिनार में उपस्थित छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक कुणाल सारंगी ने कहा कि आप जिससे कुछ छोटी चीजे भी सीखते हैं, वहीं आपका शिक्षक है। शिक्षा सबसे बड़ी धन है, जिसके पास शिक्षा है वह विश्व का सबसे धनवान और बलवान व्यक्ति है। उन्होंने बच्चों को मोटिवेट करते हुए कहा कि डर के वजह से व्यक्ति का चरित्र नही बदलता है। यदि किसी की बराबरी करना हो तो शिक्षा सबसे बड़ा साधन है। कल्पना चावला का उदाहरण देते हुए उन्होनो बच्चों को समझाया कि यदि कल्पना के पास शिक्षा नहीं होती तो क्या वह इतनी ऊंचाइयों पर पहुँच पाती? उन्होंने मातृ भाषा हिंदी को बढ़ावा देते हुए कहा कि अंग्रेज हमे छोड़कर चले गये पर अंग्रेजी भाषा के गुलाम बनाकर चले गये। शिक्षाविद सह वरिष्ठ भाजपा नेता आलखनाथ पांडेय ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी के सामने शिक्षा के अलावें दूसरा कोई विकल्प नहीं हैं। हर क्षेत्र में स्पर्धा बढ़ गयी है। आज लोग डॉक्टर, इंजीनियर बनने को तैयार हैं पर एक शिक्षक बनने के लिए कोई भी सपना निहि देखता ऐसे में शिक्षा व्यवस्था में कैसे सुधार होगी। मौके पर शाजिद शैम, बबन, निखिल सोनी, सूरज, छोटू, दीपक कुमार, बिनोद बिहारी द्विवेदी, शिक्षक बाचा राम, रामलला, संतोष, दयाशंकर सिंह सहित सैकड़ो छात्र-छात्रा उपस्थित थे।

### अर्जुन मुंडा को जनजाति युवाओं ने सौंपा ज्ञापन

## सरना धर्म कॉलम और मुंडारी भाषा को संवैधानिक मान्यता दे सरकार : सुमित



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** सरना धर्म कॉलम और मुंडारी भाषा को संवैधानिक मान्यता देने की मांग को लेंकर सुमित गुड़िया के नेतृत्व में नौ राज्यों के आदवासी युवाओं ने बुधवार को केंद्रीय जनजातीय और कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा से कृषी भवन में ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में झारखंड, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, जम्मू कश्मीर, कर्नाटक, महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश, बिहार और नगालैंड के आदिवासी युवा शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय मंत्री को बताया कि भारत के जनगणना प्रपत्र में प्राकृतिक पूजक आदिवासियों के लिए अलग से सरना धर्म कॉलम अनुच्छेद 25 के तहत धार्मिक एवं मुंडारी भाषा को संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल कर संवैधानिक मान्यता 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले सरकार प्रदान करे। ज्ञापन में कहा गया कि हम भारत के प्राकृतिक पूजक आदिवासियो ने सदियों से अपनी भाषा, संस्कृति, परंपराओं को मानते आ रहे हैं, जो प्रकृति पर आधारित है। आदिवासी जल, जंगल, जमीन, पहाड़-पर्वत जीव-जंतु की पूजा करते हैं। कहा गया कि आजादी के पूर्व ब्रिटिश इंडिया में भी अंग्रेजों ने आदिवासियों के लिए अलग से जनगणना प्रपत्र में धार्मिक पहचान की व्यवस्था की थी, लेकिन आजाद भारत की प्रथम जनगणना में आदिवासियों की धार्मिक पहचान जनगणना प्रपत्र से सड़यंत्र के तहत 1961 में इसे हटा दिया गया। आदिवासियों के जनगणना प्रपत्र में धार्मिक कॉलम न होने के कारण आदिवासियों को हिंदू, इसाई, बौद्ध, जैन, इस्लाम जैसे धर्म में हमारी जनगणना की जाती है। इससे हमारी पहचान पर खतरा उत्पन्न होता जा रहा है। पतिनिधिमंडल में झारखंड से कृष्णा, दुबेश्वर, सुमित, प्रतिभा, बिहार से सौरभ, यूपी से दीपमाला, वंदंना, कर्नाटक से महादेवी, महाराष्ट्र से रंजीत, शेखर, सुनील, बलदेव, नगालैंड से असिंबे, जम्मू कश्मीर से सजाद, मध्यप्रदेश से सुनील, एगीता लक्ष्मी, आंध्रप्रदेश से श्रीनु शामिल थे।

### तिलमा पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम

## समस्याओं का समाधान करना पहली प्राथमिकता : पर्यटन सचिव

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** खूंटी प्रखंड की तिलमा पंचायत में बुधवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन हुआ। शिविर का निरीक्षण सचिव पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद और युवा कार्य विभाग मनोज कुमार ने किया। मौके पर उपायुक्त लोकेश मिश्रा, उप विकास आयुक्त नीतीश कुमार सिंह सहित अन्य वरीय पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। आयोजित कार्यक्रम के दौरान सचिव ने ग्रामीणों से मिलकर उन्हें सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जो भी योग्य लाभुक अब तक सरकार की



योजनाओं का लाभ नहीं ले पाये हैं, वे शिविर में आकर लाभ प्राप्त कर सकते हैं। सचिव ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉल का निरीक्षण करते हुए प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली और उनके त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि आमजनों की सम्स्याओं का समाधान अधिकारियों की प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी प्राप्त आवेदनों का ससमय निष्पादन किया जाय। साथ ही आवेदकों को आवेदन की प्रक्रियाओं के संबंध में फॉलो अप भी दिया जाय।

उन्होंनी पेंशन योजना के लाभुकों का ऑन द स्पॉट स्वीकृति देने के निर्देश दिए। कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण को लेकर आमजनों के बीच फलदार पौधे का वितरण किया गया, ताकि पर्यावरण संरक्षण के प्रति हम सभी सजग बनते हुए ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाएं। कार्यक्रम के दौरान अबुआ आवास योजना, कल्याण विभाग, बिरसा सिंचाई कूप, साइकिल वितरण योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, आपूर्ति, पंचायती राज, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मनरेगा, पेयजल और स्वच्छता विभाग, कृषि सहकारिता पशुपालन और मत्स्य विभाग, राजस्व, ऊर्जा, स्वास्थ्य, जेएसएलपीएस विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर आमजनों को योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में अबुआ आवास योजना व गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के आवेदन प्राप्त किये गये।

## नौकरी की मांग को लेकर रैयतों का पुरनाडीह परियोजना 20 दिसंबर से अनिश्चितकाल बंदी

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** नौकरी की मांग को लेकर रैयत पुरनाडीह परियोजना का काम बीस दिसंबर से अनिश्चितकाल के लिए बंद करा देंगे। इस संबंध में हेंजदा एवं कुटकी के रैयत ने पुरनाडीह प्रबंधन को एक पत्र भी दिया है। पत्र में कहा है कि उनकी भूमि सीसीएल द्वारा पुरनाडीह परियाजना के खनन कार्य के लिए सन 1990 में अधिग्रहित किया गया है। परियोजना शुरू होने के उत्साह में ग्रामवासियों ने सी.सी.एल. प्रबंधन को अपनी भूमि खनन कार्या के लिए समर्पित कर दिया। प्रबंधन द्वारा यह आश्वासन दिया गया है कि हमारे वंशज और परिवार का पूरा ख्याल रखा जायेगा और अधिग्रहित भूमि के बदले में नौकरी एवं मुआवजा भी दिया जायेगा। जिससे प्रेरित होकर रैयत अपना भूमि को प्रबंधन को सौप दिये। पूर्व में परिवार के कुछ सदस्यों को नौकरी भी दिया गया है परन्तु अभी वर्ष 2019 एवं 2020 के निर्गत नियुक्ति-पत्र को अभी तक नहीं दिया गया है। जिससे नौकरी से वंचित हैं जिनमें यशवंत भोगता, ज्ञान भारती, रूप लाल भोगता, राम विलास गंझू, बुधनी देवी और संगम कुमारी का नाम शामिल है। उपरोक्त सभी नियुक्ति पत्र को पाने के लिए प्रबंधन द्वारा जितना भी जिम्मेवारी रैयतों को दिया गया उसे पूरा किया परन्तु प्रबंधन का रवैया जैसा का तैसा ही बना हुआ है। कई बार रैयतो ने आग्रह किया है परन्तु अभी तक कोई पहल प्रबंधन द्वारा नहीं किया गया है। वही अधिकारी और कर्मचारी के व्यवहार से निराश होकर सभी ग्रामवासी बाध्य होकर पूरनाडीह परियोजना का अनिश्चितकालीन चक्का जाम 20 दिसम्बर को सुनिश्चित किया गया है। पुरनाडीह परियोजना का उत्पादन एवं ट्रांसपोर्टिंग अनिश्चित काल के लिए ग्रामीणों द्वारा बन्द करा दिया जायेगा। प्रबंधन को दिए गए पत्र में रैयत धनराज भोगता, राम विलास गंझू, महेंद्र भोगता,राम कुमार साह, गंगीता, महेंद्र गंझू, सुखदेव गंझू, अजीत भोगता, सागर गंझू, संतोष गंझू, जेठा गंझू, संतोष उरांव, राहुल गंझू, सोमर गंझू, भूखनी देवी, अनिता देवी, लालू गंझू आदि के हस्ताक्षर है।

## खलारी सीओ ने सरकारी भूमि से अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाया



**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी अंचल अंतर्गत बुधवार को सीओ शिशुपाल आर्य ने खलारी स्टेषन रोड़ स्थित बैंक चैंक से होंडा शोरूम तक अभियान चलाकर सरकारी श्रेणी की भूमि से अतिक्रमण हटाया। मौके पर खलारी थाना के सअनि देवबंद सिंह सदलबल उपस्थित थे। वहीं इस संबंध में सीओ शिशुपाल आर्य ने बताया कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान उन्होने पाया कि बैंक चैंक के आसपास व होण्डा शो-रूम तक सरकारी श्रेणी की भूमि में कई लोग अवैध कब्जा कर तेजी से निर्माण कार्य कर रहे है। उन्होने इसकी सुचना खलारी थाना को देकर पुलिस बल के साथ जेसीबी वाहन व ट्रैक्टर मंगाकर खाली पड़े आधा दर्जन निमार्णाधीन घरों को गिरवा दिया। इसके साथ ही कई जगहों में निर्माण के लिये रखे गये ईट व बालु को भी जब्त कर वहां से हटाया। मौके पर सीओ ने कहा कि सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर बनाये अन्य घरों में रहने वाले लोगों को नोटिस दिया जायेगा और उन्हे भी ध्वस्त किया जायेगा। साथ ही कहा कि झील होटल के पास मिट्टी गिराकर तालाब भरने वाले लोगो के उपर भी खलारी थाना में केस किया जायेगा।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** कोयलांचल क्षेत्र के राय पंचायत में बुधवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पूरे देश में केंद्र सरकार द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनोज कुमार महतो ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 नवंबर को खूंटी जिला से विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया था,जिसके बाद सभी पंचायत में इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन कर केंद्र सरकार की योजनाओं को ग्रामीणो तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। साथ ही भारत को विकसित बनाने के लिए शपथ भी लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र प्रायोजित योजना जैसे उज्वल योजना,पीएम आवास,स्वस्थ भारत मिशन, योजनाओं के बारे में सभी को विस्तृत रूप से जानकारी दी जा रही है और लाभार्थी अपना अनुभव को मेरी कहानी मेरी जुबानी में अपना अनुभव को साझा कर रहे है। इस कार्यक्रम मे मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य सह भाजपा नेता मनोज कुमार महतो, विधायक प्रतिनिधि श्याम सुंदर सिंह, मुखिया शीला देवी, उप प्रमुख सुमन देवी, परमेश्वर महतो, लालेश्वर महतो, रेखा देवी, सरोज देवी, सरिता देवी, अनीता देवी, सुमन देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

### विश्रामपुर पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

## ग्रामीणों ने योजनाओं की ली जानकारी, समस्याओं का दिया आवेदन

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** विश्रामपुर पंचायत के पंचायत सचिवालय भवन में बुधवार को बीडीओ लेखराज नाग की अध्यक्षता में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार का आयोजन किया गया। मौके पर प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गा, जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी, अंचल अधिकारी शिशुपाल आर्य, मुखिया दीपमाला कुमारी भी उपस्थित थे। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम में काफी संख्या में ग्रामीणों ने विभिन्न योजनाओं से संबंधित विभागों के द्वारा लगाए गये स्टॉल के माध्यम से राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी ली एवं समस्याओं के



समाधान हेतु आवेदन दिया। इसके साथ ही उपस्थित अतिथियों ने संयुक्त रूप से लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया। वहीं कार्यक्रम में लोगों ने अपनी समस्याओं से संबंधित कुल 1376 आवेदन दिए जिनमें से 830 आवेदनों का निष्पादन तत्काल शिविर में ही कर दिया गया। अन्य आवेदनों को आगे की कारवाई के लिए अग्रसारित किया गया। कार्यक्रम में 51 जाति व 50 आय प्रमाण पत्र लोगों को दिया गया। वहीं मनरेगा अंतर्गत 31 नए जॉब कार्ड का वितरण किया गया, 181 लोगों को श्रम कार्ड दिया गया, 15वें वित्त आयोग के तहत 31 नई योजनाएं स्वीकृत की गयी। इसके अलावा 61 आयुष्मान कार्ड का वितरण हुआ। वहीं स्वास्थ्य जांच शिविर में 85 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गयी। इस दौरान 161 लोगों को कंबल, 291 लोगों को धोती, साड़ी का वितरण किया गया। इसके साथ ही सर्वजन पेंशन के लिए 12 अवदेन, निर्वाचन संबंधित 30 अवोदन, मुख्यमंत्री पशुधन योजना के लिए 09 आवेदन, सावित्री बाई फुले योजना के लिए 04 आवेदन, राशन कार्ड सुधार के लिए 51 आवेदन, आधार पंजियन 05 के अलावा अबुआ आवास योजना के लिए 25 एवं किसान क्रेडिट कार्ड के लिए 05 आवेदन सहित अन्य विभागों के लिए भी लाभुकों ने आवेदन दिया गया।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन



**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी प्रखंड में विकसित भारत संकल्प यात्रा वाहन का परिचालन बुधवार को राय और मायापुर पंचायत में हुआ। इस दौरान मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य बुडमु पूर्वी सह भाजपा नेता मनोज महतो वाजपई कार्यक्रम में उपस्थित रहें। कार्यक्रम के माध्यम से जनता तक मोदी सरकार द्वारा किए गए विकास योजनाओं से रूबरू काराया गया। वहीं उपस्थित लोगों ने विकसित भारत निर्माण का षपथ लिया। वहीं लाभुक महिला पुरुष अपनी आप बीती भी बताए। मायापुर पंचायत में मंत्री अनिल गंझू और मंडल संयोजक रामसूरत यादव की भूमिका अहम रही। जबकि राय पंचायत में खलारी मंडल भाजपा मंत्री राजू गुप्ता, रितेश केशरी तथा विधायक प्रतिनिधि श्याम सुन्दर सिंह की भूमिका अहम रही। मौके पर परमेश्वर, लालेश्वर महतो, रेखा देवी, सरोज देवी, सरिता देवी, अनीता देवी सुमन देवी एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## पेड़ की मोटी टहनी गिरी, बाल-बाल बचे बच्चे



**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी के नवसृजित प्राथमिक विद्यालय गुलजारबाग के भवन से सटे एक बड़े पेड़ का मोटा टहनी बुधवार दोपहर अचानक टूटकर गिर पड़ा। इस घटना के समय स्कूली बच्चे मध्यान्ह भोजन कर रहे थे। कई बच्चे पेड़ के निकट ही धूप में आकर भोजन कर रहे थे। संयोगवश जहां टहनी गिरा वहां कोई बच्चा नहीं था, अन्यथा बड़ी दुर्घटना घट जाती। मोटी टहनी के गिरते ही बच्चे चिल्लाते हुए वहां से भागे। निकट के डीएसपी कार्यालय के लोग सहित आसपास के राहगीर वहां पहुंच गये। स्कूल के निकट लोगों की भीड़ लग गयी। सभी कह रहे थे, बच्चे बाल-बाल बच गये। स्कूल का अपना चाहरदीवारी अभी तक नहीं बना है। वहीं पेड़ उपर से हरा होने के बावजूद अंदर से सड़ा हुआ है। आगे भी पेड़ का दूसरा टहनी गिर सकता है। इस सड़े पेड़ को जल्द काटकर हटाने में ही बच्चों की सुरक्षा है।

## खलारी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का संयुक्त सम्मेलन आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** खलारी प्रखंड में कांग्रेस आपके द्वारा कार्यक्रम के तहत केडी स्थित नेहरू क्लब में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ महिला कांग्रेस और युवा कांग्रेस का संयुक्त सम्मेलन आयोजित हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता महिला कांग्रेस प्रखण्ड कमेटी अध्यक्ष नीलू विष्वकर्मा और संचालन युवा कांग्रेस खलारी प्रखंड अध्यक्ष धीरज बहादुर थापा ने किया। वहीं



सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय उपस्थित थे। वहीं विषिश्ट अतिथि कांग्रेस प्रदेश महिला अध्यक्ष गुंजन सिंह, कांग्रेस लेबर सेल प्रदेष महसचिव राजन सिंह राजा, प्रदेष सचिव इंदिरा देवी, सुंदरी तिर्की, अब्दुल्लाह अंसारी, मेरी तिर्की, युवा कांग्रेस के कुलदीप राम, खालरी प्रखंड के चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष राजेश सिंह मिंटू, खलारी प्रखण्ड अध्यक्ष साबीर अंसारी उपस्थित थे। सम्मेलन में युवा कांग्रेस और महिला कांग्रेस के मंडल अध्यक्ष, पंचायत अध्यक्ष, पंचायत प्राभारी को आगामी चुनाव के लिए तैयार रहने के लिए विषेश रूप से दिशा निर्देश दिए गये। वहीं बनाये गये सभी नये पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सुबोधकांत सहाय ने कहा कि संगठन बनाने के जितने काम अधूरे हैं उनको 10 दिनों में पूर्ण करें। कहा कि देश की महिलाओं पर अत्याचार बढ़ गया है भाजपा शासन में महिला उत्पीड़न में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। देश के युवा बेरोजगार है डिग्रिया लेकर घूम रहे है। देश पर इनके साशनकाल में एक लाख करोड़ का कर्ज बढ़ गया है। वहीं कोयला खदानों को कुछ लोगों को देकर देश को लूटने में लगा दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के साशन में कुछ अमीर और अमीर हुए जबकि गरीब भूखों मरने पर विवश है। प्रदेष सचिव इंदिरा देवी ने कहा कि कांग्रेस हर वर्ग के लोगों को अपने साथ में लेकर चलती है। इस अवसर पर काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण खबरें

### पुलिस की जांच में लगा आरोप बेबुनियाद

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू थाना क्षेत्र के थाना टोली निवासी कन्हैया लाल भगत की पत्नी अर्चना देवी द्वारा बुंडू थाना में दर्ज कांड संख्या 41/2023 दिनांक 23/4/2023 धारा-341/354/504/506/509/427/34 भादवि और 3/ 4 डायन प्रतिषेध अधिनियम के तहत बुंडू के महावीर मंदिर टोली उज्जवल महतो उम्र 44 वर्ष पिता रामप्रसाद महतो उम्र 75 वर्ष बाप बेटा व भाई विकास महतो उम्र 30 वर्ष के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गयी थी जिसमें गाली गलौज जान से मारने की घमकी छेड़ छाड डायन विसाईन का आरोप लगाया गया था कांड के अनुसंधानकर्ता पुलिस अवसर निरिछक जुली टुडू महिला थाना बुडू को बनाया गया था जिसमें अनुसंधानकर्ता ने कांड को असत्य करार दिया डीएसपी बुंडू एसएसपी रांची ने उक्त कांड को भी असत्य करार दिया और जांच प्रतिवेदन न्यायालय को समर्पित कर दिया इस कांड मे अनुसंधानकताओं ने 19 गवाहों व सीसीटीवी कैमरे की फुटेज लोकेशन की जांच की गयी जाचोपरात सभी आरोप झूठा साबित हुआ और अनुसंधानकर्ता द्वारा न्यायालय को अंतिम रिपोर्ट 30/10/2023 को दी गयी अनुसंधानकताओं द्वारा कांड की वादिनी को सीसीटीवी फुटेज मांगने पर नही दिखाये जा सके इस तरह एक रिटायर शिछक 75 वर्ष पर लगे आरोप बेबुनियाद साबित हुए राम प्रसाद महतो ने न्यायालय व पुलिस अधिकारी पर आस्था वयक्त किया है खबर को बढिया से छापना है।

### जनजाति समाज को बचाने के लिए एकजुटता जरूरी: संदीप



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** संघ भवन खूंटी में बुधवार को जनजाति सुरक्षा मंच के बैनर तले जनजाति समाज की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि जनजाति समाज रक्षा सुरक्षा संवर्धन पर गहन विचार विमर्श किया गया। जनजाति समाज पर विदेशी षड्यंत्रकारियों द्वारा हमला किया जा रहा है, ताकि जनजाति समाज अपने धर्म संस्कृति से अछूता रहे। अपने जनजाति समाज को दूर करने का षड्यंत्र रचा जा रहा है। इसे दूर करने के लिए हमें संगठित होकर कार्य करना है। उत्तर मध्य क्षेत्र के संयोजक संदीप उरांव ने कहा कि जनजाति समाज परंपरा, रूढ़िवादिता, जंगल-जमीन तथा जनजाति समाज के लिए बिरसा भगवान ने वन-पर्वतों के सुदूर गांव में लोगों को जागरूक रहने के लिए जगह-जगह पर बैठक की थी।

### ऑटो पलटने से व्यवहार न्यायालय के रात्रि प्रहरी की मौत, पत्नी घायल



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** तारो सिलादोन-खूंटी सड़क पर बेलाहाथी तजना नदी पुल के पास अनियंत्रित होकर बुधवार की शाम सवारी से भरे एक ऑटो के पलट जाने से व्यवहार न्यायालय खूंटी के रात्रि प्रहरी महावीर प्रसाद लहरी की मौत हो गयी। इस दुर्घटना में महावीर प्रसाद की पत्नी अनिता देवी घायल हो गयी। घटना की जानकारी देते हुए मृतक के दामाद रोमाली ने बताया कि ऑटो पलट जाने से महावीर प्रसाद लहरी की घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। पति-पत्नी बाजार गये हुए थे और अपने ही ऑटो से सिलादोन गये हुए थे और लौटने के क्रम में ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। मृतक की बेटी नम्रता कुमारी ने बताया कि हमलोग चार बहनें और एक भाई है। परिवार की परवरिश करनेवाले मात्र पिताजी ही थे। घायल अनिता देवी व उनके दामाद ने अस्पताल में बताया कि लीज पर खेत लेकर उसमें खेती भी करते हैं। वहीं ईख उगाए हैं जिसे बेचने के लिए दोनों पति- पत्नी तारो सिलादोन गये थे। शाम को अपने ही ऑटो से वापस लौट रहे थे। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस खूंटी थाना की पुलिस ने अस्पताल जाकर पंचनामा तैयार करा केस दर्ज किया। शोकाकुल परिवार से मुलाकात करने व्यवहार न्यायालय के कई अधिकारी और कर्मचारी सदर अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने शव का पोस्टामर्टम कराकर स्वजनों को सौप दिया।

### आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू प्रखंड के चुरगी पंचायत में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा में विभिन्न विभागों के1907 आवेदन प्राप्त किए गये जिसमें सिर्फ अबुआ आवास योजना के 810 आवेदन तथा नया जॉब कार्ड में 190आवेदन दिया गया बाकी 907 आवेदन में 50 आवेदन का निष्पादन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कार्यपालक दंडाधिकारी संदीप अंजली मेहता तथा बुंडू प्रमुख राजकुमार बिंझिंया उपस्थित हुए बुंडू प्रमुख ने कहा कि सरकार आवेदन का जल्द निष्पादन करे। इस अवसर पर उप प्रमुख सीमा देवी बीडीओ रेणु कुमारी सीओ पवन कुमार मुखिया सिद्धार्थ अनुमंडलीय अस्पताल उपाधीक्षक डॉ दिलीप सहित अंचल के सभी विभागों के लोग मौजूद थे।

### आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत बुंडू के वार्ड नंबर 09 स्थित पुराना बाजार टोली में झारखंड सरकार द्वारा चलाए जा रहे हैं आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से कुल 405 आवेदन आए जिसमें से 396आवेदनों का निष्पादन किया गया। मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी शुभम पोद्दार नगर प्रबंधक अनूप कुमार मुकेश सिंह महफूजुर रहमान प्रधान सहायक संदीप शर्मा दिनेश भगत सिद्धार्थ बिद उमेश सेठ प्रदीप पल्लव नायक आदि उपस्थित थे।

### शिविर में किया जा रहा समस्याओं का समाधान



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** राज्य के ग्रामीण क्षेत्र में रह रहे लोगों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने के उद्देश्य से आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम अंतर्गत ऑन द स्पॉट आम लोगों की समस्याओं का समाधान करते हुए अन्य योजनाओं का लाभ भी दिया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को कर्रा प्रखंड की जरियागढ़ पंचायत में आयोजित शिविर के दौरान मतियस होरो को बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन मिशन के तहत कूप निर्माण का स्वीकृति पत्र दिया गया। लाभुक बताते हैं कि उनका पूरा परिवार खेती पर ही निर्भर है। उनके पास खेती योग्य कुछ जमीन है, पर सिंचाई की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण वह अपने सभी भूमि पर खेती करने में सक्षम नही था।

# राज्य सरकार विकास के प्रति कृतसंकल्पित है : नेहा तिर्की

**बेड़ो में महादानी मंदिर के सुंदरीकरण कार्य समेत चार योजनाओं का शिलान्यास**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** झारखंड सरकार के पर्यटन विभाग से प्रखंड मुख्यालय के महादानी मंदिर में शौचालय निर्माण और फेबर ब्लॉक लगाने के कार्य का बुधवार को मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने नारियल फोड़कर और शिलापट्ट का अनावरण कर शिलान्यास किया। मौके पर विधायक ने कहा कि महादानी मंदिर आस्था का बड़ा केंद्र है। इसलिए इसका विकास करना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि मंदिर तथा आस पास के क्षेत्रों को सुंदर और विकसित किया जा रहा है। ताकि प्राचीन और ऐतिहासिक मंदिर को दर्शनीय बनाया जाये। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विकास के प्रति कृतसंकल्प है। जहां हर वर्ग का ख्याल रखकर विकास कार्य करवायें जा रहें हैं। मांडर विधानसभा के सम्पूर्ण क्षेत्र में बिना भेदभाव विकास कार्य करवायें जा रहें हैं। उन्होंने कहा कि जलमीनार के बनाने की यहां के लोगों की बहुत पुरानी मांग थी। यह कार्य आगामी कुछ महीने में पूरा हो जायेगा। जिससे ग्रामीणों को काफी राहत मिलेगी। यहां नल के माध्यम से प्रत्येक घर में जलापूर्ति होगी। हमारी बहनों को पानी के लिए घर से बाहर नहीं जाना पड़ेगा। इसके पूर्व विधायक ने विधायक मद से बनने वाली मुरतो अखरा निर्माण कार्य, हरिहरपुर जामटोली गांव में अखरा सुंदरीकरण और हरहंजी गांव में बजरंगबली मंदिर के चबूतरा और हूटार गांव में जल जीवन मिशन के तहत बनने वाली जलापूर्ति योजना का शिलान्यास किया। मौके पर जिप सदस्य पार्वती कुमारी, बेरोनिका उरांव, उपप्रमुख मोददसिर हक विधायक प्रतिनिधि नवल किशोर सिंह, करमा उरांव, मुखिया सुशांति भगत, लक्ष्मी कोया, मनकू कुजूर, जगरनाथ भगत, सुनील कच्छप, पिंकू खन्ना, ईश्वर बड़ाइक, शंभु बैठा, सिलवेस्टर, बजरंग, जेई विजय, मतिया महतो मौजूद थे।

# विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र मुंडा ने विभिन्न विकास योजनाओं की रखी आधारशिला

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** खिजरी विधायक राजेश कच्छप के विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र मुंडा ने बुधवार को प्रखण्ड के विभिन्न पंचायत क्षेत्रों में करोड़ो की विकास योजनाओं की आधारशिला रखी। विधायक प्रतिनिधि ने सबसे पहले गेतलसूद पंचायत में डीएमएफटी मद से रेशम गांव से हुंडरू फॉल रोड तक बनने वाले 700 फीट पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। उसके बाद डीएमएफटी मद से हीं चिलदाग पंचायत के सिमलिया में उत्क्रमित मध्य विद्यालय की चारदिवारी निर्माण कार्य, एसएस प्लस टू उवि चिलदाग में पेभर ब्लॉक पथ निर्माण, साल्हन पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेड़वारी में चारदिवारी निर्माण कार्य और लुपूंग पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय लुपूंगढीपा में चारदिवारी निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र मुंडा ने कहा कि खिजरी विधायक क्षेत्र के सर्वांगिण विकास के प्रति कृतसंकल्प है। उनकी कोशिश हैं कि प्रत्येक गांव-टोला में अधिक से अधिक लोगों तक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करायी जाये। मौके पर प्रमुख दीपा उरांव, पंसस अनुराधा मुंडा, उपप्रमुख जयपाल हजाम, मुखिया शांति मुण्डा, दुर्गा पहान, सरिता तिर्की, शांति देवी, पंसस कृष्णा महतो, कुंती देवी, उपमुखिया शंकर बैठा, विमला चैधरी, कांग्रेस के एतवा उरांव, अजय तिर्की, कुलेश्वर मुण्डा, अनिता देवी, रब्बानी राज, भाजपा के जगेश्वर महतो, रामसाय मुण्डा, रामनाथ महतो, सुनील कु महतो, गौरीशंकर सिंह मुंडा आदि मौजूद थे।

# जरूरतमंदों को योजनाओं से जोड़ना कार्यक्रम का उद्देश्य : बलराम सिंह

**बेड़ो के नेहालु और मुरतो में हुआ हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम**

आजाद सिपाही संवाददाता


कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि।

**बेड़ो।** हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम के तहत मंगलवार को प्रखंड के नेहालु और मुरतो के पंचायत भवन में कार्यक्रम आयोजित कर केंद्र सरकार द्वारा चलाई जाने वाली विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी। आयोजन के संबंध में अपने विचार व्यक्त करते हुए भाजपा के मंडल महामंत्री बलराम सिंह ने कहा कि कार्यक्रम के आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों के बीच केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करना है साथ ही जरूरतमंदों को योजनाओं से जोड़ना कार्यक्रम का उद्देश्य है।

उन्होंने केंद्र से संचालित विभिन्न योजनाओं के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि केंद्र सरकार का हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम केंद्र सरकार की ओर से समाज की अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास है। इस मौके पर बीडीओ संग्राम मुर्मू बीपीओ संजय तिर्की, पुरुषोत्तम भाई पटेल, पंचायत के मुखिया बीरेंद्र भगत सुदर्शन प्रसाद गुप्ता पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित थे।

# व्यक्तिगत खाता और मानदेय वृद्धि को लेकर पीआरपी और बीएपी संघ करेगा आंदोलन

**2014 से कार्यरत पीआरपी और बीएपी को आज तक महंगाई भत्ता का लाभ तक नहीं मिला**

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** झारखंड राज्य आजीविका पीआरपी, बीएपी संघ की राज्य स्तरीय कार्यकारणी समिति की बैठक बुधवार को नगड़ी मैरिज हॉल में प्रदेश अध्यक्ष मुन्ना कापरी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक को संबोधित करते हुए संघ के वक्ताओं ने कहा कि ग्रामीण विकास विभाग के तहत संचालित झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी में कार्यरत पीआरपी और बीएपी पूरे प्रदेश में सरकार की विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं को धरालत में उतारने का कार्य कर रही है, लेकिन सरकार पीआरपी और बीएपी को उनके कार्य के बदले उनके व्यक्तिगत खाता में मानदेय तक नहीं दे पा रही है। पूरे प्रदेश में आधी आबादी यानी ग्रामीण महिलाओं की उनकी आजीविका में सुधार कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के क्षेत्र में लगे हुए हैं, लेकिन खुद पीआरपी और बीएपी अपनी आजीविका बचाने के जदोजहद कर रहे हैं। 2014 से जेएसएलपीएस में कार्यरत पीआरपी और बीएपी को आज तक महंगाई भत्ता का लाभ तक नहीं मिल पाया है और न ही एचआर पॉलिसी से जोड़कर एफटीई का लाभ दिया गया है। ऐसे में पूरे प्रदेश के सभी पीआरपी और बीएपी नाराज है। कार्यकारणी समिति की बैठक में सभी जिला से आये सभी संघ के पदाधिकारियों ने सर्वसहमति से निर्णय लिया की जल्द ही मांगों पर विभाग और सरकार पहल नहीं करती है तो संघ आंदोलन की ओर बढ़ेगी। राज्य के अभी तक सिर्फ आश्वासन ही मिला है। विभाग से आश्वाशन मिलने के बाद भी अभी तक हमारी मांग के ऊपर कोई सकारात्मक पहल नही किया गया, इसको लेकर झारखंड के समस्त पीआरपी, बीएपी आक्रोशित है। इसी पर सभी ने चर्चा करके आगे की रणनीति तय करते हुए संघ दिसंबर में मांगो को लेकर विरोध प्रदर्शन करेगी। मौके पर मुन्ना कापरी नरायण महतो, मुस्तकीम राजा, ऋचा देवी, कार्तिक साहू, दीपक, सबिता, अजय, आलोक, अतुल, अर्चना, सत्यजीत, बेबीवला सुधा, रेशमी, दीपक सहित सभी जिला के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## वाइबीएन विश्वविद्यालय में फेयरवेल कम फ्रेशर्स पार्टी का हुआ आयोजन




नामकुम (आजाद सिपाही)। वाइबीएन कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग कवाली रांची में बुधवार को बी-एड सत्र 21-23 का फेयरवेल और 23-25 का फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे चेयरमैन रामजी यादव, कुलपति डॉ नरेश कुमार गुप्ता, मुख्य कार्यकारी अधिकारी इंजीनियर दीपक कुमार , कुलसचिव प्रोफेसर डॉ. श्रीरमन दुबे, डायरेक्टर आएक्यूएसी डॉ. आशीष सरकार, डीएसडब्ल्यू डॉ अर्पणा शर्मा, प्राचार्य सर, बीएड विभागाध्यक्ष डीएलएड विभागाध्यक्ष के सभी शिक्षकगण उपस्थित थे। इस मौके पर रामजी यादव ने सभी छात्र छात्राओं को भविष में आगे बढ़ने के लिये प्रोत्साहन किया। साथ ही उन्होंने कहा कि नवनामकित छात्र छात्राओं को सम्मानित कर महाविद्यालय परिसर में तराशने और संवारने के लिये सम्मलित करने जा रहे है। इस आयोजन में मिस्टर फ्रेशर बिपिन रंजन नौरंगी, मिस फ्रेशर जस्मिनी टोप्पो, मिस्टर फेयरवेल रितेश तिर्की, मिस फेयरवेल अनुप्रिया वेक का चयन किया गया।

## सन्नी टोप्पो ने मृतक के परिवार को किया आर्थिक सहयोग



बेड़ो (आजाद सिपाही)। प्रखंड के बोदा डिपाटोली और जरिया कटर माली गांव में बुधवार को भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो के प्रतिनिधि रंजन गुप्ता,नारायण महली,रमेश भगत, प्रदीप कुमार, पुनई उरांव ने पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर मृतक मंगरी देवी और लक्ष्मण महतो के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख प्रकट करते हुए स्वजनों को ढांढस बंधाया।साथ ही खाद्य सामग्री सहयोग किया। वहीं रंजन गुप्ता ने कहा कि आप के हर सुख-दुःख में सदैव आपके साथ खड़ा हूं। मौके पर मृतक के फुलमनी देवी, बंधन महली, एतो महली, सरस्वती देवी, रुद्रमणि देवी, कृष्णा महतो, सुनीता कुमसरी मौजूद थे।

## जिला परिषद सदस्य आशुतोष की अनूठी पहल



चान्हो (आजाद सिपाही)। चान्हो पूर्वी के ज़िला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी द्वारा सरकार आपके द्वार योजना को लेकर पंचायतों में जनता को जागरूक करने के लिए बुधवार को जागरूकता रथ रवाना किया गया। उन्होंने कहा कि सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना को जरूरतमंदों तक पहुंचाने के लिए ये पहल की। साथ ही उन्होंने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं में बिचौलिए हावी रहते हैं। इस मौके पर चान्हो के अंचलाधिकारी संजीव कुमार, मुखिया चंपा उरांव, रेखा सांगा, सुषमा देवी, राजेंद्र मुंडा, जावेद खान, उदय सिंह, रमेश सिंह,नेयाजुल खान, अनिल साहू, विजय सोनी, कयूम अंसारी, रामचरण साहू, अनुज मुंडा, इमरोज खान, मनोज मुंडा सहित अन्य लोग मौजुद थे।

## प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को मिला पुरस्कार

नामकुम (आजाद सिपाही)। कैंब्रिज ग्रुप के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों को ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड (बीआईएस) के क्रिया कलापों की जानकारी देने के उद्देश्य से आयोजित प्रश्नोंत्तरी प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों के बीच बुधवार को ट्रॉफी, मेडल व सर्टिफिकेट का वितरण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन भारतीय मानक ब्यूरो उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजानिक वितरण मंत्रालय भारत सरकार के जमशेदपुर शाखा के तत्वाधान में किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को हॉल मार्क, आईएसआई, आईएसओ आदि के बारे में जानकारी दी गयी। बता दें कि प्रतियोगिता का आयोजन क्रमवार कैंब्रिज ग्रुप के सीआईटी, सीआईपी और कैंब्रिज स्कूल में किया गया था। जिसमें कुल 350 विद्यार्थियों ने भाग लिया। रिसोर्स पर्सन के रूप में अब्दुल रज्जाक अंसारी, रामेश्वर प्रसाद व किसलय कुमार ने भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्टैंडर्ड प्रमोशन ऑफिसर सौरव राय की भूमिका अहम रही। मौके पर सीआईटी के प्राचार्य डॉ एल रंगनाथन, डॉ नविन सिन्हा, डॉ विजय शंकर सिंह, प्रो अरशद उस्मानी, प्रो श्रीकांत, प्रो विनीत, प्रो विजय, प्रो जयदेव कुम्भकार, ज्योति भूषण गुप्ता के साथ कैंब्रिज ग्रुप के शिक्षक मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## बाढ़ू नवाटोली में सिंगबोंगा जतरा का आयोजन

पिठोरिया(आजाद सिपाही)। बाढ़ू नवाटोली में सिंगबोंगा जतरा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बाढ़ू, नवाटोली, जमुवारी, सेमरटोली, बरवाटोली, गुमला, बेड़ो, सिरांगो, पहाड़ी टोला रांची सहित कई गांव के खोड़हा मंडली पारंपरिक परिधान में सामूहिक नृत्य करते जतरा स्थल पहुंचीं। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टीएसी के पूर्व सदस्य रतन तिर्की ने कहा कि रांची विश्वविद्यालय के नवीन परिसर के लिए सरकार द्वारा बाढ़ू, नवाटोली, जमुवारी, कोकदोरो, मदनपुर, सुतियांबे, पिठोरिया के दर्जनों किसानों की कृषि योग्य रैयती जमीन जबरन अधिग्रहण किया जा रहा था। संघर्ष कर जल, जंगल, जमीन पर मालिकाना हक पाया है। आनेवाले दिनों में जिसकी भी सरकार हो जमीन से हमें बेदखल नहीं करें। जमीन हमारी सभ्यता और संस्कृति का हिस्सा है। इसके अलावा संरक्षक अशोक उरांव, अध्यक्ष योगेन्द्र उरांव, महेंद्र पीटर तिग्गा, जिप सदस्य कमीश्नर मुंडा, सोहराई टोप्पो, जमील अख्तर, पंकज सोनी, नितू अग्रवाल, बबुआ मुंडा, डॉ. बिनोद उरांव ने भी संबोधित किया।

## लापुंग में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम संपन्न



लापुंग। लापुंग प्रखंड के महूगांव पंचायत सचिवालय में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी मुख्य अतिथि जिला पंचायती राज पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार चौबे, प्रखंड विकास पदाधिकारी एमानुएल जय वीरस लकड़ा, अंचलाधिकारी पंकज कुमार व मुखिया मेरी होरो के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित पर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम कुल 1264 आवेदन में सबसे ज्यादा अबुआ आवास के 463 आवेदन आये। परिसंपत्ति का वितरण आय, आवासीय, जाति प्रमाण पत्र वितरण किया गया, किशोरी समृद्धि योजना, वृद्धा, विधवा पेंशन, वन विभाग से अमरूद के पौधा वितरण किया अन्य परिसंपत्ति का वितरण किया गया। मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पादाधिकारी मो इम्तियाज, सहकारिता पदाधिकारी विनोद नारायण झा, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य के अलावे प्रखंड और पंचायत के कर्मचारी और पदाधिकारी मौजूद थे ।

## पिठोरिया चौक से पैशन प्रो बाइक चोरी


पिठोरिया (आजाद सिपाही)। पिठोरिया चौक से काले रंग का हीरो पैशन प्रो बाइक चोरी होने की सूचना है। जानकारी के अनुसार सुकुरहुट्टू निवासी मोजिबुल अंसारी अपने रिश्तेदार फखरुद्दीन अंसारी की बाइक (रजिस्ट्रेशन संख्या JH01CH 9540) लेकर पिठोरिया चौक आया था। चौक में दोपहर लगभग 2 बजे अपनी बाइक खड़ी कर कुछ खरीददारी करने गया। खरीददारी कर वापस गाड़ी के पास लौटा तो बाइक गायब था। इस संबंध में उन्होंने पिठोरिया थाना को प्राथमिक के लिए लिखित आवेदन दिया है।

## कंबल का वितरण



खलारी (आजाद सिपाही)। पियारटांड़ में जरूरतमंद, वृद्ध, असहाय, महिलाओं के बीच कंबल का वितरण किया गया। मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा की उपस्थिति में विधायक प्रतिनिधि श्याम सुन्दर सिंह ने 33 जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में बीजेपी खलारी किसान मोर्चा अध्यक्ष गणेश यादव, वीरेंद्र मुंडा, सुकरा लोहार की भूमिका सराहनीय रही।

## तमाड़ में कंबल बांटा



तमाड (आजाद सिपाही)। तमाड़ प्रखंड सांसद प्रतिनिधि ने राजस्व ग्राम नुरीडीह में गरीब वृद्ध और विधवाओं के बीच कंबल का वितरण किया वहीं आंगन बाड़ी केंद्र नुरीडीह में बच्चों के बीच गर्म वस्त्र स्वेटर का वितरण आंगन बाड़ी सेविका रीता यादव और सहायिका मंगला देवी की उपस्थिति में किया गया।

## पूर्व सांसद का जन्म दिवस पहली जनवरी को प्रेरणा दिवस के रूप में मनाने का निर्णय

ओरमांझी (आजाद सिपाही)। जनवरी 2024 के प्रथम दिन पूर्व सांसद राम टहल चौधरी का जन्म दिवस है। जन्म दिवस को प्रेरणा दिवस के तौर पर मनाया जाना है। प्रेरणा दिवस को सफल बनाने के लिए झारखंड नागरिक विकास परिषद के उपाध्यक्ष रणधीर चौधरी की अध्यक्षता में हुई। विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। जन्म दिन समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित करने का फैसला किया गया। बैठक में डॉ. पारस नाथ महतो, डॉ रूद्रनारायण महतो, जय गोविंद साहु, राजीव रंजन सिन्हा, महेंद्र महतो, हर्ष राज, महेश्वर मेहता सहित परिषद के पदाधिकारी उपस्थित हुए। बैठक का संचालन शैलेंद्र मिश्र ने किया।

## कांग्रेसी नेता रामावतार होंगे भाजपा में शामिल



नामकुम (आजाद सिपाही)। खिजरी लोकसभा और विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राजनीतिक नेताओं का एक दूसरे की पार्टी में शामिल होने का सिलसिला जारी है। गौरतलब है कि खिजरी पंचायत के पूर्व मुखिया सह जिला परिषद सदस्य रामावतार केरकेट्टा 17 दिसंबर (रविवार) को भाजपा में शामिल होंगे। बुधवार को आजाद सिपाही से बात करते हुये उन्होंने बताया कि नामकुम बाजार सदाबहार चौक के समीप नयाटोली मैदान में रविवार को भाजपा का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी मौजूद रहेंगे। आगे उन्होंने कांग्रेस सरकार पर महिलाओं को सुरक्षा देने में विफल बताया। कहा कि राज्य का आमजनों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर विश्वास बढ़ता जा रहा है।

## अंतिम संस्कार में शामिल हुए युवा नेता सन्नी टोप्पो, जताया शोक

मांडर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के कुरकुरा गांव निवासी निलेश शाही के अंतिम संस्कार में भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो अंतिम शामिल हुए। उन्होंने मृतक के परिजनों से मिलकर सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि इस हादसे से वह मर्माहत हैं। प्रखंड के कुरकुरा गांव निवासी निलेश शाही की एक सड़क दुर्घटना में मंगलवार को मौत हो गयी। हुरहुरी चौक में तेज गति से आ रही अज्ञान वाहन ने युवक को अपनी चपेट में ले लिया जिससे घायल युवक की रिम्स मे इलाज के दौरान युवक की मौत हो गयी। कुरकुरा ग्राम निवासी ललन सिंह के पुत्र की हुई इस दर्दनाक मौत की सूचना पाकर काफी संख्या में लोग उनके पहुंचे तथा शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। महज 18 साल की उम्र में निलेश शाही ने अंतिम सांस ली।

## जैविक खेती करने की तकनीक सीख रहे हैं गुंदलीटोली के किसान



सिकिदिरी (आजाद सिपाही)। अनगड़ा प्रखंड के बीसा पंचायत अन्तर्गत गुन्दलीटोली गांव निवासी उन्नत जैविक/प्रकृति किसान शिवचरण बेदिया का खेती देखने सिल्ली, तमाड़, कांके , ओरमांझी और बुंडू प्रखंड के 45 सदस्यीय किसानों के समूह जैविक खेती की तकनीक सिखने पहुंचे। शिवचरण बेदिया पिछले कई वर्षों से दिव्यायन कृषि विज्ञान केन्द्र रामकृष्ण मिशन आश्रम मोराबादी रॉची के मार्गदर्शन में जैविक / प्रकृतिक विधि से खेती कर अपने जमीन की उर्वरा शक्ति को बनाये रखने के साथ -साथ लोगों को विशाक्त मुक्त फल सब्जी उपलब्ध करा रहे हैं। इन्होंने जैविक खाद घनजिवामृत, द्रव्यजिवामृत, शस्यगव्य, कुनापाजला और जैविक कीटनाशक में दसपर्णी, अग्नेयस्त्र, नीमास्त्र, आदि का प्रयोग कर अच्छे उत्पादन कर रहे हैं। इसको देखते हुए विभिन्न प्रखंडों से किसान प्रकृतिक खेती की तकनीक सिखने के लिए आते हैं। शिवचरन बेदिया को देख कर गॉव के अन्य किसान भी जैविक/प्रकृतिक खेती करना प्रारंभ कर दिया है। उनमें से शितल बेदिया और निर्मल बेदिया का खेत का भी भ्रमण किया गया। टीम का नेतृत्व रामकृष्ण मिशन आश्रम के प्रतिनिधि अरविंद कुमार महतो कर रहे थे।

## विधवा महिलाओं के बीच कंबल का वितरण



नामकुम (आजाद सिपाही)। ठंड के मौसम के बीच बुधवार को नामकुम प्रखंड के टाटी पश्चिमी पंचायत में 40 विधवा महिलाओं के बीच पूर्व पंचायत समिति सदस्य शैलेश मिश्रा ने कंबल का वितरण किया। जिसे लेकर विधवा महिलाओं के बीच काफी खुशियां देखी गयी। सभी महिलाओं ने पूर्व पंसस के प्रति आभार व्यक्त किया। महिलाओं ने कहा कि ऐसे समाज के कार्य से हमें मदद मिलती है। पूर्व पंसस ने बताया कि सबसे उत्तम सेवा लोगों की जिंदगी बचाना, गरीब और जरुरतमंद लोगों को बराबर सहयोग करना है। कहा कि आप सबों के सुख-दुख में हमेशा खड़ा रहेंगे। इस दौरान समाजसेवी जितेंद्र सिंह के साथ पंचायत के ग्रामीण मौजूद थे।

## आजसू पार्टी के ग्राम प्रभारियों के कार्यशाला शिविर का आयोजन




अनगड़ा (आजाद सिपाही)। आजसू पार्टी अपने संगठन विस्तार और मजबुती के लिए गांव-गांव तक पहुंचने की तैयारी में है। इसको लेकर आजसू कार्यकताओं को विशेष रूप से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी के तहत लुपूंग खेल स्टेडियम में बुधवार को आजसू के केन्द्रीय सचिव सह खिजरी प्रभारी जितेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आजसू पार्टी के ग्राम प्रभारियों का एक दिवसीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केन्द्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत थे जबकि विशिष्ट अतिथि के तौर पर आजसू के केन्द्रीय सचिव पारसनाथ उरांव, केंद्रीय सदस्य विरेन्द्र सिंह भोगता, जलनाथ चैधरी, रोशन लाल मुंडा, अजीत महतो, अनिता गाड़ी, छात्र नेता राजकिशोर महतो, आतिश महतो, वरिष्ठ नेता जगन्नाथ महतो, सज्जाद आलम, मदरा मुंडा आदि उपस्थित हुए। कार्यक्रम में धर्मेन्द्र सिंह, महाबीर महतो, मोहन महतो, सुनील करमाली, अर्जुन राम, किशुन महतो, आशाराम महतो, गणेश उरांव, सरिता उरांव, योगेन्द्र महतो, साहेबराम, किरण देवी, सोनी देवी, संजय कुमार, पारसनाथ महतो, फलिंद्र महतो, जगदीश महतो, जगदीश भोगता, रसल तिर्की, आकाश महतो, गीता देवी, राहुल, प्रेम, राजू महली सहित अन्य मौजूद थे।

# अयोध्या से आया कलश और अक्षत का हुआ पूजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**नीलांबर पितांबरपुर(पलामू):** शोभा यात्रा के साथ अयोध्या से ले गए पीले अक्षत और कलश का पूजन संकट मोचन महावीर मंदिर में किया गया। इसके पूर्व विश्व हिंदू परिषद ,बजरंग दल के तत्वाधान में प्रखंड के अष्टभुजी मंदिर से कलश और पीले अक्षत के साथ शोभा यात्रा निकाला गया। शोभायात्रा संबंधित पंचायत और प्रखंड मुख्यालय के विभिन्न मंदिरों से होते हुए थाना के बगल में स्थित संकट मोचन महावीर मंदिर पहुंचा। जहां शोभा यात्रा का स्वागत महावीर मंदिर निर्माण समिति और सनातन धर्म सभा केंद्रीय समिति के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को लेकर विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष राजीव कुमार सिंह ने कहा कि 1 जनवरी से 15 जनवरी के बीच सभी घरों में पूजित अक्षत और आमंत्रण पत्र पहुंचाया जाएगा। यह सभी कार्यक्रम अयोध्या में विराजमान होने वाले श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा का स्थापना को लेकर किया जा रहा है। सनातन धर्म के केंद्रीय अध्यक्ष अजीत तिवारी ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में राम लला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर नीलांबर पीतांबर प्रखंड के सभी मंदिरों को सजाया जायेगा और दीपोत्सव मनाया जायेगा इसकी तैयारी की जा रही है। शोभा यात्रा का नेतृत्व पंचायत की मुखिया पूनम देवी, मुखिया प्रतिनिधि और सनातन धर्म के केंद्रीय पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार ने किया।

कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड उपाध्यक्ष सौरभ वर्मा, संयोजक आलोक कुमार, रोशन मेहता, मनदीप श्रीवास्तव, अवध किशोर राय, संरक्षक मुनेंद्रनाथ दुबे, महावीर मंदिर समिति के सुदर्शन सोनी, अनिल गुप्ता, सुमित गुप्ता, उमाशंकर सोनी, विजय ठाकुर राधे शामिल थे।

## आपकी योजना,आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

# ऑन स्पॉट 5390 मामले निष्पादित

**शिविर में बुधवार को आये कुल 9587 आवेदन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** इन दिनों जिले में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत ग्रामीण के साथ-साथ शहरी क्षेत्रों में भी शिविर लगाकर लोगों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को 13 पंचायतों व मेदिनीनगर नगर निगम दो वार्डों में शिविर लगाया गया। इन शिविरों में समाचार लिखे जाने तक कुल 9034 आवेदन आये। इस दौरान अबुआ आवास योजना के तहत 5259 आवेदन आये, 350 से अधिक लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। इसी तरह 209 लाभुकों के बीच धोती-साड़ी लुंगी का वितरण किया गया। मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत 526 आवेदन प्राप्त किये गये,156 बच्चियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ दिया गया वहीं सर्वजन पेंशन के तहत 320 आवेदन प्राप्त किया गया। आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार शिविर में अलग-अलग प्रखंडों में अलग-अलग योजनाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किये गये। इस दौरान किसी लाभुक को कंबल वितरण, तो किसी वृद्ध का पेंशन स्वीकृति, किसी को जॉब कार्ड, बच्चियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत चेक प्रदान किया गया। इसी तरह अन्य लाभुकों को अलग-अलग योजनाओं से लाभान्वित किया गया। **गुरुवार को इन स्थानों पर आयोजित होगा कार्यक्रम :** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत 14 दिसंबर को मोहम्मदगंज के पंसा और अन्य ग्राम, हुसैनाबाद के उर्दवार, ऊंटारी रोड के लुम्बासतबहिनी के अन्य ग्राम, चैनपुर के महुगावां,पाटन के किशुनपुर, नीलांबर-पीताम्बरपुर के पिपरा खुर्द, पांकी के ढुब पंचायत, छत्तरपुर के डाली, पिपरा के मधुबाना के अन्य ग्राम, में शिविर लगाया जायेगा। यह शिविर स्थानीय पंचायत भवन में लगाया जायेगा।

**शिविर में किसी लाभुक को कंबल, बच्चियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि समेत अन्य योजनाओं से किया गया लाभान्वित**

## राजवार में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में परिसंपत्ति का वितरण



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। प्रखंड के सिमरबार पंचायत अंतर्गत ग्राम रजवार में बुधवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का दूसरी राउंड के आयोजन में भी ग्रामीणों की उत्साह और उमंग रही। इस दौरान सैकड़ो ग्रामीण कार्यक्रम में पहुंचे और अपने समस्या से संबंधित समाधान कराया। कार्यक्रम में अंचल अधिकारी यामुन रविदास, अकांक्षी प्रखंड कॉर्डिनेटर प्रणव कुमार सिंह, प्रमुख कमला देवी, मुखिया जितेंद्र पासवान ने सभी विभागों के स्टॉलों का जायजा लिया और ग्रामीणों से समस्या से संबंधित जानकारी ली। इस दौरान कई विभागों द्वारा परिसंपत्ति का वितरण किया गया। कार्यक्रम में बीपीओ धर्मेन्द्र कुमार, सरयु बैगा, सीआई प्रगति प्रकाश, पंस विनोद रवि, इंद्रदेव यादव, प्रमुख पति अनिल पासवान, राणा पासवान, प्रमोद पासवान सहित सभी विभाग के अधिकारी व सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।**



## महत्वपूर्ण खबरें

### मुखिया सरिता कुमारी ने बांटा कंबल



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के महुअरि पंचायत के मुखिया सरिता कुमारी के द्वारा गरीब व असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। मुखिया ने पंचायत के विभिन्न गांवों के सैंकड़ो गरीबों को कंबल मुहैया कराया। मौके पर मुखिया सरिता कुमारी ने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। उन्होंने कहा कि हम हमेशा पूरी सादगी ढंग से कंबल वितरण का कार्यक्रम करते हैं, यह कंबल जरूरतमंदों तक पहुंचे इसके लिए पूर्व से ही तैयारी करते हैं और क्षेत्र में घूम घूम कर वैसे लोगों की सूची बनाते हैं जो पूरी तरह लाचार व वेवश हों। मौके पर मुखिया पति बिमलेश पासवान, उप मुखिया सुषमा देवी, वार्ड सदस्य मंजू देवी, अक्षय कुमार सिंह, सिधेश्वर तिवारी, रामस्वरूप राम, दीनानाथ राम समेत कई लोग मौजूद थे।

### पूर्व मुखिया ने किया कंबल का वितरण



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के महुडंड पंचायत के पूर्व मुखिया सह पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष बिजय यादव ने शहर के जेपी चौक पर असहायों के बीच कंबल का वितरण किया। उन्होंने कहा कि बढ़ती ठंढ ने लोगो की परेशानी बढ़ा दी है। इसको देखते हुये दर्जनों गरीब-गुरबो को कंबल दिया गया है। मौके पर मुख्य रूप से निर्मल यादव, वरुण सिंह, विजय कुमार सिंह, मनोज गुप्ता, भीम कुमार, सुरेश प्रसाद यादव, योगेंद्र प्रसाद, रवि रंजन सिंह, मनीष यादव समेत कई लोग मौजूद थे।

### अबुआ आवास योजना की दी जानकारी



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर के बभंडी में चल रहे आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में मासूम आर्ट ग्रुप के द्वारा नुक्कड़ नाटक व गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से लोगो को कैसे सरकारी योजनाओं का लाभ मिले इसके लिए जागरूक किया गया। चैनपुर के बभंडी के अलावा अन्य कई जगह में नाटक कर लोगो को जागरूक किया गया। इस दौरान चैनपुर के सीओ ने कहा की कलाकारों ने नाटक के माध्यम से जो जानकारी दी है लोगो को उसका लाभ लेना चाहिए। मासूम आर्ट ग्रुप के कलाकारों ने शानदार अभिनय के माध्यम से लोगो का मनोरंजन करते हुए विभिन्न योजनाओं को जानकारी दी। खास कर झारखंड सरकार द्वारा लागू की गई नई योजना अबुआ आवास योजना के बारे में कलाकारों ने विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इसी तरह सर्वजन पेंशन, सावित्री बाई फुले,फूलो झानो,साइकल योजना आदि के बारे में भी बताया गया। कलाकारों में कामरूप सिन्हा, अमर भांजा, कनक लता तिर्की, राहुल, अदनान कासिफ, जीवन आदि मौजूद थे।

### पुण्यतिथि पर चिकित्सा शिविर का आयोजन



**छतरपुर (पलामू)।** स्व रघुराज प्रसाद जी के तृतीय पुण्य तिथि पर मां ललिता अस्पताल, सरईडीह रोड, छतरपुर के संस्थापक डॉ मुरली मनोहर प्रसाद और डॉ संतोष प्रसाद के द्वारा फ्री हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया है जिसमे निःशुल्क इलाज, निःशुल्क दवा और निःशुल्क खून जांच की व्यवस्था की गई। इस शिविर में स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स भी मौजूद थे। मौके पर उपस्थित लोगो ने स्व रघुराज प्रसाद जी के चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए इस चिकित्सा शिविर की प्रशंसा की। इस चिकित्सा शिविर में आये लोगों ने बताया की छतरपुर जैसे अत्यंत पिछड़े क्षेत्र में यहां की गरीब जनता के लिए निःशुल्क इलाज, निःशुल्क दवा, निःशुल्क खून जांच और बहुत ही मामूली दर पर अल्ट्रा साउंड की व्यवस्था करना वाकई काबिले तारीफ काम है। इस नेक काम के लिए डॉ मुरली मनोहर प्रसाद और डॉ संतोष प्रसाद धन्यवाद के पात्र है। समाज की सेवा कर इन्होंने एक उदाहरण प्रस्तुत किया है। इस हेल्थ कैंप के माध्यम से छतरपुर के अलावे पास के काफी संख्या लोगो ने चिकित्सा शिविर का फायदा उठाया।



# समस्या दूर करने के लिए सौंपा ज्ञापन



आजाद सिपाही संवाददाता

**छतरपुर (पलामू)।** छतरपुर नगर पंचायत में व्याप्त समस्याओं के निराकरण हेतु नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के पूर्व प्रत्याशी अरविन्द गुप्ता चुनमून ने नए कार्यपालक अधिकारी (प्रशिक्षु आईएएस) को 18 सूत्री ज्ञापन सौंपा है। दिए गये ज्ञापन में कहा गया है कि नगर पंचायत चुनाव के 5 वर्ष पूरे होने वाले हैं। उसके बाद भी नगर पंचायत को मिलने वाली सुविधाएं लोगों को मय्यसर नहीं हो पा रही है। अरविन्द ने नगरहित में छतपुर नगर पंचायत की कई समस्याओं से कार्यपालक अधिकारी को अवगत कराया। जिनमें संपूर्ण नगर पंचायत में हालिया दिनों लगाये गये स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत करवाने। नगर पंचायत में लगाये गये शौचालयों की साफ सफाई करवाने। नगर में लगभग एक करोड़ की लागत से प्राक्कलन के विरुद्ध बनाये गये शौचालयों की जांच कराने। छतरपुर शहर के विभिन्न चौक चौराहे पर सीसीटीवी कैमरे की स्थापना करने। नगर पंचायत के विभिन्न इलाकों में साफ सफाई अभियान नियमित कराने। छतरपुर में टेम्पू और बस स्टैंड का निर्माण के लिए आवंटित स्थल पर और उसके ठहराव की व्यवस्था कराने। छतरपुर शहर में पांच पांडव पहाड़ी पर निमार्णाधीन पानी टंकी का गर्मी से पहले निर्माण करा कर पेयजलआपूर्ति सुनिश्चित करवाने। मुख्यालय सहित नगर पंचायत के सभी वार्डो में पर्याप्त डस्टबिन लगाने। नगर पंचायत में बनाए गए सड़क और बिना ढक्कन के नालीयों को अविलंब दुरुस्त कराने और उसके निर्माण में हुई अनियमितता की जांच कराने। फुलवारी मैदान या मिडिल स्कूल में टाउन हॉल और सामुदायिक पार्क का निर्माण करवाने। नगर पंचायत के सभी जर्जर गलियों मदनपुर हरिजन टोला, जपला रोड से कचनपुर मार्ग, मदनपुर लोहराही मार्ग सहित कई नालियों और सड़कों का निर्माण करवाने। साथ ही निर्माण में उसकी गुणवत्ता का ध्यान रखने।

## तलेया बभंडी पंचायत में आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड के तलेया बभंडी पंचायत भवन परिसर में आज आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पंचायत क्षेत्र के कई योग्य एवं जरूरतमंद महिला- पुरुषों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का ऑन स्पॉट लाभ दिया गया। सर्वजन पेंशन योजना के अंतर्गत वृद्धजनों को वृद्धावस्था पेंशन की स्वीकृति पत्र दिया गया। साथ ही ठंड के मद्देनजर जरूरतमंद व्यक्तियों को कंबल दिए गये। वहीं स्कूल में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत 4500-4500 का चेक प्रदान किया गया। इसके अलावा झारखंड लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी से जुड़ी महिलाओं को परिचय पत्र दिया गया। साथ ही कई लोगों को मनरेगा जॉब कार्ड प्रदान किए गये। मौके पर चैनपुर के अंचल अधिकारी संजय बाखला ने लोगों का उत्साह वर्धन करते हुए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और उसका अधिकाधिक लाभ लेने की अपील की। मौके फजायल अहमद, नेहा परवीन, प्रखंड उप प्रमुख सुनील सिंह, कमरुद्दीन सहित प्रखंड स्तरीय अन्य पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में लाभुक उपस्थित थे।

## राजस्थान के सीएम को दी बधाई : नवीन



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के वरिष्ठ सदस्य सह सनातनी सेना के प्रदेश संगठन मंत्री नवीन तिवारी ने राजस्थान के नवनियुक्त मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को शुभकामना संदेश देते हुए कहा है कि इनके नेतृत्व में राजस्थान उत्तरोतर विकास करेगा। तिवारी ने कहा कि बहुत अरसे के बाद हिंदीभाषी राज्य में ब्राह्मण नेतृत्व को मुख्यमंत्री पद की जिम्मेवारी सौंपा गया है यह समाज के लिए अच्छा संकेत है। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण सदैव समाज का मार्गदर्शन करते रहे हैं।

आज जिस तरह से सनातन पर प्रहार किया जा रहा उस दौर में ब्राह्मण समाज पर बड़ी जिम्मेदारी आ गयी। उन्होंने कहा कि समाज को मार्गदर्शित करते हुए आगे ले जाने के लिए हम सभी संकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज सनातन संस्कृति को लेकर चलता है।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम और हुसैनाबाद के पोल्डीह पंचायत में लगाया गया शिविर

# ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को योजनाओं से किया जा रहा है लाभान्वित : सीओ

**आम जनों को उनके घर में ही लाभान्वित करना शिविर का मुख्य उद्देश्य है।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम अंतर्गत बुधवार को हुसैनाबाद प्रखंड के पोल्डीह पंचायत के बेदौलीया में शिविर लगाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अंचलाधिकारी धनंजय गुप्ता, प्रखंड विकास पदाधिकारी रौशन कुमार, मुखिया संघ के अध्यक्ष श्रवण राम, मुखिया संजू देवी पंचायत समिति रूबी कुमारी आदि ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में लोगों को संबोधित करते हुए अंचलाधिकारी धनंजय गुप्ता ने कहा कि एक ही स्थल से सभी योजनाओं से आम जनों को उनके घर में ही लाभान्वित करना शिविर का मुख्य उद्देश्य है। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी रौशन कुमार ने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार प्रखंड प्रशासन के द्वारा इस तरह का शिविर सभी पंचायतों में आयोजित किया जा रहा है ताकि आपकी समस्याओं का समाधान आपके घरों में ही किया जा सके। मौके पर आपूर्ति पदाधिकारी मनोज कुमार, अविनाश कुमार सिंह, मनरेगा बीपीओ बिष्णु प्रताप मिश्रा, पूर्व मुखिया रामलखन यादव ,उप मुखिया सपना, जेएसएलपीएस बीपीएम अंजनी कुमार, प्रखंड के बड़ा बाबू मोहम्मद शमीम, राजस्व कर्मचारी प्रशांत, पंचायत सेवक वशिष्ठ तिवारी, प्रखंड कॉर्डिनेटर राजू रंजन, समाजसेवी अशोक यादव समेत प्रखंड व अंचल समेत कई विभाग के कर्मी मौजूद थे।



कार्यक्रम में उपस्थित अंचलाधिकारी, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य व अन्य ।

## स्पोर्ट्स



टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा का वर्ल्ड कप 2023 के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से मिली हार के बाद पहला रिएक्शन आया है। करीब 23-24 दिन बाद पहली बार रोहित कैमरे के सामने नजर आए।

# रोहित का वर्ल्डकप फाइनल में हार के बाद पहला रिएक्शन : बोले- मूव ऑन करना बहुत मुश्किल था, टीम के लिए गर्व महसूस करता हूं

आजाद सिपाही संवाददाता

**एजेंसी।** टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा का वर्ल्ड कप 2023 के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से मिली हार के बाद पहला रिएक्शन आया है। करीब 23-24 दिन बाद पहली बार रोहित कैमरे के सामने नजर आए। उन्होंने कहा- मुझे नहीं पता था कि कैसे इससे बाहर निकलूं। पहले कुछ दिनों में मुझे कुछ नहीं पता था क्या करूं। मेरी फैमिली, मेरे दोस्तों ने चीजों को आसान किया और मेरा साथ दिया, लेकिन मूव ऑन करना आसान नहीं था।



रोहित शर्मा के इंटरव्यू का यह वीडियो उनकी मैनेजिंग टीम के ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से बुधवार को पोस्ट किया गया। इस वीडियो को मुंबई इंडियंस (MI) ने भी ट्वीट किया है। बता दें कि अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 19 नवंबर को फाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 6 विकेट से हराया था।

**मैं टीम के लिए काफी गर्व महसूस करता हूं :** रोहित ने कहा- मैं हमेशा 50 ओवर का वर्ल्ड कप देखकर बड़ा हुआ हूं। 50 ओवर का वर्ल्ड कप मेरे लिए सर्वोच्च पुरस्कार था। हमने उस वर्ल्ड कप के लिए इतने सालों तक काम किया था। यह काफी निराशाजनक होता है, जब आपने सब अच्छा किया, आप जो कर सकते थे आपने किया। अगर मुझसे कोई पूछेगा कि आपने क्या गलत किया तो मेरे पास जवाब नहीं होगा। हमने 10 मैच जीते। परफेक्ट कभी कोई नहीं होता आप जीतते हैं तब भी गलतियां करते हैं। मैं टीम के लिए काफी गर्व महसूस करता हूं।

**आसान नहीं था कैसे उससे बाहर निकलूं :** कप्तान ने आगे कहा- फाइनल के बाद मेरे लिए आसान नहीं था कैसे उससे बाहर निकलूं। मैंने कहीं दूर जाने का फैसला किया जहां इससे बाहर निकल पाऊं, लेकिन सभी का शुक्रिया कि वर्ल्ड कप कैंपेन के दौरान हमें इतना सपोर्ट किया। एक-डेढ़ महीने लोगों ने हमारा साथ दिया, स्टेडियम आए, हमें सपोर्ट किया। उन सभी का बहुत शुक्रिया। मुझे उन सभी के लिए बुरा लगा, लेकिन सबसे अच्छी बात थी कि जब मैं लोगों से मिला उन्होंने हमें समझा। उनके अंदर गुस्सा नहीं था बल्कि उनसे प्यार मिला। इससे हम सभी को खासकर मुझे ताकत मिली और मैं आगे बढ़ पा रहा हूं।

# मातृ शक्ति फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** खूंटी के एसडीएम अनिकेत सांचा, झारखंड हॉकी एसोसिएशन, खूंटी के महासचिव दशरथ महतो और युवा नेता अजय नाथ शाहदेव मौजूद थे। अनिकेत ने अनोखा पहल बताते हुए माताओं को खेल से जुड़ने को कहा ताकि वो अपनी और अपने बच्चों के स्वास्थ्य को बेहतर रख सकें। फाइनल मैच आदिवासी महिला समूह, सपारोम और शगुन मातृशक्ति फुटबॉल क्लब, सरसा के बीच खेला गया जिसमें आदिवासी महिला टीम ने इस मैच को 1-0 से जीत लिया। रैना मिंज ने प्रथम हाफ में ही 1 गोल करके अपनी टीम को बढ़त दिल दी थी और उन्हें वुमन ऑफ द मैच का खिताब भी मिला। तीसरे स्थान के लिए एस टी आर सोदाग, छाता सोदाग और दिलखुश, पदमपुर के बीच खेला गया जो ड्रा हो गया और फिर पेनाल्टी शूटआउट में एस टी आर सोदाग की टीम ने इसे 3-2 से जीत लिया और तीसरे स्थान को सुनिश्चित कर लिया। फुलमनी कंडुलना को इस मैच में 2 गोल बचाने के लिए वुमन ऑफ द मैच का खिताब मिला। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली आदिवासी महिला समूह टीम को ट्रॉफी और 20,000 नगद इनाम के तौर पर मिले। उसी तरह द्वितीय स्थान के लिए एक ट्रॉफी और 10,000 नगद इनाम शगुन मातृशक्ति फुटबॉल क्लब, सरसा को मिला। तृतीय स्थान प्राप्त किए एस टी आर सोदाग, छाता सोदाग को ट्रॉफी और 8,000 नगद मिला।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 13 दिसंबर, 2023
www.azadsipahi.in
11

### धीरज के परिजनों को इंसाफ दिलाने की मांग

# आजसू ने एकड़ा से निकाली न्याय यात्रा




आजाद सिपाही संवाददाता

**लोयाबाद।** धीरज की मौत की इंसाफ के लिए बुधवार को न्याय यात्रा निकाली गयी। भारी संख्या में आजसू सर्मथक शामिल हुए। एकड़ा से यात्रा शुरू हुई और नारेबाजी करते हुए सेंद्रा मे समाप्त हुई। न्याय यात्रा मे शामिल लोगों ने आउटसोर्सिंग कंपनी साकारमास एंव संबधीत जांच विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी हुई। इस यात्रा में धीरज के परिवार के इंसाफ के लिए बैनर लगाया गया। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि दो वर्ष बीत गये, परंतु अभी तक धीरज के परिजनों को इंसाफ नही मिला है। जुलूस में शामिल लोगों ने कहा कि धीरज नोनियां की मौत सिजुआ एरिया के सेंद्रा बांसजोड़ा कोलियरी परियोजना मे उत्खनन के दौरान वोल्वो वाहन से हुई। एक वाहन का नंबर बता कर धीरज की मौत उसी वाहन से होने का दावा किया गया है। हालांकि पुलिसिया अनुसंधान अभी लंबित है। उक्त घटना को बीसीसीएल, साकार मास जोइंट भेंचर कम्पनी द्वारा अपनी लापरवाही और जबाब देही से बचने के लिए पुलिसिया मिलीभगत से रोड एक्सीडेंट में बदलना चाहती है।

दर्जनों प्रत्यक्षदर्शी गवाहों के बावजूद अभी तक पुलिस चार्जशीट नहीं कर रही है। गाड़ी और चालक को नहीं पकड़ा जा रहा है। उन्होंने धीरज नोनियां कांड की सीबीआइ जांच और दोषियों की अविलंब गिरफ्तारी की मांग की।बताया जाता है कि दो वर्ष पूर्व बांसजोड़ा मे जोगता निवासी धीरज नोनियां की मौत हो गयी थी। उस समय उसकी पत्नी ने इसे सड़क दुर्घटना बताते हुए अज्ञात वाहन पर प्राथमिकी दर्ज कराया था। जुलूस मे भगवान दास, राधेश्याम गोस्वामी, जलाल अंसारी,जीतू पासवान, संतोष पासवान, सुगीया देवी, विनोद पासवान, संतोष महतो, सुदामा पासवान, तबरेज अंसारी, विनय यादव,पुनीत सिंह, विनोद सिंह, सागर सिंह, खुशबू देवी, मीना सिंह, उषा देवी, नीतू देवी आदि शामिल थे।

# शराब निर्माण फैक्ट्री अंकुर बायोकेम में आयकर की रेड



आजाद सिपाही संवाददाता

**चिरकुंडा।** निरसा थाना क्षेत्र के तेतुलिया डूभी स्थित शराब निर्माण फैक्ट्री अंकुर बायोकेम प्राइवेट लिमिटेड में बुधवार को आयकर विभाग की टीम ने छापेमारी की। छापामारी के दौरान फैक्ट्री के अंदर सिर्फ फैक्ट्री के कर्मचारियों को ही उनका परिचय पत्र देखकर अंदर जाने दिया गया। अन्य लोगों को परिसर में घुसने की सख्त मनाही थी। छापेमारी दल के सदस्यों ने फैक्ट्री में घुसते ही फैक्ट्री की सुरक्षा में तैनात सुरक्षा कर्मियों एवं फैक्ट्री के पदाधिकारीयो के मोबाइल को जब्त कर लिया। छापेमारी दल फैक्ट्री के अंदर दस्तावेजों एवं स्टॉक इत्यादि की जांच कर रही है। हालांकि इस संबंध में आयकर विभाग के अधिकारियों द्वारा कुछ भी बताने से परहेज किया जा रहा है। अंकुर बायोकेम प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री वर्ष 2009-10 में बना था। शुरू में फैक्ट्री द्वारा स्पिरिट का निर्माण किया जाता था। 2016 में स्पिरिट के साथ कंपनी द्वारा बॉटलिंग भी शुरू किया गया। कोरोना काल में उपरोक्त फैक्ट्री में सैनिटाइजर भी बनाया जा रहा था।

# लोयाबाद थाना का एएसआइ ₹10000 रिश्वत लेते गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोयाबाद।** धनबाद एसीबी ने एक बार फिर लोयाबाद थाना के एक पदाधिकारी को दस हजार रुपए रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया ।इस बार लोयाबाद थाना मे एएसआइ के रूप मे पदस्थापित मनोज मिश्रा एसीबी द्वारा बिछाये जाल मे फंस गये ।मनोज मिश्रा पर दर्ज कांड संख्या 34/2023 के परिवादिनी का केश हल्का करने के नाम पर तीस हजार रूपया रिश्वत मांगने का आरोप है ।एएसआई मनोज को पुटकी लोयाबाद थाना के सीमा क्षेत्र मे दिन के एक बजे गिरफ्तार किया गया ।उसके बाद उसे सत्यापन के लिए लोयाबाद थाना लाया गया। यहां एसीबी की टीम ने मामले को सत्यापन कराते हुए पत्रकारो से कहा कि लोयाबाद थाना कांड संख्या 34/23 मे परिवादनी से तीस हजार रूपया मांगा गया था ।परिवादनी शकिल ने एसीबी को लिखित शिकायत देकर आरोपी पर रिश्वत मांगने का आरोप लगाया गया था ।शकिल के शिकायत की सत्यापन के बाद एक दिन पहले 12 दिसंबर को कांड संख्या 12/23 दर्ज किया और कांड दर्ज करने के बाद इसी मामले मे दस हजार रूपया घुस लेते हुए गिरफ्तारी हुई है ।गिरफ्तारी के बाद एएसआई मनोज मिश्रा ने पत्रकारों के सवालो का एक भी जबाब नहीं दिया।

डेढ़ साल मे लोयाबाद थाना के तीन पदाधिकारी एसीबी के गिरफ्त में जुन 2022 से लेकर अबतक लोयाबाद थाना के तीन पदाधिकारी को एसीबी ने रंगेहाथ रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है ।सबसे पहले 6 जून 2022 को लोयाबाद थाना मे पदस्थापित प्रशिक्षू दरोगा निलेश कुमार को धनबाद कोर्ट के पास रंगेहाथ पंद्रह हजार रूपया घुस लेते गिरफ्तार किया गया था ।निलेश के ठीक पांच माह बाद 21 नवबंर को दस हजार रूपया लोयाबाद थाना परिसर मे रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया और अब थाना के एएसआई मनोज मिश्रा की गिरफ्तारी हुई है ।एक के बाद एक एएसबी की कार्रवायी से लोयाबाद थाना सुर्खियो मे है ।तीनो मामले मे केश हल्का करने के लिए रिश्वत मांगने का आरोप लगा है ।तीनो मामले सामने आने के बाद प्रतीत होता है कि लोयाबाद के लोग जागरूक हुए है ।करप्शन के खिलाफ चुप रहने के बजाय आवाज उठाना पसंद कर रहे है ।दुसरी तरफ लोयाबाद पुलिस की करतुतो के वजह से पुरे धनबाद पुलिस की बदनामी हो रही है ।वही छापेमारी का नेतृत्व एसीबी थाना के सब इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार सिंह कर रहे थे।

# प्रबंधन टाल-मटोल की नीति बंद करे : पप्पू

**21 सूत्री मांगों को लेकर बीसीकेयू ने की कोलियरी प्रबंधन के साथ वार्ता**



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनसार।** विश्वकर्मा कोलियरी कार्यालय मे बुधवार को लंबित 21 सूत्री मांग पर बीसीकेयू ने प्रबंधन के साथ वार्ता किया। इसमें भूमिगत से सरफेस पदनाम से वंचित कर्मियों को सरफेस करने की मांग समर्थकों ने किया। बीसीकेयू के केंद्रीय नेता हरि प्रसाद पप्पू ने कहा की लाल झंडा के बैनर तले मजदूरो ने लंबी लड़ाई लड़ी। इसके बाद प्रबंधन ने 224 कर्मियों को सरफेस में रेगुलाइज किया हैं। कई कर्मियों को सरफेश पदनाम अब तक नहीं किया जा सका है प्रबंधन टालमटोल की नीति बंद करे। वही परियोजना लोडिंग पॉइंट के डीओ ट्रक लोडर असंगठित मजदूरों को पर्याप्त कोयला एवं डीओ ऑफर बढ़ा कर भेजा जाए, असगठित मजदूरों के लिए चाला का निर्माण पर वार्ता हुई। वार्ता में पीओ संजय कुमार ने सभी मांगो पर सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया। वार्ता में कार्मिक पदाधिकारी अरुण वर्मा, यूनियन से नंदलाल महतो, धर्म बाउरी, आशोक राम, भूषण महतो, रवि शंकर सिंह, उमा चौहान, बबलू हेम्ब्रम, देविशन हेम्ब्रम, तरुण सिन्हा, अशोक कुमार, राम बालक धारी चौधरी भुईया आदि थे।

# वार्ड 31 और 32 में आयोजित कार्यक्रम में समस्याओं का निदान



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बुधवार को वार्ड नबंर 31 और 32 में आयोजित शिविर सैकड़ों जरूरतमंदों ने अपनी समस्याओं को संबंधित अधिकारी के पास रखा। इस दौरान कईयों को ऑन्सपोट निदान किया गया तो कईयों को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन करने के लिए वरीय अधिकारियों को बढ़ा दिया गया। शिविर में बतौर अतिथि झामुमो के धनबाद महानगर प्रवक्ता आकाश रवानी ने पहुंचकर जनता की समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों से संवाद कर सुलझाया। इस दौरान आकाश रवानी ने कहा कि यह कार्यक्रम गरीब, असहाय लोगों के लिए रामबाण साबित हो रहा है क्योंकि इससे पूर्व भाजपा की सरकार जनता की समस्या सुनने नहीं बल्कि जनता के लिए समस्या पैदा करने आई थी। लेकिन हमारा झारखंडी सरकार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में आज इतिहास रच रहा है। कार्यक्रम में मुख्य रुप से झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह राजपाल, महानगर संयुक्त सचिव राजेश तुरी, अल्पसंख्यक अध्यक्ष महानगर सद्दाम हुसैन, ओम प्रजापति मौजूद थे।

# मजबूत इच्छाशक्ति के बलबूते कुछ भी किया जा सकता है : बिरंची नारायण



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** झारखंड विधानसभा में मुख्य सचेतक सह बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने आज विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के तहत सतनपुर पंचायत के विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से बातचीत की और उनके अनुभवों के बारे में जाना। उज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर व चूल्हा आयुष्मान कार्ड व राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़े सखी मंडल को चेक प्रदान किये। नारायण ने महिलाओं से बातचीत के दौरान उन्हें जातियों में नहीं बंटने का संदेश दिये। प्रधानमंत्री ने कहा कि आप सब महिलाएं एक ही जाती से हैं देश में कुछ लोग आपको अलग-अलग जातियों में बांटने की कोशिश करते हैं, लेकिन आप उनसे सतर्क रहें।

युवाओं से बात करते हुए विधायक ने कहा कि मजबूत इच्छाशक्ति के बलबूते कुछ भी किया जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो योजनाएं बनायी हैं। उसके मुताबिक हम सब को लाभार्थियों को ढूंढ कर उन तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का काम करना हैं। उन्होंने कहा कि 'मोदी की गारंटी वाली गाड़ी यानी विकसित भारत संकल्प यात्रा वाहन इन दिनों गांव-गांव और गली-गली जा रही है और लोगों को मोदी सरकार की योजनाओं के बारे में बता रही है।

प्रखंड विकास पदाधिकारी मिथलेश कुमार चौधरी ने कार्यक्रम के संदर्भ में विस्तृत जानकारी दी। उक्त अवसर पर संजय त्यागी कालीपद सिंह, धर्मेंद्र सिंह, वासुदेव मांझी, अमित रंजन लक्ष्मण गोराई, अविनाश झा, चंद्रशेखर सिंह, संजय प्रसाद, राजू गुप्ता, सरदार तेजपाल सिंह,अशोक झा, जितेंद्र साहू, शक्ति गोराई, उदय चंद्र गोराई, लक्ष्मी देवी, मानसी देवी, किरण देवी, पार्वती देवी, जोवा, सोनिया मुर्मू, सुकुमुनि, निशा उपस्थित थे।

# भाजयुमो ने सीएम का पुतला फूंका



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** झारखंड में सामान्य स्नातक योगिता धारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा को स्थगित करने के विरोध में बुधवार को भाजयुमो धनबाद महानगर कमिटी ने रणधीर वर्मा चौक पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला जलाया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला अध्यक्ष अमलेश सिंह ने की। पुतला दहन के दौरान संबोधित करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि झारखंड की हेमंत सरकार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। बेरोजगारी से बचाव के लिए यहां के युवा वर्षों से परीक्षा की तैयारी करते हैं और अंतिम समय में यह अधिसूचना आती है कि परीक्षा स्थगित कर दी गयी। इससे उनकी सारे सपने धरे रह जाते है। विद्यार्थियों के साथ यह छलावा बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा जरूरत पड़ने पर इसके खिलाफ जोरदार आंदोलन होगा।

इस मौके पर नितिन भट्ट, मानस प्रसून, प्रियंका रंजन, तमाल राय, पिंटू सिंह, रवि मिश्रा, नित्यानंद मंडल, अवध बिहारी राम, अभिषेक सिंह, गोलू सिंह, बेबी यादव, मोंटी सिंह, जीत सोनी, भीम राय, पप्पू गुप्ता, विजय ठाकुर, सरोज शुक्ला, धर्मेंद्र यादव, बॉबी पांडेय, विभा सिंह तथा अजय शर्मा मौजूद थे।

# मिले 1134 आवेदन में 670 का हुआ समाधान



आजाद सिपाही संवाददाता

**चिरकुंडा।** एग्यारकुंड प्रखंड के कालीपहाड़ी दक्षिण पंचायत सचिवालय में बुधवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।उद्घाटन मुख्य अतिथि बीडीओ विनोद कुमार कर्मकार सहित सभी विशिष्ट अतिथियों और मुखिया द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। शिविर में कुल 1134 लोगों ने समस्याओं से संबंधित आवेदन दिये। इसमें 670 आवेदनों का ऑनस्पॉट समाधान किया गया। बाकी के बचे 464 आवेदनों को समाधान करने हेतु अग्रसारित कर दिया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिप सदस्य मो गुलाम कुरैशी, पंचायत सचिव बहादुर मुर्मू, सहायक अभियंता मुकेश कुमार, कनीय अभियंता मुकेश रंजन एवं विवेक कुमार, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी श्रीकांत मंडल, प्रमोद कुमार झा उपस्थित थे। मौके पर झामुमो नेता रामनाथ सोरेन, मुखिया कालीपहाड़ी उत्तर बबलू चौधरी उर्फ बड़का, पंचायत समिति सदस्य योगेश कुमार उपस्थित थे।

# इएसएल ने स्वास्थ्य जागरूकता शिविर लगाया



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** इएसएल स्टील लिमिटेड और जिला स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से शुरू किया गया। प्रोजेक्ट आरोग्य ने पिछले तीन वर्षों में एक लाख से अधिक ग्रामीणों पर सकारात्मक प्रभाव डाला है। विश्व भर में 12 दिसंबर को यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज दिवस मनाया जाता है। वेदांता समूह की कंपनी और भारत में अग्रणी एकीकृत इस्पात उत्पादक इएसएल स्टील लिमिटेड, सामाजिक और सामुदायिक विकास के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता रखती है। विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सरकारी और गैर सरकारी संगठनों से कई पुरस्कारों से सम्मानित, इएसएल स्टील लिमिटेड उन समुदायों की भलाई को प्राथमिकता देता है, जहां वो कार्यरत हैं। शिविर के दौरान लाभान्वित होने वाले सभी संतुष्ट रहे और सकारात्मक प्रतिक्रिया दी, जो समुदाय के स्वास्थ्य पर इएसएल स्टील लिमिटेड की पहल के प्रभाव को रेखांकित करती है। इएसएल स्टील लिमिटेड समाज की बेहतरी और सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज की प्राप्ति में योगदान देने वाले भविष्य के प्रयासों के लिए प्रतिबद्ध है। झारखंड में शुरुआत के बाद इसने बिहार, छत्तीसगढ़, मेघालय, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, आंध्र प्रदेश, असम, नागालैंड और हरियाणा में अपनी पहुंच का विस्तार किया है और 10 लाख से अधिक आबादी तक पहुंच गया है। गणेश रेड्डी इस संगठन के सीइओ सह संस्थापक हैं।

# विस्थापित प्रभावित सेल कमेटी की बैठक

**एसडीओसीएम तारमी कोलियरी में ई ऑक्शन के तहत आरओएम लोडर लोडिंग का ऑफर मिलने पर जाहिर की खुशी**



आजाद सिपाही संवाददाता

**बेरमो।** विस्थापित प्रभावित सेल कमेटी तारमी की एक बैठक मकोली स्थित कार्यालय में मुखिया संघ के बोकारो जिलाध्यक्ष सह गुंजरडीह मुखिया जयलाल महतो उर्फ जैली के अध्यक्षता में की गयी। यहां कमेटी के उपाध्यक्ष गंगाधर महतो ने कहा कि लंबे समय के उपरांत सीसीएल ढोरी क्षेत्र के एसडीओसीएम तारमी कोलियरी में ई ऑक्शन के तहत आरओएम लोडर लोडिंग का ऑफर देने पर यहां के ट्रक मालिक एवं विस्थापित प्रभावित सेल कमेटी में खुशी का माहौल बना हुआ है, परंतु सभी निविदा में भाग लेने वाले (बिडिंग) व्यक्ति उचित मूल्य पर ही बिंडिग करने का काम करें, जिससे निविदा में भाग लेनेवाले के अलावा ट्रक मालिक एवं विस्थापितों को उचित लाभ मिल सके। यह भी कहा कि यदि निविदा में भाग लेने वाले व्यक्ति अधिक दर में कोयला का बोली लगाने का दुःसाहस करने का प्रयास किये, तो संबधित व्यक्ति का जोरदार विरोध कर उसका कोयला उठाव करने नहीं दिया जायेगा। यहां यह भी निर्णय लिया गया कि ट्रक मालिक निर्धारित किराया से कम राशि लेने का काम नहीं करेंगे। मुखिया संघ के बोकारो जिलाध्यक्ष जयलाल महतो ने कहा कि विस्थापितों को हक छीनने नहीं दिया दिया जायेगा। जब यहां के लोगों ने अपनी जमीन दिया है, तो उन्हें उचित लाभ भी मिलना चाहिए। यहां विस्थापित सेल कमेटी के सचिव रीतलाल मेहता, कोषाध्यक्ष उमापति महतो के अलावा लखन महतो, मोहन महतो, संजय महतो, अरुण बरनवाल, कमलेश महतो, तेजलाल महतो, लोकनाथ महतो, खुर्शीद आलम, गंगा महतो, बुधन सिंह, संजय पांडेय, शिबू गिरी, साधु महतो, कन्हाई महतो, रोहित रंजन आदि उपस्थित थे।

# सर्दी में भी पानी को तरस रहे हैं मोदीडीह के लोग



आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** इस सर्द मौसम में भी बीसीसीएल क्षेत्र संख्या 4 के वेस्ट मोदीडीह के पांच हजार की आबादी बूंद बूंद पानी को तरस रहे है। बीसीसीएल कर्मी की लापरवाही के कारण पिछले 5 दिनों से मुडीडीह स्थित बीसीसीएल की वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से जलापूर्ति बाधित है। शिकायत करने के बाद भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं होने से लोगों में काफी रोष है।

बताते चलें कि शनिवार से ट्रांसफार्मर का क्वाइल जल जाने की बात कह कर पंप कर्मियों ने जलापूर्ति बंद कर रखा है जिससे बती घर कॉलोनी, बिजली घर कॉलोनी आफिस ब्लॉक 40 नंबर, गजलीटांड़ कॉलोनी पुरबा भूली फील्ड ब्लॉक मंदिर ब्लॉक सहित अन्य कॉलोनियों के घनी आबादी पानी के लिए तरस रहे है और गांव वाले पोखरे, सिरमुहान या तालाब के गंदे जल उपयोग करने को मजबूर हैं।

उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, खूँटी।
( जिला पर्यटन,कला–संस्कृति,खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा )
(जिला खेल कार्यालय)
Email id- sportskhunti@gmail.com
अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना
पर्यटन, कला–संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग अंतर्गत खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड राँची द्वारा संचालित खूँटी जिले के अंतर्गत आवासीय हॉकी क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द एस0एस0+2 उच्च विद्यालय, खूँटी में प्रशिक्षरत प्रशिक्षुओं के निर्धारित मेन्यू के अनुरूप 350 रू० (सभी कर सहित) प्रति खिलाड़ी प्रति दिन के दर से शुद्ध, स्वच्छ एवं गुणवत्तापूर्ण पौष्टिक भोजनादि की व्यवस्था करने हेतु दिनांक 03.11.2023 को निविदाएँ आमंत्रित करते हुए उसी दिन निविदा खोली गई। दो ही निविदा प्राप्त हुए जिसमें जाँचोपरान्त एक निविदादाता का आवश्यक निविदा कागजात प्राप्त नहीं रहने के कारण निविदा को निरस्त करते हुए पुनः निविदा दिनांक 24.11.2023 को आमंत्रित किया गया । एक ही निविदा प्राप्त होने के कारण निविदा को निरस्त करते हुए पुनः निविदा आमंत्रित किया जाता है।
तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड अलग–अलग लिफाफे में दिनांक 22.12.2023 को अपराह्न 11 बजे तक विकास भवन स्थित जिला खेल कार्यालय, खूँटी में निविदा डाल सकेंगे। दिनांक 22.12.2023 को ही अपराह्न 12 बजे समाहरणालय भवन के सभाकक्ष में निविदा समिति/संचालन समिति की उपस्थिति में निविदा खोला जायेगा जिसमें निविदादाता अथवा उसके प्रतिनिधि की उपस्थिति अपेक्षित है।
जिले के (01) एक आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र की सूची निम्नवत है :–
1. आवासीय बालक हॉकी क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र, एस०एस० +2 हाई स्कूल, खूँटी। प्रशिक्षुओं की सं०–25
(खिलाड़ियों की संख्या –छुट्टी/प्रतियोगिताओं में जाने पर कम हो सकती है जिसका भुगतान नहीं किया जायेगा।)
नोटः– निविदा आमंत्रण संबंधी विस्तृत जानकारी के लिए जिले के Website :- www.khunti.nic.in में देखा जा सकता है।
ह०/–
उपायुक्त, खूँटी।
PR 313316 District(23-24)D

## न्यूज रील्स

### मुंबई के लोकमान्य तिलक टर्मिनस रेलवे स्टेशन पर लगी भीषण आग

मुंबई (आजाद सिपाही)। महाराष्ट्र के मुंबई स्थित लोकमान्य तिलक टर्मिनस रेलवे स्टेशन पर भीषण आग लगने का मामला सामने आया है। फायर बिग्रेड की 8 से 10 गाड़ियां मौके पर पहुंच गई हैं। रेलवे स्टेशन के वेटिंग एरिया में टिकट आरक्षण केंद्र के ऊपर बने जन आहार कैंटीन में ये आग लगी है। रेलवे परिसर में आग से काफी नुकसान हुआ है। प्राथमिक जानकारी के मुताबिक, कैंटीन में चिमनी बनाने का काम हो रहा था। यूपी, बिहार के लिए अधिकतर एक्सप्रेस ट्रेनें इसी स्टेशन से रवाना होती हैं। इस घटना से कई ट्रेनों के समय में बदलाव हो सकता है, जिसकी जानकारी रेलवे साझा करेगी। बाहर से कांच तोड़कर वाटर पाइप ले जाया गया है, उसके बाद ही आग पर काबू पाया जा सका। फिलहाल कूलिंग का काम चालू है। इस दौरान किसी के जान जाने या घायल होने की जानकारी सामने नहीं आई है। छळळ के वेटिंग एरिया में हजारों यात्री मौजूद थे, जिन्हें सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

# संबलपुर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास के दिये सुझाव


आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** रेल मंत्रालय संबलपुर रेलवे स्टेशन को विश्व स्तरीय स्टेशन बनाने के लिए इसके प्रमुख उन्नयन की योजना बना रहा है। इसमें स्टेशनों पर सुविधाओं में सुधार लाने के लिए मास्टर प्लान तैयार करना और चरणों में उनका कार्यान्वयन करना शामिल है, जैसे स्टेशन पहुंच मार्ग, परिसंचारी क्षेत्रों, प्रतीक्षालयों, शौचालयों में सुधार, आवश्यकतानुसार लिफ्ट/एस्केलेटर उपलब्ध कराना, वन स्टेशन वन प्रोडक्ट जैसी योजनाओं के माध्यम से स्थानीय उत्पादों के लिए कियोस्क, बेहतर यात्री सूचना प्रणाली और प्रदर्शन, भूनिर्माण, भावी वाणिज्यिक स्थान की पहचान आदि का समावेश है। इस योजना में भवन में सुधार, शहर के दोनों ओर से स्टेशन को एकीकृत करने, मल्टीमॉडल एकीकरण, दिव्यांगजनों के लिए सुविधाएं, टिकाऊ और पर्यावरण अनुकूल ग्रीन बिल्डिंग समाधान, 'रूफ प्लाजा', चरणबद्ध और व्यवहार्यता और लंबी अवधि में स्टेशन पर सिटी सेंटर के निर्माण की भी परिकल्पना की गयी है।



हाल ही में संबलपुर दौरे मे आये केंद्रीय शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री, भारत सरकार धर्मेंद्र प्रधान और रेल, संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, अश्विनी वैष्णव ने संबलपुर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास डिजाइन के लिए स्थानीय प्रतिष्ठित संस्थानों (वीर सुरेंद्र साई प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (वीएसएसयूटी), भारतीय प्रबंधन संस्थान (आइआइएम), संबलपुर के छात्रों) की भागीदारी की घोषणा की थी। इस संबंध में वीएसएसयूटी, बुर्ला में पूर्व तट रेलवे, संबलपुर मंडल, वीएसएसयूटी, बुर्ला और आइआइएम, संबलपुर के बीच एक बैठक आयोजित की गयी थी। इस अवसर पर संबलपुर के मंडल रेल प्रबंधक विनीत सिंह, संबलपुर केअपर मंडल रेल प्रबंधक आनंद सिंह, वीएसएसयूटी के कुलपति प्रोफेसर बंसीधर माझी, सहायक प्रो आइआइएम, संबलपुर दीप्ति रंजन महापात्रा, वीएसएसयूटी और आइआइएम के फैकल्टी और छात्रों ने बैठक में भाग लिया। इसमें संबलपुर स्टेशन के पुनर्विकास के संबंध में विस्तृत चर्चा की गयी। चर्चा के दौरान संबलपुर स्टेशन के डिजाइन और उन्नयन के बारे में वीएसएसयूटी, बुर्ला और आइआइएम, संबलपुर के फैकल्टी और छात्रों से मूल्यवान इनपुट और सुझाव प्राप्त हुए। विनीत सिंह, मंडल रेल प्रबंधक, संबलपुर ने कहा कि बैठक के दौरान दिये गये इनपुट और चर्चा के बिंदुओं को संबलपुर स्टेशन के पुनर्विकास के लिए मास्टर प्लान में शामिल किया जायेगा।

# टाइम्स हॉस्पिटैलिटी आइकांस कार्यक्रम में सोआ होटल प्रबंधन संस्थान सम्मानित



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** शिक्षा 'ओ' अनुसंधान (सोआ) के आतिथ्य और पर्यटन प्रबंधन संकाय, स्कूल ऑफ होटल मैनेजमेंट (एसएचएम) को मंगलवार को यहां आयोजित टाइम्स हॉस्पिटैलिटी आइकॉन्स कार्यक्रम में 2023 के लिए राज्य के आइकॉनिक हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट के रूप में चुना गया। एसएचएम के डीन प्रो सुशांत रंजन चैनी ने एसएचएम की ओर से अभिनेता शमिता शेट्टी से कौशल विकास कार्यक्रमों को विकसित करने और लागू करने, वैश्विक आतिथ्य शिक्षा में मानक स्थापित करने और पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र में कौशल बढ़ाने के लिए उद्योग हितधारकों के साथ सहयोग करने में लगे एक जिम्मेदार ऊपर की ओर गतिशील आतिथ्य संस्थान होने के लिए सम्मान प्राप्त किया। प्रो चैनी ने राज्य के महान बालुका शिल्पी सुदर्शन पटनायक, ओडिशा रेस्तरां एसोसिएशन के उपाध्यक्ष समीर हंस और स्वस्ति ग्रुप ऑफ होटल्स के उपाध्यक्ष प्रियनाथ बेहेरा के साथ ओडिशा के आतिथ्य क्षेत्र और भविष्य के आतिथ्य प्रबंधकों को तैयार करने में एसएचएम जैसे संस्थानों की भूमिका के बारे में अपनी अंतर्दृष्टि प्रदान की।

# हाइकोर्ट ने पुरी नगर पालिका को दिया ₹10 लाख मुआवजा देने का आदेश

- आवारा कुत्ते के काटने से 4 साल के बच्चे की हो गयी थी मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** वर्ष 2016 में पुरी में आवारा कुत्ते के काटने से 4 साल के बच्चे की मौत हो गयी थी। इस मामले में हाइकोर्ट ने पुरी नगर परिषद को बच्चे के परिवार को मुआवजा देने का निर्देश दिया है। हाइकोर्ट ने 10 लाख मुआवजा देने का आदेश दिया। जब लड़का पुरी



कुंभारपड़ा पुलिस स्टेशन के तहत जगन्नाथ कॉलोनी में खेल रहा था, तो चार आवारा कुत्तों ने उस पर हमला कर दिया। हालांकि हादसा इतना भयानक था कि बच्चे की मौके पर ही मौत हो गयी। इस घटना को लेकर हाइकोर्ट में केस दायर किया गया था। इस मामले में पुरी नगर परिषद की ओर से एक सत्य पाठ दाखिल किया गया था। पाठ में दर्शाया गया कि कुत्तों की नसबंदी के लिए क्या व्यवस्था की गयी है। इसके अलावा पुरी नगर परिषद ने बताया कि नगर निगम अधिनियम में आवारा कुत्ते के काटने से किसी की मौत होने पर मुआवजा देने का कोई प्रावधान नहीं है। इस बयान पर नाराजगी जताते हुए हाइकोर्ट ने बुधवार को अहम सुनवाई की। नगर परिषद को मृत बच्चे के परिवार को 10 लाख मुआवजा देने का निर्देश दिया गया है।

## बस ड्राइवर को आया हार्ट अटैक, 5 को रौंदा

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में रोडवेज बस चलाते वक्त ड्राइवर को हार्ट अटैक आ गया। इसके बाद 30 सवारियों से भरी बस बेकाबू हो गयी और आगे जा रहे पांच बाइक सवार को रौंद दिया। हादसे में तीन की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि 1 की हालत गंभीर है। सवारियों ने ही किसी तरह से बस को रोका। ड्राइवर को अस्पताल ले गए, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। हादसा दनकौर रेलवे स्टेशन के नजदीक मंडी श्याम नगर के पुल के पास की है। बस के ड्राइवर की पहचान बुलंदशहर के सलेमपुर के निवासी 38 वर्षीय ब्रह्म सिंह के रूप में हुई है, जबकि बाइक सवार मृतकों की पहचान सुशील (35), बुलंदशहर निवासी करन (32) और हाथरस निवासी बदन सिंह (37) के रूप में हुई है।

# मैट्रिक परीक्षा 20 फरवरी से होगी, 5 लाख 51 हजार 611 उम्मीदवार मैट्रिक परीक्षा देंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** मैट्रिक परीक्षा का कार्यक्रम जारी किया गया। पहली भाषा की परीक्षा 20 फरवरी को होगी। 23 को अंग्रेजी, 26 को गणित, 28 को तृतीय भाषा की परीक्षा होगी। साइंस की परीक्षा 2 मार्च को होगी। मैट्रिक परीक्षा 4 मार्च को समाप्त होगी। आखिरी दिन सामाजिक विज्ञान की परीक्षा आयोजित की जायेगी।

वहीं नौवीं कक्षा की परीक्षा 6 से 15 मार्च तक होगी। नौवें प्रश्न पत्र की हार्ड कॉपी परीक्षा केंद्र पर नहीं जायेगी। स्कूल परीक्षा से 2 घंटे पहले बोर्ड की वेबसाइट से डाउनलोड करेंगे। इस साल 5 लाख 51 हजार 611 परीक्षार्थी मैट्रिक की परीक्षा देंगे। 2991 केंद्र पर परीक्षा होगी। परीक्षा के लिए 313 नोडल सेंटर होंगे। अगर फॉर्म भरने में कोई दिक्कत आती है तो अगले 7 दिनों के अंदर इसे सुधारा जा सकता है। मैट्रिक की परीक्षा सुबह 9 बजे से शुरू होगी। गणित की परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों को 15 मिनट अधिक मिलेंगे। बोर्ड तीन स्तरीय स्क्वाड की व्यवस्था करेगा। संवेदनशील केंद्रों पर सीसीटीवी लगाये जायेंगे।


देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in


# करियर बदलने में मदद करनेवाला प्लेटफॉर्म है माइंडफ्लेयर

आकाश जयसवाल

भारतीय रोजगार बाजार में बदलाव लाने वाले माहौल में Mindflairr.com एक ऐसा स्थान है, जो विद्यार्थियों की करियर योजनाओं को समझने और सहयोग प्रदान करता है। यहां पर उन्हें यह समझाने का प्रयास किया जाता है कि कैसे उनकी करियर में ऊंचाइयां प्राप्त की जा सकती हैं और यहां तक कि कैसे उन्हें इस मार्ग पर आगे बढ़ने में मदद मिल सकती है। Mindflairr.com समझता है कि करियर बनाने के लिए सिर्फ पढ़ाई ही काफी नहीं है, अनुभव भी जरूरी है। इस स्थान पर हमें हमेशा वे लोग मिलते हैं, जो सक्षमता और अनुभव से भरपूर होते हैं। वे आपको मार्गदर्शन, सलाह और सहायता देते हैं, ताकि आपका करियर बनाने का सफर आसान हो। Mindflairr.com आपके करियर की दिशा में आपको एक सटीक राह दिखाता है। यहां आप उन्हें मिलते हैं, जो आपको आपके लक्ष्यों तक पहुंचाने में मदद करते हैं। यहां आपको उन जरूरी जानकारियों से भरपूर मार्गदर्शन मिलता है जो आपको आपके सपनों की दुनिया तक पहुंचाने में सहायता करेगा।




Mindflairr.com का एक अद्भुत विशेषता है करियर स्पष्टता को बढ़ावा देना। यह अवकाश नहीं देता कि व्यक्तियों को केवल विभिन्न करियर मार्गों की खोज करने के लिए, बल्कि अपने करियर के मार्ग को सक्रिय रूप से आकर्षित करने के लिए भी प्रोत्साहित करता है। व्यक्तिगत मेंटरशिप के माध्यम से, उपयोगकर्ताओं को अपनी ताकतों, कमजोरियों और सदैव बदलती बाजार की मांगों का गहरा ज्ञान प्राप्त होता है। यह उन्हें अपने पेशेवर सफर के बारे में सोचने और निर्णय लेने में सशक्त बनाता है। Mindflairr.com आपको आपके जॉब पोर्टफोलियो को बनाने और सुधारने में मदद करता है। आज के टफ जॉब मार्केट में, अच्छा पोर्टफोलियो आपके कैरियर की गति को बढ़ा सकता है। यहां पर आपको आपके कौशल, अनुभव, और योग्यताओं को बेहतर तरीके से दिखाने में मदद मिलती है, जिससे आप अधिक प्रभावी हो सकते हैं।

Mindflairr.com का दावा है कि मेंटरशिप सिर्फ एक शिक्षा नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों के करियर विकास और पेशेवरों के लिए भी आवश्यक है। यह मानता है कि एक मेंटर का होना करियर विकास के लिए महत्वपूर्ण है, जो पारंपरिक शिक्षा में असफल होती है, वही सलाह और दृष्टिकोण प्रदान करता है। व्यक्तियों के लिए जो व्यापक संसाधनों और मार्गदर्शन की तलाश में हैं, Mindflairr.com की एक यात्रा सराहनीय है। चाहे आप अपनी करियर यात्रा शुरू कर रहे हैं, एक परिवर्तन पर विचार कर रहे हैं या उन्नति की दिशा में बढ़ रहे हैं, माइंडफ्लेयर.कॉम भारत में सर्वाधिक समर्पित करियर में मार्गदर्शन संवादस्थल के रूप में खड़ा है।

Mindflairr.com पर, हम एक ऐसी दुनिया का सपना देखते हैं जहां करियर की वृद्धि को किस्मत पर नहीं छोड़ा जाता है, बल्कि यह विशेषज्ञ मार्गदर्शन के साथ सावधानीपूर्वक तैयार की जाती है। हमारा उद्देश्य प्रमुख स्तर के मेंटरशिप का पहुंच सर्वसाधारण बनाना है, जिसे हर पेशेवर के लिए मौलिक अधिकार बनाया जाता है, उनके नेतृत्व या उद्योग से संबंधित हो। हम मानते हैं कि व्यक्तियों को उनकी पूरी क्षमता को खोलने का अधिकार है, एक समुदाय को पोषण करना जहां ज्ञान साझा किया जाता है और सफलता की कहानियां रोजाना बनायी जाती हैं। हमारा प्लेटफॉर्म सिर्फ एक उपकरण से ज्यादा है; यह एक परिवर्तन के लिए उत्तेजक है, जो लोगों को आत्मविश्वास और स्पष्टता के साथ अपने करियर का संचालन करने में मदद करता है।

**(लेखक : माइंडफ्लेयर के मुख्य दृष्टिगत अधिकारी हैं।)**

### काशी में 100 करोड़ से 20 साल में तैयार हुआ 7 मंजिला मंदिर

# 17-18 को स्वर्वेद महामंदिर का उद्घाटन करेंगे मोदी

आजाद सिपाही संवाददाता

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 और 18 दिसंबर को वाराणसी में रहेंगे। पीएम बनने के बाद काशी का यह उनका 43वां दौरा है। पीएम का यह दौरा निजी तौर पर भी उनके लिए बेहद अहम है। क्योंकि, पीएम यहां स्वर्वेद विहंगम योग संत समाज द्वारा निर्मित स्वर्वेद महामंदिर का इनॉगरेशन करेंगे। दावा किया जा रहा है कि यह दुनिया के सबसे बड़े मेडिटेशन सेंटर है। महामंदिर के 100वें वार्षिकोत्सव में शामिल होंगे।

### 18 को 3 लाख लोगों को संबोधित करेंगे पीएम

पीएम गेस्ट हाउस से 18 दिसंबर की सुबह हेलिकॉप्टर से उमरहां पहुंचेंगे। यहीं, स्वर्वेद महामंदिर का निर्माण हुआ है। पीएम इसका लोकार्पण करके लोगों से संवाद करेंगे। स्वर्वेद के उद्घाटन समारोह में 3 लाख लोग जुटेंगे। उत्तर प्रदेश के अलावा गुजरात, मध्य प्रदेश, बिहार से बड़ी संख्या में अनुयायी पहुंच रहे हैं। इसके अलावा, कई देशों इटली, जर्मनी, कनाडा, सिंगापुर, मलेशिया, इंडोनेशिया और अमेरिका से भी श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

### 20 साल से बन रहा स्वर्वेद महामंदिर

चिराग पटेल ने बताया कि स्वर्वेद महामंदिर 20 साल से बना रहा है। 3 लाख वर्ग फीट क्षेत्र में श्वेत मकराना संगमरमर से तैयार होने वाले नक्काशीदार गुलाबी सैंडस्टोन बनाया गया है। इसमें 9 कमल हैं। जो स्वर्वेद के सिद्धांत के अनुसार हैं। इसमें बड़े कमल में 125 पत्तियां हैं। स्वर्वेद जो ग्रंथ हैं, उसके ऊपर स्वामी सदाफल महाराज ने 17 साल साधना करके हिमालय की गुफा में इसकी रचना की थी, जो दोहे उन्होंने ध्यान में देखे उन पर ग्रंथ लिखा।











वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !












आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**